सूर्योदय 5:23 सूर्यास्त 7:13

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 20.8 न्यू | 31.7 अधि |
| धर्मशाला | 26.2 न्यू | 38.3 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74502.90 |
| निफ्टी | 22704.70 |
| सोना | 73,200 |
| चांदी | 96,381 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार




कोहली-रोहित के पास भारत को आईसीसी ट्रॉफी दिलाने का अंतिम मौका

पृष्ठ 14 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 30 मई, 2024 | 17 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 162, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


अनंत ज्ञान अपील: जागो प्यारे मतदाता! वोट हमारा अधिकार, न करें इसका बहिष्कार

## न्यूज शॉर्ट्स

### 'आप' विधायक जसवंत को नहीं मिली जमानत



**चंडीगढ़।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब से आम आदमी पार्टी के विधायक जसवंत सिंह को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस संजय करोल की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने जसवंत सिंह की याचिका पर ईडी को नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम बिना ईडी का पक्ष सुने अंतरिम जमानत नहीं दे सकते हैं। ईडी ने 40 करोड़ के बैंक फर्जीवाड़ा के मामले में मनी लांड्रिंग कानून के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

### राजद्रोह मामले में शरजील को जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को जेएनयू के पूर्व छात्र और स्टूडेंट एक्टिविस्ट शरजील इमाम को 2020 के सांप्रदायिक दंगों से जुड़े राजद्रोह मामले में जमानत दे दी। शरजील को जनवरी 2020 में दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वह तब से जेल में बंद है। ट्रायल कोर्ट ने 17 फरवरी को शरजील को वैधानिक जमानत देने से इनकार कर दिया था, जिसके खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचा था।

### बिभव की जमानत याचिका पर कल होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पीए बिभव कुमार की हाईकोर्ट में दाखिल की जमानत याचिका पर 31 मई को सुनवाई होगी। ट्रायल कोर्ट ने 27 मई को जमानत देने से इनकार कर दिया था। बिभव पर 'आप' सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट का आरोप है।

### बलूचिस्तान में सड़क हादसे में 28 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बलूचिस्तान के वाशुक जिले में बुधवार सुबह एक यात्री बस के खाई में गिरने से महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में लगभग 22 लोग घायल हुए हैं। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने दुर्घटना पर शोक जताया और घायलों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

### पंजाब में ईडी की छापेमारी 3.5 करोड़ रुपए किए जब्त

**चंडीगढ़।** पंजाब में बुधवार को ईडी ने खनन माफिया के एक दर्जन से अधिक स्थानों पर रेड डाली। इस दौरान ईडी ने तीन करोड़ रुपए और दस्तावेज बरामद किए हैं। ईडी के अधिकारियों ने जब्त की जमीनों पर खनन होने की जानकारी के बाद पंजाब के रूपनगर और होशियारपुर जिले में छापेमारी की। जिस जमीन पर अवैध खनन हो रहा था, वह जमीन ड्रग स्मगलिंग से जुड़े जगदीश सिंह उर्फ भोला के मनी लांड्रिंग की जांच के दौरान सामने आई थी, जिसे जब्त कर लिया था। इसके बाद यहां अवैध खनन शुरू हो गया।

### न्यू मैक्सिको के अल्बुकर्क में सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त

**वॉशिंगटन।** न्यू मैक्सिको के अल्बुकर्क एयरपोर्ट पर अमेरिका का फाइटर जेट एफ-35 क्रैश हो गया है। इस हादसे में पायलट घायल हुआ है। अमेरिकी रक्षा विभाग के अधिकारी ने कहा कि यह जेट अल्बुकर्क से 1100 किलोमीटर दूर दक्षिणी कैलिफोर्निया में एडवर्ड्स वायुसेना बेस के रास्ते में था। किर्टलैंड वायुसेना बेस पर ईंधन भरने के बाद यह हादसा हुआ।

### रुद्र एम-2 मिसाइल का सफल परीक्षण



**नई दिल्ली।** डीआरडीओ की ओर से ओडिशा तट से एसयू-30 एमके-आई से हवा से सतह पर मार करने वाली रुद्रएम एम-2 मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को सुबह 11:30 बजे ओडिशा के तट पर भारतीय वायु सेना के एसयू-30 एमके-1 प्लेटफॉर्म से हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।

# हिमाचल में रिकॉर्डतोड़ गर्मी, बुधवार सबसे गर्म दिन

## हमीरपुर के नेरी में 46.3 और ऊना में 46.0 डिग्री तापमान, शिमला में पारा 11 साल बाद पहुंचा 31.7 डिग्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में प्रचंड गर्मी ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। प्रदेश में बुधवार सबसे गर्म दिन रहा। हमीरपुर के नेरी में 46.3 और ऊना में पहली बार अधिकतम तापमान 46.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले 23 मई 2013, 21 जून 2005 और 10 जून 2019 को ऊना में अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। लू चलने से प्रदेश के नौ शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया।

शिमला में 2012 के बाद 11 साल बाद पहली बार अधिकतम तापमान 31.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। बिलासपुर, हमीरपुर, कुल्लू, मंडी, कांगड़ा, सिरमौर और ऊना जिले में भीषण गर्मी का प्रकोप रहा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने वीरवार को मैदानी व कम ऊंचाई वाले क्षेत्रों में लू चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। 30 मई से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने पर गर्मी से कुछ राहत मिलने के आसार हैं। 30 मई से 4 जून तक प्रदेश के कई क्षेत्रों में बारिश और अंधड़ चलने की संभावना जताई है।

**गर्मी से हाय-तौबा**

नौ शहरों में 40 डिग्री से ऊपर तापमान रहा

मैदानी क्षेत्रों के लिए येलो अलर्ट



### पहाड़ों का रुख कर रहे पर्यटक

**मैदानी** क्षेत्रों में ज्यादा गर्मी पड़ने के चलते पर्यटक पहाड़ी क्षेत्रों का रुख कर रहे हैं। शिमला की अगर बात की जाए तो यहां पर सभी होटल पैक हो गए हैं। होटलों में 70 से 80 प्रतिशत की ऑक्यूपेंसी पहुंच गई है। आने वाले दिनों में अगर गर्मी का क्रम जारी रहा तो पर्यटकों की संख्या इससे भी अधिक पहुंच जाएगी।

**बिलासपुर, हमीरपुर कुल्लू, मंडी, कांगड़ा सिरमौर और ऊना जिले में पड़ रही भीषण गर्मी**

### छह जिलों में स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र बंद

गर्मी के चलते बिलासपुर, कांगड़ा, चंबा और सिरमौर जिले में वीरवार और शुक्रवार को सभी सरकारी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहेंगे। वहीं, सोलन और हमीरपुर जिले में सभी स्कूल 30 मई से 4 जून तक बंद रहेंगे।

**अधिकतम तापमान**

| | |
|---|---|
| नेरी | 46.3° |
| ऊना | 46.0° |
| बिलासपुर | 44.5° |
| हमीरपुर | 43.8° |
| धौलाकुआं | 43.2° |
| बरठीं | 42.4° |
| कांगड़ा | 41.6° |
| सुंदरनगर | 40.5° |
| मंडी | 41.0° |
| बजौरा | 39.3° |
| नाहन | 39.3° |
| चंबा | 38.5° |
| धर्मशाला | 38.3° |
| सोलन | 38.0° |
| शिमला | 31.7° |
| मनाली | 28.8° |

# झूठी गारंटी देना कांग्रेस की पुरानी आदत : गडकरी

## कहा- देश की अर्थव्यवस्था को तीसरे स्थान पर लाने का संकल्प

**अनंत ज्ञान, बंगाणा/कुल्लू**

**केंद्रीय** मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कुटलैहड़ के टक्का और कुल्लू के आनी में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस ने झूठी गारंटियों के सहारे सत्ता हासिल की थी। झूठ की राजनीति और झूठ की गारंटी देना कांग्रेस की पुरानी आदत है। कांग्रेस एक भी गारंटी पूरी नहीं कर पाई है।

कुटलैहड़ की जनता समझदार है और इस बार झूठी गारंटियों के लालच में नहीं आएगी। केंद्र सरकार ने बीते दस साल में 24 करोड़ परिवारों को पक्के मकान दिए हैं। देश का हर परिवार स्वरोजगार से जुड़कर आर्थिकी मजबूत करेगा, उस दिन मोदी सरकार का सपना साकार होगा। कांग्रेस के 60 वर्ष और मोदी सरकार के दस वर्ष का कार्यकाल बराबर रहा है और मोदी सरकार ने हिमाचल में विकास के लिए हजारों करोड़ की धनराशि उपलब्ध करवाई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में तीसरे स्थान पर लाने का संकल्प है। इस मौके पर विधायक सतपाल सत्ती, पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, बलबीर चौधरी, बलराम बबलू आदि मौजूद रहे।

**कुटलैहड़ के टक्का में जनसभा में बोला हमला**

### हिमाचल में सड़कों का बिछाया जाल

**अटल** सरकार के समय हिमाचल के तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रो. धूमल ने अटल टनल और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 209 सड़कों की मंजूरी लेकर हिमाचल में हर गांव तक सड़क सुविधा देने का काम किया था। हमारा ध्येय राज्य को विकास का मॉडल बनाना है और हमने दस वर्ष में कांग्रेस की तुलना में 108 प्रतिशत वृद्धि करके देश के साथ हिमाचल के सड़कों का जाल बिछाया है।

### कांग्रेस करती है द्वेष की भावना से राजनीति

**गडकरी** ने कहा कि अटल टनल, 100 से ज्यादा नेशनल हाईवे, 2256 करोड़ सड़कों को खोलने के लिए और सड़कों की मरम्मत के लिए करीब तीस सौ करोड़ अलग स्वीकृत किए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सिर्फ राजनीतिक द्वेष की भावना से राजनीति करती रही है।



कुटलैहड़ के टक्का में जनसभा के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, सतपाल सत्ती, वीरेंद्र कंवर, देवेंद्र भुट्टो व अन्य नेता।

### नई तकनीकों से बनाई जाएगी जलोड़ी टनल

**गडकरी** ने कहा कि एनएच-305 और जलोड़ी टनल की क्लीयरेंस मिलते ही रिकॉर्ड समय पर इसे जनता को समर्पित करेंगे। वैज्ञानिक नई तकनीकों से टनल का कार्य करेंगे, ताकि पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। हिमाचल में अच्छी गुणवत्ता के सेब तैयार कर बागवानों की आर्थिकी को मजबूत किया जाएगा। जलोड़ी टनल की डीपीआर बन रही है, क्लीयरेंस मिलते ही टनल तैयार की जाएगी।

# मोदी सरकार की नीतियों से देश में बढ़ी बेरोजगारी: प्रियंका

## महंगाई और बेरोजगारी की नहीं करते बात, धर्म पर मांगते वोट

**अनंत ज्ञान टीम, कुल्लू/सुंदरनगर**

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को कुल्लू के ढालपुर मैदान और सुंदरनगर में न्याय संकल्प रैलियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी पर हमला बोला।

प्रियंका गांधी ने भगवान रघुनाथ, बिजली महादेव और अठारह करडू की जय से भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री चुनाव के समय जनता के बीच आते हैं और आपदा, महंगाई, बेरोजगारी की बात नहीं करते। उल्टा धर्म की बात करके वोट मांगते हैं। जहां छापे मारे, उनसे चंदा लिया। केस ठंडे बस्ते में डाल दिए। छापे बंद हो गए। यह इनकी ईमानदारी और सभ्यता है। किसान आंदोलन करते हैं तो उनका बिजली-पानी बंद किया जाता है, उन्हें आतंकवादी कहा जाता है। बोलने वालों को जेल में डाला जा रहा है। प्रियंका ने कहा कि देश के अंदर 45 साल में सबसे अधिक बेरोजगारी है। यह सब मोदी सरकार की नीतियों से हुआ है। पिछले साल हिमाचल में आपदा आई, लेकिन केंद्र ने इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं किया, जबकि मोदी हिमाचल को अपना दूसरा घर बताते हैं। केंद्र ने हिमाचल में कांग्रेस की सरकार होने के कारण राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं की।

प्रियंका ने मंडी-कुल्लू संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में वोट मांगे और उन्हें जिताने की अपील की।

### जानबूझ कर अमेरिकी सेब पर टैक्स कम किया

**प्रियंका** ने कहा कि खेती के सारे उपकरण आज महंगे हो गए हैं। किसान पर जीएसटी थोपा जा रहा। जानबूझ कर अमेरिकी सेब पर टैक्स कम किया गया। देश में सब नीतियां खरबपतियों के लिए बन रही हैं। पुरानी पेंशन पर केंद्र सरकार पीछे हट गई। राज्य सरकार ने ओपीएस लागू किया, लेकिन केंद्र ने एनपीएस का पैसा देने से मना कर दिया।



जनसभा के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और पार्टी प्रत्याशी विक्रमादित्य।

# केजरीवाल को दो जून को करना होगा सरेंडर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट की रजिस्ट्री ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत एक हफ्ते और बढ़ाने की मांग वाली याचिका स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

अब केजरीवाल को दो जून को सरेंडर करना होगा। सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री ने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने पर फैसला पहले ही सुरक्षित रखा जा चुका है। नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जाने की अनुमति भी दी है, इसलिए यह अर्जी सुनवाई योग्य नहीं है।

### सुनीता केजरीवाल की भी बढ़ी मुश्किलें

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और अन्य के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें अदालत के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग नियमों का उल्लंघन करने के लिए कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में वकील वैभव सिंह ने आरोप लगाया कि 28 मार्च को दिल्ली चीफ मॉन्स्टर को ट्रायल कोर्ट में पेश किया तो सुनीता और अन्य ने ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही को अवैध रूप से रिकॉर्ड किया।

### आजम खां और बरकत अली दोषी करार, कोर्ट आज सुनाएगा सजा

**रामपुर।** रामपुर के डूंगरपुर बस्ती केस के एक और मामले में सपा नेता आजम खां और ठेकेदार बरकत अली को कोर्ट ने दोषी करार दिया है। इन दोनों को वीरवार को सजा सुनाई जाएगी। आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर में रहने वाले लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में अलग-अलग 12 मुकदमे दर्ज कराए थे। इसमें से तीन मुकदमों में फैसला आ चुका है। दो मामलों में सपा नेता बरी हो चुके हैं, जबकि एक मामले में सपा नेता को सात साल कैद की सजा सुनाई जा चुकी है। सपा नेता फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं।

# कांग्रेस आरक्षण और संविधान पर फैला रही भ्रम : अनुराग

## कहा- कांग्रेस एससी/एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीनना चाहती है, हम ऐसा होने नहीं देंगे

**अनंत ज्ञान टीम, टौणीदेवी/भरेड़ी**

**केंद्रीय** मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को भोरंज विधानसभा क्षेत्र के जाहू और टौणी देवी में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस धर्म के आधार पर एससी/एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहती है, लेकिन भाजपा ऐसा होने नहीं देगी।

हमें धर्म के आधार पर आरक्षण कभी भी स्वीकार नहीं है। आरक्षण और संविधान के बारे में कांग्रेस की ओर से फैलाया जा रहा भ्रम बिलकुल निराधार और बेबुनियाद है। इस बार 400 पार और हिमाचल में चारों सीटों पर भाजपा काबिज होगी। अनुराग ने कहा कि हमने ओबीसी कमीशन को संवैधानिक दर्जा दिया। आज हमारी सभी योजनाओं के प्रमुख लाभार्थी एसटी/एससी और ओबीसी समुदाय के लोग हैं। एससी/एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पहले भी था, आज भी है और आगे भी रहेगा। कांग्रेस आज चुनाव लड़ने से भागती नजर आ रही है और उसके कई बड़े नेता चुनाव नहीं लड़ना चाह रहे। चुनावी लहर भाजपा के पक्ष में देखकर मुख्यमंत्री सुक्खू बौखलाहट में हैं। सुक्खू के बयान पर ऐतराज जताते हुए कहा कि वह कभी भी जिम्मेदार पद पर बैठे हुए व्यक्ति की तरह बात नहीं करते। सीएम आज तक छात्र राजनीति से ही ऊपर नहीं उठ पाए हैं। हर जनसभा में बार-बार झूठी बातें करके जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे उनकी बौखलाहट सामने दिख रही है।



अनुराग ठाकुर ने जाहू और टौणी देवी में जनसभाओं को संबोधित किया।

**नियुक्ति** सीजेआई के 10 नवंबर को रिटायर होने के बाद किसी का 36 तो किसी का 27 माह का कार्यकाल

# चंद्रचूड़ के बाद 7 साल में होंगे 8 सीजेआई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ इसी साल 10 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। उन्होंने देश के 50वें सीजेआई के रूप में 9 नवंबर 2022 को पदभार संभाला था। उनका कार्यकाल दो साल का रहने वाला है। उनके बाद जस्टिस संजीव खन्ना देश के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे।

हालांकि, वह छह महीने बाद ही रिटायर हो जाएंगे। इनके बाद भी कई चीफ जस्टिस होंगे, जो छह महीने से पहले ही रिटायर हो जाएंगे। इस तरह अगले सात साल में देश को कुल आठ मुख्य न्यायाधीश मिलने जा रहे हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ के बाद जस्टिस संजीव खन्ना 11 नवंबर, 2024 को देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे। जस्टिस खन्ना के बाद जस्टिस बीआर गवई देश के अगले मुख्य न्यायाधीश बनेंगे। इनके बाद जस्टिस सूर्यकांत सीजेआई बनेंगे। जस्टिस सूर्यकांत की सेवानिवृत्ति के बाद जस्टिस विक्रम नाथ देश के 54वें सीजेआई होंगे। इनके बाद बीवी नागरत्ना देश की मुख्य न्यायाधीश बनेंगी। जस्टिस नागरत्ना के बाद जस्टिस पीएस नरसिम्हा देश के 56वें, जस्टिस जेबी पारदीवाला 57वें मुख्य न्यायाधीश बनेंगे। वह 3 मई 2028 को इस पद की शपथ लेंगे। उनका कार्यकाल दो साल 3 महीने का होगा। वह 11 अगस्त 2030 तक देश के मुख्य न्यायाधीश बने रहेंगे। आठ जजों की मौजूदा सूची में वह अकेले ऐसे जज हैं, जिनका कार्यकाल सबसे लंबा होगा। जस्टिस पारदीवाला के बाद जस्टिस विश्वनाथन देश के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। वह 12 अगस्त 2030 को इस पद की शपथ लेंगे। उनका कार्यकाल 9 महीने से ज्यादा होगा।



### बीएसएफ ने बॉर्डर पर पकड़ी छह करोड़ की हेरोइन



**अमृतसर।** भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर हेरोइन की तस्करी का सिलसिला लगातार जारी है। बीएसएफ अमृतसर सेक्टर की टीम ने सीमावर्ती रोड़ा वाला खुर्द गांव और रतन खुर्द में बुधवार सुबह 2 ड्रोन जब्त किए हैं, जिनके साथ एक-एक पैकेट हेरोइन बरामद की गई है। जब्त की गई हेरोइन की कीमत लगभग 6 करोड़ रुपए के करीब है। एक पैकेट के साथ-7 इल्यूमिनेशन राउंड भी जब्त किए गए हैं।







# अनंत चुनावी बिसात




## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल : *editoranantgyaan @gmail.com* पर भेज सकते हैं।

यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबरः 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

# लोकसभा चुनाव 2019: हमीरपुर के सभी विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा अव्वल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

पिछले लोकसभा चुनावों में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में लीड के अंबार में कांग्रेस का कुनबा जिस तरीके से चकनाचूर हुआ था। जसवां प्रागपुर में भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर को सबसे ज्यादा 29174 वोटों की लीड मिली थी। यह लीड हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सभी 17 विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा थी। सबसे कम लीड 10833 नैना देवी विधानसभा क्षेत्र में रही थी। दिलचस्प यह था कि 17 के 17 विधानसभा क्षेत्र में भाजपा को बढ़त हासिल हुई थी। धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में 27623 मतों की बढ़त मिली थी।

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र आमतौर पर भाजपा के शिकंजे में रहा है। कांग्रेस तो केवल यहां पर चुनाव लड़ती आई है जीतने का दारोमदार यहां के वोटरों ने भाजपा के हवाले ही रखा है, लेकिन भाजपा को तब कांग्रेस से चुनौती लायक कुछ भी नहीं था, लेकिन इस बार कांग्रेस के भीतर के हालात अलग हैं। इस संसदीय सीट पर खुद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की मौजूदगी है। (अनंत ज्ञान)

### बड़े नेता तय करेंगे लीड

**इस** बार क्योंकि कांग्रेस ने उम्मीदवार ऊना जिले से सतपाल रायजादा के रूप में उतारा है। जब-जब भी ऐसा हुआ तो परिस्थितियां अलग हुईं। अब प्रतिष्ठा कांग्रेस के बड़े नेताओं की भी लीड के हेर फेर में जुड़ी हुई है और भाजपा को अपने परंपरागत क्षेत्र से बड़े अंतर की बढ़त वैसे ही दिखने की उम्मीद है।

### कहां-कहां है बड़ी चुनौती

**मुख्य** रूप से जिन-जिन विधानसभा क्षेत्र में इस बार आमने-सामने के नेताओं को चुनौती है, उसमें नादौन, धर्मपुर, हरोली, जसवां प्रागपुर तो शामिल है ही विधानसभा के जहां-जहां चुनाव हो रहे, उनके क्षेत्र में भी भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए चुनौतियां हैं। सुजानपुर, बड़सर, कुटलैहड़ और गगरेट के नाम खास है। यहां पर उपचुनाव भी हो रहा है।

### 2019 में जीत का अंतर

2019 के लोस चुनाव में अनुराग ठाकुर के सामने कांग्रेस के रामलाल ठाकुर थे। अनुराग को यहां 6,82,692 कुल मत पड़े थे। तो उनकी 3,99,572 लीड थी। उनका 69 फीसदी वोट शेयर था। कांग्रेस के रामलाल ठाकुर को कुल 2,83,120 मत पड़े थे। उनका 29 फीसदी वोट शेयर था।

### विधानसभा क्षेत्र व जीत का अंतर

हमीरपुर 24268, बड़सर 24166, नादौन 27344, भोरंज 27517, सुजानपुर 25038, चिंतपूर्णी 19394, गगरेट 22255, हरोली 14921, ऊना 24587, कुटलैहड़ 27227, श्री नैनादेवी 10833, झंडुता 18140, घुमारवीं 20187, बिलासपुर 18206, देहरा 26665, जसवां प्रागपुर 29174, धर्मपुर 27623।

| वर्ष | उम्मीदवार का नाम | पार्टी | वोट | लीड | वोट शेयर प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 2019 | अनुराग सिंह ठाकुर | भाजपा | 6,82,692 | 3,99,572 | 69 |
| | राम लाल ठाकुर | कांग्रेस | 2,83,120 | | 29 |
| 2014 | अनुराग ठाकुर | भाजपा | 4,48,035 | 98,403 | 54 |
| | राजिंद्र राणा | कांग्रेस | 349,632 | | 42 |
| 2009 | अनुराग ठाकुर | भाजपा | 3,73,598 | 72,732 | 53 |
| | नरेंद्र ठाकुर | कांग्रेस | 3,00,866 | | 43 |
| 2004 | सुरेश चंदेल | भाजपा | 3,13,243 | 1,615 | 48 |
| | ठाकुर राम लाल | कांग्रेस | 3,11,628 | | 48 |
| 1999 | सुरेश चंदेल | भाजपा | 3,36,172 | 1,29,247 | 61 |
| | ठाकुर राम लाल | कांग्रेस | 2,06,925 | | 37 |
| 1998 | सुरेश चंदेल | भाजपा | 3,19,631 | 77,909 | 50 |
| | मेजर जनरल विक्रम सिंह | कांग्रेस | 2,41,722 | | 38 |
| 1996 | मेजर जनरल विक्रम सिंह | कांग्रेस | 2,43,039 | 15,113 | 49 |
| | प्रेम कुमार धूमल | भाजपा | 2,27,926 | | 46 |
| 1991 | प्रेम कुमार धूमल | भाजपा | 2,05,970 | 3,738 | 46 |
| | नारायण चंद पराशर | कांग्रेस | 2,02,232 | | 45 |
| 1989 | प्रेम कुमार धूमल | भाजपा | 2,37,429 | 31,575 | 49 |
| | नारायणचंद पराशर | कांग्रेस | 2,05,854 | | 42 |

## चुनावी चुटकी

### सामान नहीं मिला है



**मुझे** न तो इस बार सामान मिला और न ही किसी ने पूछा है। सामान मिल जाता तो मैं पक्का उसका साथ दे देता। उसने पिछली बार सामान भी दिया था और मैंने उसका साथ भी दिया था। अब उसने तो जो सामान दिया था उसके कारण ही तो आसमान छूआ था। आसमान से अब उसे शायद धरती के पुराने साथी भूल गए हैं। अब फिर से मौका है और उसने दिया अब धोखा है। सामान के इंतजार में अब अपना खर्चा उठाना पड़ रहा है। पहले सात दिन तक का कोटा भी मिल जाता था, अब तो तीन दिन का भी नहीं दिया है। अब क्यों सामान नहीं पहुंचा है यह पता नहीं है। ऐसे ही वे क्यों उसका साथ देंगे, लेकिन अगर किसी दूसरे ने भी सामान नहीं दिया तो सोचना पड़ेगा। हमें यह व्यक्ति अपनी दास्तान सुना रहा था। एक बस अड्डे के आसपास खड़ा था और हमने उसकी राय लेने के लिए बात शुरू क्या की उसने तो अपनी दास्तान सुनानी शुरू कर दी। बड़ी मुश्किल से उससे पीछा छुड़ाया। अंत तक यह बोलता रहा कि पक्का आपको उसने ही भेजा होगा, सामान कहां है? पहले तो हमें कुछ समझ ही नहीं आ रहा था, लेकिन तभी रौनकी ताऊ भी बगल की दुकान से चाय की चुस्की लेते लेते वहां आ पहुंचे। उन्होंने पूछा कि परेशान क्यों हो। ताऊ को हाल बताया तो ताऊ समझ गया। अब बेगाने इलाके का हमें क्या पता कि कौन सामान देने जा रहा है या देता रहा है। क्या सामान है और सामान कोई किसी को क्यों देगा? रौनकी ताऊ ने हमारी शंका दूर कर दी। ताऊ ने कहा चुनावी माहौल में सामान का अर्थ आपको समझाना कठिन है, यह सियासी खिलाड़ी की भाषा है। **–राजेश शर्मा**

### चारों ओर आग ही आग



**इतनी** आग कौन उगल रहा है कि हर तरह का पारा लगातार ऊपर चढ़ रहा है। अब सियासी नेताओं ने भी तप से सिद्धियां प्राप्त कर ली हैं कि एक के बाद एक अग्निबाण छोड़े जा रहे हैं। सियासी पारा इतना चढ़ा है तो सूर्य देवता भी मुकाबला तो करेंगे ही। अब इसमें सूर्य देव का क्या कसूर है। जंगली आग से भी आगे नेताओं की ओर से इतनी भयंकर भाषणबाजी हो रही है तो वातावरण में उसका असर तो होगा ही। मंडी से अग्निअस्त्र चल रहा है तो ऊना से वाक अस्त्र छोड़ा जा रहा है। ऊना में एक बड़ी रैली में जिस तरह से मंच से आग बरस रही थी, उससे तापमान में उछाल आना ही था। अब आज फिर से ऊना में एक मंच आग छोड़ी गई, जिससे सियासी पारा आसमान तक पहुंच गया। इस आग में अब आम आदमी ने ही झुलसना है। नेताओं के लिए तो वातानुकूलित व्यवस्था की गई थी, लेकिन मंच के आगे बैठी भीड़ नेताओं और आसमान के पारे को न चाहते हुए भी सहन कर रही थी। सूर्य देव भी सियासी नेताओं को अपना प्रभाव दिखाने पर उतारु हैं। मंडी जैसे इलाके में जहां माहौल ठंडा होता है वहां भी पारा ऊपर आ गया है। वहां कई कुछ मुरझा गया है। अब ऊना के लोग गर्मी की तपस सहन करने के आदि हैं, लेकिन सूर्य देव ने उनकी भी हवा निकाल दी है। नेताओं की भाषा में पारा 40 तक पहुंचा है तो सूर्य ने 46 तक पहुंचाकर करारा जवाब दिया है। रौनकी ताऊ का कहना है कि पहली जून के बाद मौसम शांत हो जाएगा। चार जून के बाद पता चलेगा कि गर्मी बढ़ने वाली है या मौसम में बदलाव होगा।

# राजेंद्र राणा ने लालच में बेचा ईमान : सुक्खू

## मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ बोला जुबानी हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



सुजानपुर में जनसभा के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते सीएम सुक्खू।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राजेंद्र राणा ने अपना ईमान बेचा इसलिए सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव हो रहा है। बिकाऊ राजेंद्र राणा कमल खरीद उम्मीदवार हैं। उनसे जनता को पूछना चाहिए कि 14 महीने बाद क्यों दोबारा चुनाव की जरूरत पड़ गई। अब आकर जनता में रो रहे हैं और कह रहे कि सम्मान नहीं मिला, काम नहीं हुए, मैं बताता हूं सुजानपुर में बड़े काम हुए और बिकाऊ विधायक को सम्मान नहीं, भाजपा के सामान से भरा ब्रीफकेस चाहिए था।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार देर शाम पसतल, कुठेड़ा व पटलांदर में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बिकाऊ विधायक को सबक सिखाएं, उन्हें घर का मुख्यमंत्री नहीं चाहिए, इसलिए वह सरकार गिराने की कोशिश के मुख्य सूत्रधार रहे। अब वह दोबारा चुनाव लड़ रहे हैं और जीतने के लिए तरह-तरह के प्रपंच रच रहे हैं। वह खूब पैसा बांट रहे हैं, अगर आपको देने की कोशिश करें तो डबल लें और वोट कांग्रेस को दें। हमीरपुर जिले और निचले हिमाचल को कांग्रेस से पहली बार मुख्यमंत्री मिला है। सुजानपुर की जनता एक बार मुख्यमंत्री खोकर बड़ी गलती कर चुकी है। यह चुनाव मुख्यमंत्री की कुर्सी या सरकार का नहीं है, बेईमान व ईमानदार के बीच है। लोकतंत्र और वोट की ताकत को बचाने के लिए भी यह चुनाव हो रहा है। सुजानपुर की जनता ईमानदार कैप्टन रणजीत को वोट दे। भाजपा के ईमानदार कार्यकर्ता भी बिकाऊ राणा को वोट नहीं देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिकाऊ को टिकने न दें, क्योंकि यह चुनाव भविष्य की राजनीति की दशा व दिशा तय करेगा।

4 जून को चुनाव परिणाम आने के बाद कोई भी चुना विधायक और भाजपा खरीद-फरोख्त की हिम्मत नहीं जुटा पाए। प्रदेश में साढ़े तीन साल तक कांग्रेस की सरकार है, कैप्टन रणजीत के साथ मिलकर मैं भी आपके लिए विधायक की तरह काम करूंगा। अभी तो चुनाव का समय है, बाद में फिर आऊंगा और क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

### नादौन के विकास में भाजपा का कोई योगदान नहीं

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में धुंआधार चुनाव प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने किटपल, भवडां, कलूर, कोहला, मझियार, कांगू, बटराण, चिलिय्यां, जलाड़ी, बेला, नादौन व सेरा में नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नादौन के विकास में भाजपा का कोई योगदान नहीं है। कांग्रेस पार्टी और मैंने इस क्षेत्र को बुलंदियों पर पहुंचाया है। नादौन का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर है। बीते पांच साल नादौन में विकास कार्य ठप रहे, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने मेरे क्षेत्र की सुध नहीं ली। भाजपा कोई नया प्रोजेक्ट नहीं लाई, जो पूर्व में मंजूर विकास कार्य थे वे भी रोक दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिकाऊ विधायक पहली बार निचले हिमाचल से बने कांग्रेस के मुख्यमंत्री को हटाने के लिए एक महीने तक लगे रहे। धनबल का खूब खेल खेला, लेकिन जिसके साथ जनता की ताकत, भगवान और पार्टी हाईकमान का आशीर्वाद हो, उसे बिके हुए लोग नहीं हटा सकते। भाजपा व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम जितनी कोशिश कर लें, कांग्रेस सरकार पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी। भाजपा के मुंगेरी लाल के हसीन सपने कभी पूरे नहीं होंगे। जोलसप्पड़ मेडिकल कॉलेज को लेकर झूठ बोलने में भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर को शर्म भी नहीं आ रही। उन्हें अपनी जानकारी दुरुस्त करनी चाहिए। यह कॉलेज मैंने कांग्रेस अध्यक्ष रहते 3 मार्च,2014 को 179 करोड़ रुपए के बजट सहित मंजूर करवाया था। भाजपा की केंद्र में सरकार तो मई, 2014 में बनी। कॉलेज की स्वीकृति से जुड़ा सारा रिकॉर्ड तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री विपिन परमार विधानसभा के सदन पटल पर रख चुके हैं। अनुराग को मेडिकल कॉलेज से जुड़े तथ्य विधानसभा से और आरटीआई के जरिये जुटा लेने चाहिए।

# गडकरी ने दी एक लाख करोड़ की सड़कों की गारंटी : जयराम



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ पूर्व सीएम जयराम व अन्य पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान, आनी**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि अब हिमाचल में विकास की रफ्तार नहीं रुकने वाली है। आने वाले समय में हिमाचल में सड़कों, फोरलेन, सुरंगों और पुलों का जाल बिछने वाला है। यह नरेंद्र मोदी की गारंटी है, जिसे हम लोगों के बीच हमारे हाईवे मैन नितिन गडकरी ने स्वयं दी है, आने वाले समय में हिमाचल में एक लाख करोड़ रुपए की सड़क परियोजनाएं चल रही होंगी। यह बात उन्होंने बुधवार को कुल्लू जिले के आनी में आयोजित जनसभा में कही।

उन्होंने कहा कि आज चंडीगढ़ से मंडी और शिमला पहुंचने में तीन घंटे से कम समय लगता है। चंडीगढ़ से मनाली पहुंचने में 5 घंटे का समय लग रहा है। यह हमारे प्रधानमंत्री और परिवहन मंत्री के कठिन परिश्रम से संभव हो पाया है। आने वाले समय में यह काम और तेज गति से होने वाला है। इसके लिए नरेंद्र मोदी को चार सौ से ज्यादा सीटों से प्रधानमंत्री बनाना है।

## प्रदेश सरकार करने जा रही कर्मचारियों की पेंशन में बड़ी कटौती : जयराम ठाकुर

**मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर बड़ा आरोप लगाया है। मंडी में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार लोकसभा चुनावों के बाद ओपीएस की राशि में बड़ी कटौती करने जा रही है। कर्मचारियों को अभी रिटायरमेंट पर मिलने वाली सैलरी का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलता है, लेकिन अब सरकार सिर्फ 30 प्रतिशत देने पर मुहर लगाने वाली है। पुख्ता जानकारी के मुताबिक इस संदर्भ में फाइल बनकर तैयार हो चुकी है और यह फाइल चीफ सेक्रेटरी के पास पहुंच भी गई है। कैबिनेट मीटिंग के लिए इस फाइल को एजेंडे में शामिल भी कर दिया गया है। चुनावों के बाद जो पहली कैबिनेट की मीटिंग होगी, उसमें इस पर मुहर लग जाएगी।

# जेपी नड्डा की लोकप्रियता से घबराए कांग्रेस नेता: बिंदल



**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेता जो हिमाचल में चुनावी रैलियों को संबोधित कर रहे हैं, उनसे पूछा कि डेढ़ साल पहले हिमाचल प्रदेश की जनता को जो झूठी गारंटियां परोसी थीं, उनका हिसाब हिमाचल की जनता मांग रही है और यह नेता दोबारा से और बड़ी-बड़ी नौटंकियां कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की लोकप्रियता से कांग्रेस के नेता पूरी तरह घबराए हुए हैं। प्रदेश की जनता अब इनके झूठ के पुलिंदे पर विश्वास करने वाली नहीं है। प्रदेश के मुख्यमंत्री घोषणा कर रहे हैं कि मेरा खजाना खाली है और कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता अरबों-खरबों रुपए की घोषणाएं करके जा रहे हैं। डॉ. बिंदल ने कहा कि प्रदेश की जनता से कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व को और प्रदेश के मुख्यमंत्री को माफी मांगनी चाहिए। जिन्होंने प्रदेश के मतदाता के साथ धोखा किया, छल किया, कपट किया एक बार नहीं लगातार कर रहे हैं।

# कांग्रेस की झूठी गारंटियों में आने वाली नहीं महिला शक्ति : लखनपाल

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**



बड़सर में भाजपा प्रत्याशी इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने कामगारों के बच्चों के साथ कुठाराघात किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने पूर्व भाजपा सरकार द्वारा कामगारों को मजबूत बनाने के लिए जिस कल्याण बोर्ड के माध्यम से उनके बच्चों की शिक्षा के लिए डेढ़ लाख रुपए दिए जाने का जो प्रावधान किया था, उसे बंद करके खुद को मजदूर विरोधी घोषित किया है।

मुख्यमंत्री महिलाओं खास तौर पर कामगार महिलाओं को 1500 रुपए का झांसा देकर उन्हें रिझाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन शायद मुख्यमंत्री यह नहीं जानते हैं कि घर और रसोई का बजट संभालने वाली प्रबुद्ध महिला शक्ति कितनी सशक्त और समझदार है। उन्होंने कहा प्रबुद्ध महिला शक्ति के शरीर मे बोझ उठाने की जितनी ताकत है, उससे ज्यादा ताकतवर उनका दिमाग है। वह झूठ और सच के बीच का फर्क भलीभांति जानती है।

# वोट की चोट से मिलेगा बिकाऊ विधायकों को सबक: जग्गी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

इस बार वोट की चोट से 6 बिकाऊ विधायकों को ऐसा सबक सिखाना है कि भविष्य में कोई भी विधायक प्रदेश की जनता से गद्दारी करने के बारे में सोच तक न सके। जनता तय कर चुकी है कि धनबल को सबक सिखाना है। धर्मशाला की जनता से दगा कर अपमानित करने वाले पूर्व विधायक से जनता अपना हिसाब बराबर करने के लिए आतुर है।

यह बात धर्मशाला से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी ने अपने जन संपर्क अभियान के दौरान कही। जग्गी ने चुनाव प्रचार को गति प्रदान करते हुए बुधवार को लोअर सुक्कड़, भटेहड़ शील्ला, कोतवाली बाजार, पास्सू-1, पास्सू-2 व तंगरोटी में जनसभाओं में भाग लेकर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भाजपा पुरानी पेंशन विरोधी है, भाजपा ने महिला सम्मान निधि को बंद करवाने की भी कोशिश की लेकिन उसे मुंह की खानी पड़ी। जग्गी ने कहा कि कांग्रेस सरकार कर्मचारी हितैषी है और पुरानी पैंशन को बहाल कर मौजूदा सरकार ने अपनी गारंटी को पूरा किया है।



समर्थकों के साथ कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सिंह जग्गी।

## विपक्षी गठबंधन की सरकार बनना तय : शशि थरूर



**धर्मशाला।** भाजपा आज के समय सबसे धनवान राजनीतिक दल है। भाजपा अपने धनबल से कांग्रेस सरकारों को गिराने और कांग्रेस नेताओं को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ती। केंद्र की मोदी सरकार ने गत वर्षों में देश के भाईचारे को समाप्त करने का कार्य किया है। जनता अब भाजपा के जुमलों को समझ चुकी है और विपक्षी गठबंधन की सरकार बनना तय है। यह बात सांसद एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता शशि थरूर ने धर्मशाला में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही। शशि थरूर कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के चुनाव प्रचार में भाग लेने यहां पहुंचे हैं।

**सियासत** चार लोकसभा सीटों के लिए 10 दलों के 46 उम्मीदवारों ने लड़ा चुनाव, भाजपा व कांग्रेस को मिली थीं दो-दो सीटें

# 10वीं लोकसभा में हिमाचल में 57.4 प्रतिशत वोटर्स ने किया था मतदान

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**




देश में दसवीं लोकसभा के लिए चुनाव वर्ष 1991 में संपन्न हुए। इन चुनावों में कुल 30,76,182 पात्र मतदाता थे, जिनमें से 17,66,549 मतदाताओं यानी 57.4 प्रतिशत ने ही चुनावों में शिरकत की। प्रदेश की चार लोकसभा सीटों के लिए 10 दलों द्वारा 46 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे गए थे, जिसमें भाजपा व कांग्रेस को दो-दो सीटें मिलीं, जबकि दो-दो सीटों पर दोनों ही दल दूसरे नंबर पर रहे।

कांग्रेस पार्टी को 8,08,659 यानी 46.2 प्रतिशत मत मिले, जबकि भाजपा को 7,49,726 यानी 42.8 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। जनता दल के चारों उम्मीदवार 1,22,556 यानी 7 प्रतिशत मत लेकर तीसरे स्थान पर रहे। आजाद उम्मीदवारों की संख्या 22 थी, जिन्हें केवल 1.4 प्रतिशत यानी 25,344 मत प्राप्त हुए। झारखंड पार्टी ने चारों सीटों पर चुनाव लड़ा। इस पार्टी को 22,619 यानी 1.3 प्रतिशत मत लेकर ही संतोष करना पड़ा। सीपीआई ने एक सीट पर ही चुनाव लड़कर 12,265 यानी 0.7 प्रतिशत मत हासिल किए। दूरदर्शी पार्टी द्वारा चारों सीटों पर चुनाव लड़ते हुए 7,633 यानी 0.4 प्रतिशत मत प्राप्त किए। भारतीय कांग्रेस (सोशलिस्ट) द्वारा एक सीट पर चुनाव लड़कर केवल 0.1 प्रतिशत यानी 1,303 मत प्राप्त किए। प्राउटिस्ट ब्लॉक (इंडिया) ने भी एक सीट पर जोर आजमाइश की और 0.1 प्रतिशत मत प्राप्त किए। जन परिषद द्वारा भी एक सीट पर चुनाव लड़कर मात्र 648 मत प्राप्त किए। विजयी उम्मीदवारों में हमीरपुर सीट पर भाजपा के प्रेम कुमार धूमल को कुल 7,99,292 में से 4,57,669 यानी 57.3 प्रतिशत मत प्राप्त हुए।

कांगड़ा सीट पर भी भाजपा के ही डीडी खनूरिया को कुल 7,66,840 में से 4,28,165 यानी 55.8 प्रतिशत मत मिले। मंडी सीट पर कांग्रेस के सुखराम को साथ 7,71,146 में से 4,72,705 यानी 61.3 प्रतिशत मत मिले। शिमला सीट पर भी कांग्रेस के ही कृष्ण दत्त को कुल 7,38,904 में से 4,08,015 यानी 55.2 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। (अनंत ज्ञान)

### 11वीं लोकसभा के लिए वर्ष 1996 में हुए थे आम चुनाव

**देश** में 11वीं लोकसभा के लिए वर्ष 1996 में आम चुनाव संपन्न हुए। इन चुनावों के लिए प्रदेश में कुल 35,36,517 पात्र मतदाता थे, जिनमें से 20,36,441 यानी 57.6 प्रतिशत मतदाताओं ने चुनावों में भाग लिया। प्रदेश में चार लोकसभा सीटों के लिए 14 दलों द्वारा 54 उम्मीदवार मैदान में उतारे गए, जिनमें से कांग्रेस के चारों उम्मीदवारों ने बाजी मारी। कांग्रेस पार्टी को 54.3 प्रतिशत यानी 10,97,007 मत प्राप्त हुए। भाजपा के चारों उम्मीदवार दूसरे स्थान पर रहे। इन्हें 39.6 प्रतिशत यानी 8,00,014 मत प्राप्त हुए। सीपीएम ने एक सीट पर चुनाव लड़कर तीसरा स्थान हासिल किया। जहां पर 30,742 यानी 1.5 प्रतिशत मत हासिल किए। समाजवादी पार्टी ने दो सीटों पर चुनाव लड़ा और एक सीट पर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस पार्टी को 14,480 यानी 0.7 प्रतिशत मत हासिल हुए। बसपा ने दो सीटों पर चुनाव लड़कर 13,879 यानी 0.7 प्रतिशत मत हासिल किए। राष्ट्रीय न्याय पार्टी ने भी दो सीटों पर चुनाव लड़ा और एक सीट पर तीसरा स्थान हासिल किया। इस पार्टी को 13,160 यानी 0.7 प्रतिशत मत हासिल हुए।

**सीपीआई** ने भी एक सीट पर चुनाव लड़कर तीसरा स्थान हासिल किया। इस पार्टी को 8,383 यानी 0.4 प्रतिशत मत हासिल हुए। भारतीय कांग्रेस (समाजवादी) ने तीन सीटों पर चुनाव लड़कर 8,048 यानी 0.4 प्रतिशत मत हासिल किए। अखिल भारतीय कांग्रेस (तिवारी) ने दो सीटों पर चुनाव लड़ा और 4,435 यानी 0.2 प्रतिशत मत हासिल किए। जनता दल ने एक सीट पर चुनाव लड़ा व 4,381 यानी 0.2 प्रतिशत मत हासिल किये। शिवसेना ने दो सीटों पर चुनाव लड़कर 2,241 यानी 0.1 प्रतिशत मत हासिल किए। झारखंड पार्टी ने भी एक सीट पर चुनाव लड़ा व 1,797 यानी 0.1 प्रतिशत मत हासिल किए। समता पार्टी ने एक सीट पर चुनाव लड़कर केवल 754 मत हासिल किए। कांग्रेस पार्टी के सभी विजयी उम्मीदवारों में हमीरपुर सीट पर विक्रम सिंह ने कुल 8,67,556 में से 4,99,881 यानी 57 प्रतिशत मत हासिल किए। कांगड़ा सीट पर सत महाजन ने कुल 8,75,520 में से 5,36,078 यानी 61.2 प्रतिशत मत हासिल किए। मंडी में सुखराम ने कुल 9,09,750 मतों में से 5,30,204 यानी 58.3 प्रतिशत मत हासिल किए। शिमला सीट पर केडी सुल्तानपुरी ने कुल 8,83,691 मतों में से 4,70,278 यानी 53.5 प्रतिशत मत हासिल किए।

# नड्डा-अनुराग डिसाइड कर लें एम्स किसने बनाया : रायजादा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर सबसे पहले यह डिसाइड कर लें कि बिलासपुर एम्स किसने बनाया है, उसके बाद श्रेय लेने की बात करें, क्योंकि एक नेता बोलता है कि एम्स मैंने बनाया, तो दूसरा करता है कि एम्स बिलासपुर लाने में मेरा मुख्य योगदान है।

यह बात कांग्रेस भवन में प्रेसवार्ता करते हुए हमीरपुर संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के इन दो नेताओं का हिमाचल के लिए कोई योगदान नहीं है। एम्स बिलासपुर पूर्व मुख्यमंत्री स्व. राजा वीरभद्र सिंह की देन है। वहीं, उन्होंने कहा कि भाखड़ा विस्थापितों के मुद्दे पर जेपी नड्डा व अनुराग ठाकुर बिलकुल भी बयान नहीं देते हैं, जबकि यह मुद्दा समस्त बिलासपुरवासियों का है।

उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई तो बिलासपुर और सोलन जिला में स्थित सीमेंट फैक्टरी को केंद्र सरकार के आदेशों पर बंद करवाने का कार्य भाजपा ने किया। इस विषय पर केंद्र के ये दो दिग्गज नेता कहलाने वाले कुछ भी नहीं कर पाए। इस विषय पर भी हिमाचल सरकार द्वारा हस्ताक्षेप किया गया और अंततः यहां पर फैक्टरी शुरू की गई। भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से प्रदेश की जनता भलिभांति जानती है और इसका जवाब इस बार लोकसभा चुनावों में मिलने जा रहा है। रायजादा ने प्रेसवार्ता में यह भी कहा कि जो नेता कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए हैं वह 15 करोड़ रुपए की डील के साथ फाइनल हुए हैं।

जागरूकता अभियान




सरकाघाट। कोट हटली पंचायत व आसपास के क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान 'स्वीप' के नोडल अधिकारी कर्मसिंह पराशर ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला।

घर से मतदान




सरकाघाट के कोट हटली में स्वीप कार्यक्रम के दौरान मतदाता लोगों को जागरूक करते हुए।

## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



जो विकास को धरातल पर लाएगा, उस सरकार को वोट किया जाएगा। जिस तरह नौकरी के लिए डिग्री और टेस्ट रखे गए हैं, वैसे ही नेता के लिए भी डिग्री आवश्यक योग्यता हो। सांसद नेता जो कोई भी हो पढ़ा-लिखा हो, जो जीतने के बाद जनता के बीच काम करे। ऐसा नहीं की जीतने के बाद सीधा वोट मांगने ही आए।
-वीरेंद्र शर्मा, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र



जो देश की समृद्धि और उन्नति सोचे ऐसा प्रधानमंत्री होना चाहिए। देश की गरीबी पर कंट्रोल होना बहुत जरूरी है, बेरोजगारी दूर की जाए और बेरोजगार भत्ता दिया जाए। शिक्षा का स्तर ठीक किया जाए और नौजवानों में बढ़ रही नशे की आदत पर सख्ती से विचार किया जाए।
-हर्षित, नाहन



युवा वर्ग बेरोजगारी से जूझ रहा है और बेरोजगारी की वजह से उसका भविष्य खराब हो रहा है, इसलिए युवा ऐसे सांसद को चुनना चाहते हैं जो बेरोजगारी को दूर करने का वादा करें और युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया करवाएं।
-अक्षय, हमीरपुर



ग्रामीण क्षेत्र के विकास को तरजीह देने वाले नेताओं को वोट दिया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर सृजित करने के साथ सड़क, बिजली और पानी जैसी सुविधाएं देने वाले नेताओं को वोट का अधिकार है। लोगों की समस्याओं को लोकतंत्र के मंदिर सांसद तक पहुंचाने का मादा रखने वाला नेता ही असल में वोट के अधिकारी है।
-कुनाल गर्ग, निवासी बेहड़ जसवां



क्षेत्र के विकास के लिए जो संसद में आवाज उठाए और इसके लिए कार्य करे ऐसे प्रत्याशी को वोट देंगे। केंद्र सरकार में क्षेत्र का पक्ष रखे और नई योजनाएं लेकर आए, ऐसे प्रत्याशी को अपना मत देकर दिल्ली भेजेंगे।
-अशोक ठाकुर, हमीरपुर



मत का प्रयोग सूझ-बूझ से करें, किसी भी राजनीतिक बहकावे में न आएं। आपका एक वोट आपके भविष्य को उज्वल बना सकता है। आज बेरोजगारी सबसे मुख्य मुद्दा है। इसके लिए राजनेताओं को जमीनी स्तर मजबूत करना चाहिए।
-पंकज, मटौर



देश के युवाओं के साथ-साथ प्रदेश के युवाओं को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी जिम्मेदारी समझनी पड़ेगी। प्रत्येक मतदाता को मतदान करके जिम्मेदारी निभानी है। इसके लिए जरूरी है कि मतदान के दिन हमें लोकतंत्र को सुदृढ़ करने के लिए मतदान करना है। यह हमारा नैतिक कर्तव्य है।
-अभिषेक कुमार, बेहड़ जसवां

# विधायक निधि के करोड़ों रुपए कहां खर्च हुए पूर्व विधायक श्वेतपत्र जारी करें : ढटवालिया

## कहा- अपने चहेतों का किया विकास, क्षेत्र का नहीं

अनंत ज्ञान, बिझड़ी



कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव प्रचार के दौरान लोगों के साथ।

विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष ढटवालिया ने बड़सर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों बिझड़ी, सोहारी, लोडर में नुक्कड़ सभाएं कीं। ढटवालिया ने कहा कि लखनपाल ने विधायक निधि के करोड़ों रुपए अपने चहेतों को न बांट कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सुझाव पर धरातल पर लगाए होते तो आज उन्हें कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जाकर ये दिन नहीं देखने पड़ते।

पिछले कई समय से लखनपाल ठेकेदारों के बीच ही घिरे रहे और लोक निर्माण विभाग, जलशक्ति विभाग, जंगलात महकमे में ठेकेदारों के साथ मिलकर आपने कितनी लूट मचाई थी वह भी क्षेत्र की जनता से छिपी नहीं है। आप अगर ईमानदार हैं तो अपने कामों पर श्वेतपत्र जारी करें और मैं भी अपने कामों का श्वेतपत्र जारी करता हूं।

दरअसल लखनपाल ने बिना विजन के जनता को छलने का काम किया है और धरातल पर कोई काम नहीं किया है। आपने अपना और अपने चहेतों का ही विकास किया है, जिसका खामियाजा आज लखनपाल को भुगतना पड़ रहा है। इसी वजह से कांग्रेस के साथ साथ भाजपा का भी भरपूर समर्थन आज मुझे मिल रहा है। भाजपा के अधिकतर लोग मेरी मदद कर रहे हैं, क्योंकि बड़सर की जनता में लखनपाल अपना विस्वास खो चुके हैं। जिस माहौल में मुझे लोगों का समर्थन मिल रहा है, इससे लगता है कि बड़सर की जनता ने लखनपाल को हराने के मन बना लिया है।

पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा ने कहा कि लखनपाल ने बड़सर क्षेत्र को लूटने के अलावा कुछ नहीं किया है। जलशक्ति विभाग में करोड़ों का बजट होते हुए सारा पैसा चेहते ठेकेदारों पर लुटा दिया, पर पीने के पानी की कोई स्कीम तक नहीं बना पाए।

आज जिस गांव में भी हम जा रहे हैं, लोग पानी न आने की ही बात कर रहे हैं। कल प्रियंका गांधी व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के रोड शो में लखनपाल के खिलाफ इतनी गर्मी के बावजूद जो भारी जन सैलाब उमड़ा था। उस जनता को देखकर और सभी एजेंसियों के सर्वे की रिपोर्ट से सुनिश्चित जीत को देखते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शावाशी देते हुए सुभाष ढटवालिया को अग्रिम बधाई भी दे गए।

# भाजपा को हिमाचल में मिलेगा भारी बहुमत मोदी फिर बनेंगे प्रधानमंत्री : सुरेश कश्यप

## बोले-कांग्रेस चाशनी में जहर देने का कर रही काम

अनंत ज्ञान, सोलन/ नाहन

भाजपा को हिमाचल प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर जनता के आशीर्वाद से भारी बहुमत मिलने का पूर्ण विश्वास है, जिससे कमल एक बार फिर खिलेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 400 सीटों के साथ लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

लोकसभा सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने पच्छाद और सोलन विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने राज्य में त्रासदी और विकास के लिए भेजे गए पैसों का दुरुपयोग किया और अपने चहेतों में बंदरबांट की है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावित लोगों तक उस राशि को नहीं पहुंचने दिया, जिन्हें उनकी असल में आवश्यकता थी।

कांग्रेस सरकार ने पीड़ितों को बेसहारा छोड़ दिया, जबकि भाजपा पीड़ितों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह ने हरसंभव मदद उपलब्ध कराई है।



भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप चुनाव प्रचार के दौरान समर्थकों के साथ।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस का झूठ अब सामने आने वाला है। हर बात पर रोने वाली कांग्रेस अपने आने वाले कार्यकाल में भी मात्र रोने का ही कार्य करेगी, इसलिए हिमाचल के जागरूक मतदाताओं को अपनी सूझ-बूझ का परिचय देते हुए इस झूठी सरकार को निकाल बाहर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी चाशनी में जहर देने का काम कर रही है और दलित, पिछड़ों और आदिवासियों के आरक्षण पर डाका डालने का प्रयास कर रही है। भाजपा जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए कटिबद्ध है और किसी भी सूरत में एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के आरक्षण को छीनने नहीं देगी।

उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी हैं, जिनके नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन के रूप में भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है जिसे देश की महान संस्कृति से नफरत है। तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस, झारखंड सरकार और आम आदमी पार्टी के कई नेता भ्रष्टाचार में लिप्त पाए गए हैं।

# सुक्खू-रायजादा ने किया लोन घोटाला : सत्ती

अनंत ज्ञान, ऊना

ऊना से विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने बुधवार को भाजपा पार्टी कार्यालय पर पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुक्खू व हमीरपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी सतपाल रायजादा पर हिमाचल की जनता के पैसों की हेराफेरी के गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही चुनाव आयोग को अपना गलत हलफनामा देने की बात कही है।




पत्रकार वार्ता में संबोधित करते सतपाल सत्ती, साथ हैं अन्य।

सतपाल सत्ती ने कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार का नैतिक रूप से पतन हो चुका है। मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ-साथ कांग्रेस का हर नेता हेराफेरी में लगा हुआ है। हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार सतपाल रायजादा का अनैतिक कार्यों को करने का एक लंबा इतिहास है, लेकिन सुक्खू और रायजादा की मिलीभगत से जनता की मेहनत की कमाई का एक बड़ी हेराफेरी का मामला सामने आया है। सुक्खू ने रायजादा के 6 करोड़ रुपए का लोन, जो कि कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक में था उसे जीरो कर दिया है।

सतपाल सत्ती ने कहा कि राजजादा के एक इंटरव्यू में मैंने सुना, जिसमें उन्होंने कहा यह पुराना लोन उन्होंने अपनी प्रॉपर्टी बेचकर और दोस्तों से उधार लेकर चुकता कर दिया। रायजादा ने अपने हलफनामे में यह जानकारी छुपाई है। यह किसी बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है। सुक्खू ने अपने पद का दुरुपयोग कर 5 दिसंबर 2023 को रायजाद का यह लोन माफ किया। आखिर सुक्खू और रायजादा में ऐसी क्या सांठ-गांठ बनी कि इन्होंने कांगड़ा बैंक को 6 करोड़ का चूना लगा दिया। सुक्खू अपनी दी गारंटी के हिसाब से हमारी बहन-बेटियों को 1500 रुपए महीना तो दे नहीं पा रहे, लेकिन अपने दोस्तों के करोड़ों के लोन माफ कराते घूम रहे हैं।

# मोदी के आशीर्वाद और अनुराग की मेहनत से आगे बढ़ रहा हमीरपुर : अरुण



नुक्कड़ सभा के दौरान लोकसभा चुनाव अभिकर्ता अरुण धूमल समर्थकों के साथ।

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद और भाई अनुराग ठाकुर की सेवा व मेहनत से हमीरपुर लोकसभा का प्रत्येक क्षेत्र तीव्र गति से विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।

बुधवार को धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव अभिकर्ता अरुण धूमल ने यह बात कही है। उन्होंने कहा कि धर्मपुर एक अकेला ऐसा विधानसभा क्षेत्र है जहां दो-दो केंद्रीय विद्यालय स्थापित हुए हैं। मोदी सरकार की महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन, हर घर नल और नल से शुद्ध जल के तहत धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र पेयजल उपलब्ध करवाया गया है। इसके अलावा कई विकास कार्य प्रगति पर हैं। आज फिर से हम लोकतंत्र के इस महापर्व के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग करने जा रहे हैं। यह निर्णय पूर्णता हमारा है, लेकिन जो आज हम निर्णय लेंगे वह न केवल आने वाले 5 वर्षों के लिए हमारे भविष्य को तय करेगा।

# कंगना ने जोगिंद्रनगर में निकाला रोड शो

## कहा- देश ही नहीं, दुनिया भी प्रधानमंत्री मोदी की करती है सराहना

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी कंगना रनौत ने जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में भव्य रोड शो के दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आपदा के समय जारी की गई धनराशि की बंदरबांट हुई है, जिसका हिसाब 4 जून के बाद लिया जाएगा और पात्र और बेघर हुए लोगों के साथ न्याय किया जाएगा। कांग्रेस और इसके सहयोगी दलों में कौन-कौन लोग भरे पड़े हैं, यह देश की जनता देख रही है और उसी हिसाब से मतदान कर रही है।



जोगिंद्रनगर में रोड शो के दौरान समर्थकों के साथ भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत।

जनता जब भी मतदान करती है तो उनके जहन में देश और इनके गठबंधन के नेताओं द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की स्मृति सामने आती है और दूसरी तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सुशासन और भ्रष्टाचार रहित चेहरा और सरकार सामने आती है। यह बात गठबंधन के लोग भी अच्छे से जानते है, परंतु इस बहाने इन लोगों को हमारे जमीन से जुड़े लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी ने लोगों के बीच जाना सिखा दिया और लोग कैसा जीवन व्यतीत कर रहे हैं, इसका एहसास भी करवा दिया है। एक अच्छी और जमीन से जुड़ी राजनीति के जनक के रूप प्रधानमंत्री मोदी की देश ही नहीं अपितु दुनिया सराहना कर रही हैं।

**सियासत** प्रदेश की जनता भी कांग्रेस को जिताने का बना चुकी मन

# मोदी सरकार ने युवाओं को 2 करोड़ नौकरियां देने के नाम पर ठगा : डॉली

अंनत ज्ञान ब्यूरो, सोलन

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉली शर्मा ने कहा कि केंद्र में 4 जून को घोषित होने वाले चुनावी नतीजों में कांग्रेस अपने सहयोगी दलों के साथ सरकार बना रही है। उन्होंने कहा की प्रदेश की जनता भी कांग्रेस को जीतने का मन बना चुकी है।

सोलन में प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल के साथ पत्रकार वार्ता में डॉली शर्मा ने भाजपा पर करारे हमले बोले। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने का वादा किया था, पर यह घोषणा झूठी साबित हुई। इसी तरह किसानों की आय दोगुनी करने के दावे किए गए थे, मगर किसानों की आय पहले से भी कम हो गई।

वहीं प्रदेश में सत्ता संभालते ही कांग्रेस ने 21,000 पदों को भरने की मंजूरी दी है, साथ ही ओपीएस को भी बहाल किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि आपदा से निपटने में रही। केंद्र से सहायता न मिलने के बावजूद मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लोगों को आर्थिक सहायता पहुंचाई गई और टूटे हुए घरों को फिर से बनाया गया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को 1500 देने की शुरुआत की गई, जिसे भाजपा ने रोक दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनते ही 30 लाख नौकरियां सृजित होगी, अग्निवेश योजना को समाप्त किया जाएगा, डिग्री होल्डर युवाओं को मुआवजा दिया जाएगा और मजदूरी को बढ़ाकर 400 रुपए किया जाएगा।



सोलन में पत्रकार वार्ता करतीं कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉली शर्मा।

## प्रियंका गांधी के रोड शो में जुटेंगे हजारों लोग

**प्रदेश** स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी का सोलन में रोड शो होने जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में लोग जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार से की नीतियों से लोग ऊब चुके हैं लोग कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों जिताने का मन बना चुके हैं।

सर्वजन प्रत्याशी एडवोकेट संजय शर्मा द्वारा : निष्पक्ष निस्वार्थ सर्वजन जनहित सेवार्थ व्यवस्था प्रयासरत प्रतिज्ञा :

- निजी क्षेत्र प्रबंधन-तकनीकी महाविद्यालय-विश्वविद्यालय द्वारा हिमाचल क्षेत्र के सामान्य छात्रों को 25% एवं आरक्षित वर्ग को 50% शुल्क छूट देना
- प्रत्येक सामान्य एवं तकनीकी शिक्षित युवा को शिक्षण उपरांत रोजगार व्यवस्था या फिर प्रथम 1 वर्ष तक प्रतिमाह 3000 प्रोत्साहन भत्ता प्रबंधन....
- युवा वर्ग : आधिकाधिक उत्तम रोजगार-स्वरोजगार-घरेलू कुटीर उद्योग प्रशिक्षण क्षेत्र में आवश्यकता प्रबंधन....
- सर्वजन गरीब-जनजातीय : विशेषता "हिमाचल मूल गद्दी समुदाय" आर्थिक स्तर पर कमजोर वर्ग हितकारी विभिन्न स्रोत प्रबंधन....
- आरक्षण व्यवस्था : सर्वजन वर्ग गरीब एवं आर्थिक आधार प्रबंधन....
- चंबा-पौंग बांध-कांगड़ा जिला क्षेत्र में बुजुर्ग एवं सामान्य जन स्वास्थ्य जांच उपकरण (सीटि स्कैन-एम आर आई-अल्ट्रासाउन्ड) प्रथम 1 वर्ष में संपूर्ण शासकीय व्यवस्था प्रबंधन....
- बुजुर्ग-मातृ-शिशु स्वास्थ्य रोगी सहायता वाहन व्यवस्था तहसील क्षेत्र स्तर पर प्रथम 6 माह संपूर्ण व्यवया प्रबंधन....
- पौंग बांध विस्थापित के रद्द किए गए खेती भूखंडों की पुनर्स्थापना एवं मुआवजा प्रबंधन....(पूर्व 50 वर्षों से निरंतर सरकारी खानावदोश)
- पौंग बांध एवं व्यास नदी क्षेत्र जल मार्ग परिवहन-अग्निबोट संचालन व्यवस्था पौंग बांध विस्थापित द्वारा प्रबंधन....
- पौंग बांध जल क्षेत्र से 200 मीटर दूरी पर पौंग बांध विस्थापितों को वर्ष में 5-6 माह (जनवरी-जून) खेती बाड़ी अधिकार प्रबंधन....
- अवैध खनन एवं अवैध औषधि-दवाई एवं शराब माफिया-ड्रग माफिया विरूध निगरानी-नियंत्रण व्यवया....
- पंचायत प्रधान एवं उप-प्रधान एवं पंचायत सदस्य एवं बीडीसी के लिए उत्तम पारिश्रमिक प्रबंधन....
- बस यातायात स्थानीय किराए में सर्वजन को 25% की छूट एवं बुजुर्गों के साथ-साथ 25 वर्ष तक के बेरोजगार युवा को 50% की छूट प्रबंधन....

प्रकृति स्वर्ग सम्मत देवभूमि कांगड़ा-चंबा क्षेत्र.....
लोकसभा चुनाव 2024 प्रत्याशी
आपका निष्पक्ष निस्वार्थ सेवार्थ भाई
एडवोकेट संजय शर्मा
प्रत्याशी लोकसभा कांगड़ा-चंबा




(धमेटा-फतेहपुर-कांगडा)



हमारा प्राथमिक लक्ष्य
युवा प्रगती
बुजुर्ग सेवा
सर्वजन हित

सर्वजन हित में आपका वयक्तिगत सपरिवार वोट मतदान अभिलाषी

अंततोगतवा राजनीतिक-फिल्म जगत तंत्र द्वारा अघोषित क्रिकेट सट्टेबाज एवं चुनावी शराब सेवन व्यवस्था से दूर रहकर सपरिवार सर्वजन हित में संवैधानिक अधिकार : व्यवस्था परिवर्तन मतदान कर्तव्य निर्वाह में सर्वदा अग्रणी रहें ....

आपका भाई एडवोकेट संजय शर्मा

सर्वजन हित निस्वार्थ-निष्पक्ष आप परिवार बंधु अपने वोट लोक सभा चुनाव कांगड़ा क्षेत्र प्रत्याशी समर्थन-आशिर्वाद दें

- गद्दी समुदाय संस्कृति-सांस्कृतिक एवं पशुधन संयोजन एवं परंपरागत कुटीर उद्योग अनिवार्य प्रगतिशील व्यवस्था प्रबंधन....
- प्रत्येक परिवार द्वारा व्यक्तिगत एवं सामुहिक स्तर पर गौशाला प्रबंधन एवं दुग्ध लाभ पशुपालन आत्मनिर्भर व्यवस्था प्रबंधन....
- प्रत्येक परिवार में शासकीय व्यवस्था अंतर्गत स्वच्छ जल एवं बिजली उत्तम वितरण व्यवस्था निरंतरता प्रबंधन....
- चंबा-कांगड़ा क्षेत्र प्रत्येक परिवार द्वारा व्यक्तिगत एवं सामुहिक स्तर पर सब्जी उत्पादन में अग्रणी रहकर उत्तम जीवकोपार्जन प्रबंधन....
- रेवेन्यू विभाग पटवारी-तहसीलदार द्वारा समस्त निवारण 7-15 दिन में निस्तारित व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना....
- हिमाचल प्रदेश के समस्त व्यापारिक वर्ग के लिए जीएसटी अंतर्गत 40 लाख तक पंजीकरण अनिवार्यता से छूट एवं व्यापार जांच पद्वति में व्यापारी को उचित समय दिया जाए....
- भारतीय सेना सेवा क्षेत्र में युवा प्रवेश "अग्निवीर" नाम बदलकर "शूरवीर या सूर्यवीर" एवं 'सेवा कार्यकाल 4 वर्ष की बजाए न्यूनतम 10-15 वर्ष उपरान्त सेवा निवृत अवसर सुनिश्चित' किया जाए....
- प्रत्येक तहसील क्षेत्र-लघु कुटीर उद्योग-लगभग 20 इकाईयां परियोजना स्थापित कर ITI_Polytechnic युवाओं के लिए रोजगार व्यवस्था....
- उना-दौलतपुर-मुकेरियां रेलवे लाइन विस्तार टैरेस इंडस्ट्रिल एरिया तक सुनिश्चित कर जिससे सामान्य जन आवागमन सुविधा व्यवस्थित रहे....
- हिमाचल प्रदेश सीमेंट उत्पादन षड्यंत्रकारी द्वारा हिमाचल में वास्तविकता से अधिक मूल्य वसूली परिपेक्ष में लगाम आवश्यक....
- चुनाव परिपेक्ष चुनाव आयोग द्वारा चुनाव खर्च सीमा बड़ा कर 95 लाख किया जाना राष्ट्रिय एवं राज्य स्तर की राजनीतिक दल के लिए मतदाता को लुभाने का सुगम साध्य मंत्र जिसके अन्तर्गत करोड़ों रूपया अवैध गतिविधियों में खर्च किया जा रहा जिससे युवा-बेरोजगार समाज शराब एवं अन्य कुरितियों से ग्रस्त होकर विध्वंस्क मार्ग पर अग्रेषित हो रहा....
- पूर्व 20 वर्ष से अग्रणी क्षेत्रीय सांसद-वर्तमान सांसद के साथ साथ पार्टी विशेष का सामान्य जन द्वारा जनहित कार्य अंकेक्षण आवश्यक....
- संसदीय वेतन का व्यक्तिगत प्रयोग संसद द्वारा ना कर प्रत्येक तहसील में सांसद प्रतिनिधि (युवा रोजगार) जन समस्या निवारण एवं विभागीय संपर्क के लिए जिनके वेतन प्रबंधन सांसद वेतन से किया जाएगा....
- पूर्व 20 वर्ष से अग्रणी क्षेत्रीय सांसद-वर्तमान सांसद के साथ साथ पार्टी विशेष का सामान्य जन द्वारा जनहित कार्य अंकेक्षण आवश्यक....

RAM. DHOOP

## न्यूज ब्रीफ

### बठरा में 115 लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन


ग्राम पंचायत बठरा में भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए लोग।

**डाडासीबा।** लोकसभा चुनावों से ठीक पहले जसवां परागपुर में भाजपा को झटका लगा है। डाडासीबा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बठरा के एक ही मोहल्ले से 20 परिवारों में 115 लोगों ने भाजपा का साथ छोड़ कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने इन सब लोगों का पार्टी में स्वागत किया है।

### ग्रीनलैंड स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह



**इंदौरा।** ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सूरजपुर में छात्रों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल के चेयरमैन रणवीर सिंह, प्रिंसिपल अनुमित कोर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में नंगल भूर की थाना प्रभारी मनदीप कौर ने मुख्य अतिथी के रूप में शिरकत की। स्कूल प्रबंधन ने मुख्य अतिथी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा मार्चपास्ट भी किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कार्यक्रम के उपरांत चयनित हेड ब्वॉय, हेड गर्ल, वाइस हेड गर्ल और ब्वॉय को शपथ ग्रहण करवाई गई। हेड ब्वॉय राघव और हेड गर्ल अर्शदीप कोर, वाइस हेड ब्वॉय नमन और वाइस हेड गर्ल सौम्या को शपथ दिलाई गई। स्कूल की प्रिंसिपल अनुमित कोर ने छात्रों को हमेशा अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित किया।

### नगरोटा बगवां में लगाई छबील


पीर बाबा टैक्सी स्टैंड के ड्राइवर राहगीरों को पानी पिलाते हुए।

**नगरोटा बगवां।** पीर बाबा टैक्सी स्टैंड नगरोटा बगवां के ड्राइवरों ने बुधवार को नगरोटा बगवां में ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई। इस दौरान ड्राइवरों ने तपती गर्मी में राहगीरों और स्कूली छात्रों को ठंडा मीठा पानी पिलाया। इस दौरान छबील में ड्राइवर सोनू कुमार, भरत कुमार, संजीव कुमार, नसीब कुमार, केवल, साहिल कुमार और विजय कुमार से अपनी सेवाएं दी।

### बीबीए-बीसीए के लिए 3 जून से करें आवेदन

**नगरोटा बगवां।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में बीबीए और बीसीए प्रवेश के लिए वर्ष 2024-25 के लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए उपरोक्त तीन वर्षीय कोर्स के लिए 3 से 23 जून तक आवेदन कर सकते हैं। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा 24 जून को प्रथम मेरिट लिस्ट जारी कर दी जाएगी। 24 से 26 जून तक उनको फीस जमा करवाने की समय सीमा रहेगी। 27 जून को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। प्रवेश पाने वाले आवेदकों को 27 और 28 जून को फीस जमा करवानी होगी। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सोनी ने कहा कि आवेदक महाविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट https://www.gdcnb.org पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए बीसीए समन्वयक डॉ. राकेश पुष्प और बीबीए समन्वयक डॉ. राजीव कुमार से संपर्क कर सकते हैं।

### भीषण गर्मी से यात्रियों को झेलनी पड़ रही परेशानी, पसीने से हो रहे तरबतर

# नगरोटा और बैजनाथ बस स्टैंड पर पंखे बने 'शोपीस'

**अनंत ज्ञान टीम, नगरोटा बगवां/बैजनाथ**

हिमाचल प्रदेश में इस बार पड़ रही भीषण गर्मी ने सारे रिकॉर्ड तोड़कर रख दिए हैं। गर्मी ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। पैदल चलना और सफर करना मुश्किल हो गया है। नगरोटा बगवां के न्यू बस स्टैंड पर आने वाले यात्रियों को पंखे की हवा भी नसीब नहीं हो पा रही है।

यहां छह-सात पंखे लगे हुए हैं, लेकिन उनमें से एक-दो ही चल रहे हैं, बाकी सब बंद पड़े हैं। ऐसे में यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। यात्री पसीने से तरबदतर हो रहे हैं। बस स्टैंड पर यात्रियों को गर्मी से राहत देने के लिए हवा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। भीषण गर्मी में बस के इंतजार में यहां बैठे यात्रियों को जरा भी सुकून नहीं मिलता है। बस स्टैंड परिसर में यात्रियों को उमस व गर्मी से परेशान होना पड़ रहा है। यही हाल बैजनाथ बस स्टैंड का है। यहां पर भी पंखे तो लगे हैं, लेकिन कोई भी पंखा नहीं चलता है। सारे पंखे बंद पड़े हुए दिखाई देते हैं। बस स्टैंड पर पंखे यात्रियों की सुविधा के लिए ही लगाए जाते हैं, लेकिन पता नहीं इनको क्यों नहीं चलाया जाता है। दोनों जगह पंखे 'शोपीस' बन गए हैं। बैजनाथ से हर दिन बाहरी राज्यों दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड आदि के लिए लांग रूट की बसों का आवागमन होता है जिसके चलते परिसर में यात्रियों की भीड़ लगी रहती है।



नगरोटा बगवां और बैजनाथ बस स्टैंड में पंखे न चलने से गर्मी से बेहाल यात्री।

#### बाजारों से रौनक गायब, कामकाज ठप

घर में काम तक करने के लिए लोगों को मुश्किल हो रही है। हिमाचल में इतनी गर्मी नहीं होती थी, लेकिन इस बार गर्मी के कारण बाजारों से रौनक भी गायब हो गई है। लोगों का घरों से निकलना बंद हो गया है। बाजारों में लोगों के न आने से सारे कामकाज ठप हो गए हैं। छोटे दुकानदार व छोटे-मोटे काम करने वालों को रोजी-रोटी के लाले पड़ गए हैं।

#### जल्द ही ठीक कर दिए जाएंगे पंखे

हिमाचल पथ परिवहन निगम बैजनाथ के क्षेत्रीय प्रबंधक नितेश शर्मा ने कहा कि यह मामला आज ही उनके ध्यान में आया है। पंखे ठीक करने के आदेश पारित कर दिए गए हैं। जल्द ही पंखे ठीक कर दिए जाएंगे।

## हैप्पी बर्थडे


डाडासीबा के अनमोल को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।


भनबाड़ के योगराज को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## आज रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां : गुरसिमर सिंह


चुनावी रिहर्सल में मौजूद कर्मचारियों को संबोधित करते सहायक निर्वाचन अधिकारी।

**संजीव महाजन, नूरपुर**

लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए अंतिम चरण में पहली जून को होने वाले मतदान हेतु जिला के अन्य क्षेत्रों से नियुक्त पोलिंग पार्टियों के पीठासीन, सहायक पीठासीन तथा मतदान अधिकारियों के लिए बुधवार को स्थानीय राजकीय आर्य डिग्री महाविद्यालय में फाइनल चुनावी रिहर्सल आयोजित करवाई गई।

इस पूर्वाभ्यास में 141 पोलिंग पार्टियों के 600 पीठासीन व मतदान अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। चुनावी ड्यूटी के लिए तैनात सभी अधिकारियों को पीपीटी के जरिए ट्रेनिंग देने के साथ ईवीएम व वीवीपैट के संचालन का अंतिम प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर सहायक निर्वाचन अधिकारी (एसडीएम) गुरसिमर सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में 117 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें से दो मतदान केंद्र संपूर्ण तौर पर महिला स्टाफ द्वारा संचालित किए जाएंगे जबकि एक पोलिंग स्टेशन पर दिव्यांगजन अपनी मूल्यवान सेवाएं देंगे। सभी पोलिंग पार्टियां 30 मई को प्रात: अपने-अपने गंतव्य स्थानों के लिए एचआरटीसी की विशेष बसों से रवाना होंगी। (अनंत ज्ञान)

# नौरा कॉलेज में पोलिंग पार्टी को टीम भावना से कार्य करने की दी प्रेरणा

## लोकसभा चुनाव को लेकर तीसरी व अंतिम चुनावी रिहर्सल संपन्न

**राकेश डोगरा, डरोह**

लोकसभा आम चुनाव 2024 के दृष्टिगत बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय नौरा में सुलह विधानसभा क्षेत्र-14 के अंतर्गत चुनाव अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तीसरी व अंतिम चुनावी रिहर्सल संपन्न हुई। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम धीरा राकेश शर्मा ने चुनावी रिहर्सल की अध्यक्षता की और चुनाव अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अंतिम प्रशिक्षण दिया।

उन्होंने बताया कि पहली जून को होने वाले मतदान के लिए आयोजित इस तीसरी और अंतिम चुनावी रिहर्सल में 618 से अधिक चुनाव अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि 30 मई को पोलिंग पार्टियां अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगी। उन्होंने पोलिंग पार्टी को टीम भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित किया, क्योंकि पोलिंग पार्टी की मतदान प्रक्रिया में अहम भूमिका रहती है। उन्होंने आग्रह किया कि सभी मतदान कर्मी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को गंभीरता से ग्रहण करें। लोकतंत्र में एक निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करने में निर्वाचन कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है।

सहायक निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान के दिन पोलिंग बूथ पर मतदान आरंभ होने से दो घंटे पहले पूरी व्यवस्थाएं जांच करके सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करना सुनिश्चित कर लें। इस दौरान नायब तहसीलदार निर्वाचन महेश्वर चौधरी व मास्टर ट्रेनरों द्वारा भी मतदान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चुनाव से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर तहसीलदार धीरा, तहसीलदार थुरल व निर्वाचन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)


अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय नौरा में सुलह विधानसभा क्षेत्र-14 के अंतर्गत तीसरी व अंतिम चुनावी रिहर्सल के दौरान चुनाव अधिकारी व कर्मचारी।

### एसडीएम कांगड़ा ने पीओ, पीआरओ, एपीआरओ और सेक्टर ऑफिसर को दिए निर्देश

# चुनाव आयोग के नियमों का करें पालन

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनावों को व्यवस्थित तरीके से करवाने के लिए बुधवार को विधानसभा क्षेत्र 16- कांगड़ा के अंतर्गत गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कांगड़ा में पीओ, पीआरओ, एपीआरओ और सेक्टर ऑफिसर के लिए पूर्वाभ्यास शिविर आयोजित किया गया।

यहां विभिन्न मास्टर ट्रेनर के माध्यम से चुनाव बारे सभी तरह की जानकारी 492 चुनाव कर्मियों को दी गई। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन एआरो एवं एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल की अध्यक्षता में किया गया। इशांत जसवाल ने सभी को चुनाव के महापर्व में योगदान के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा चुनाव का विषय बहुत सतर्कता से काम करने का होता है इसलिए किसी भी तरह की लापरवाही न बरतें।

उन्होंने सभी पीओ, पीआरओ , एपीआरओ और सेक्टर ऑफिसर को कहा कि रिहर्सल के समय अपनी हर प्रकार की शंकाओं का निवारण करें ताकि किसी भी अधिकारी और कर्मचारी को चुनाव के दिन किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। चुनाव आयोग के नियमों का पालन करते हुए सभी कार्य करें। चुनाव कर्मियों को ईवीएम जोड़ने और इसके कार्य का डेमो देकर पूरी प्रक्रिया को समझाया गया। इस पूर्वाभ्यास शिविर के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव कर्मियों के मतदान करने हेतु रिहर्सल स्थल में सुविधा केंद्र भी स्थापित किया गया था। रिहर्सल के उपरांत इस सुविधा केंद्र में चुनाव ड्यूटी पर तैनात मतदान कर्मियों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना वोट डाला। (अनंत ज्ञान)

## डॉ. चंद्रशेखर को दी बधाई

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

राजीव गांधी स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक महाविद्यालय पपरोला के पूर्व छात्र, प्रोफेसर (डॉ.) चंद्रशेखर शर्मा जो वर्तमान में दयानंद आयुर्वेदिक कॉलेज जालंधर में कायाचिकित्सा विभाग के प्रमुख और अकादमिक रजिस्ट्रार के रूप में कार्यरत हैं, को हाल ही में कुलपति द्वारा गुरु रविदास आयुर्वेद विश्वविद्यालय होशियारपुर के आयुर्वेद बोर्ड के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। डॉ. चंद्र शेखर शर्मा ने अपनी उपलब्धि के लिए अपने माता-पिता, परिवार, शिक्षकों और अपने सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त किया है। राजीव गांधी राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेदिक महाविद्यालय पपरोला के प्रिंसिपल डॉ. विजय चौधरी ने डॉ. चंद्रशेखर को अपने संस्थान का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी है।



# अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक धीरेंद्र प्रताप ने धर्मगुरु दलाईलामा से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक और उत्तराखंड के पूर्व दर्जा प्राप्त कैबिनेट मंत्री धीरेंद्र प्रताप बुधवार को विश्व नोबेल पुरस्कार विजेता और तिब्बत के धर्मगुरु दलाईलामा से मिले।

धीरेंद्र प्रताप ने शांति एवं करुणा के लिए उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों के लिए साधुवाद प्रकट किया। पूर्व मंत्री ने तिब्बत की आजादी के संघर्ष में कांग्रेस द्वारा आयोजित किए गए, कई जन प्रदर्शनों में सम्मिलित होने की बात किए जाने पर तिब्बत गुरु दलाईलामा ने तीन बार उनका हाथ पड़कर अपने माथे पर लगाया। उत्तराखंड का जिक्र किए जाने पर उन्होंने उत्तराखंड के लोगों के लिए शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि धीरेंद्र प्रताप धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा और विधानसभा के उपचुनाव में कांग्रेस के पर्यवेक्षक है। वह इन दिनों में चुनाव प्रचार में भाग लेने हिमाचल पहुंचे हैं।



## कोठी माता मेला पहली जून से

**डरोह।** सुलह के साथ लगती रैपुर पंचायत के सालन में ऐतिहासिक कोठी माता मेला पहली से 3 जून तक आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पहली जून को प्राचीन मां कोठी वाली देवी मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ झंडा रस्म अदा की जाएगी। वही उसी दिन मेले का शुभारंभ होगा। तीन दिवसीय इस मेले का समापन तीन जून को मेला मैदान में होगा। उस दिन कई कार्यक्रम भी आयोजित होंगे । वहीं मेले के सफल आयोजन को लेकर पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

# मोदी लगाएंगे जीत की हैट्रिकः रविंद्र धीमान

## कोसरी, रिडकल में नुक्कड़ सभाओं के दौरान बोले पूर्व विधायक

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने कोसरी, रिडकल आदि विभिन्न स्थानों में नुक्कड़ सभाएं की। इस दौरान उन्होंने कहा कि जून माह के बाद जहां केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जीत की हैट्रिक लगाएंगे, वहीं हिमाचल में भी सत्ता का तख्ता पलट हो जाएगा। रविंद्र ने कहा कि बीते कुछ महीनों से कांग्रेस पार्टी में क्या उठक-पठक चल रही है, वह किसी से नहीं छिपी है और बहुत जल्द हिमाचल प्रदेश के साथ साथ समस्त भारत में भगवा लहराएगा। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब देश का प्रधानमंत्री कहता था कि गांव में विकास के लिए भेजे जाने वाले एक रुपए के मात्र पंद्रह पैसे ही लोगों तक पहुंचते हैं, लेकिन जब से नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, तब से एक एक पैसा सीधे व्यक्ति के खाते में पहुंच रहा है। जब पहली बार मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तो अर्थव्यवस्था के मामले में देश 14वें रैंक पर था, लेकिन मोदी के प्रधानमंत्री बनने के दस साल के अंदर ही आज हमारा देश पांचवें रैंक पर आ गया है। रविंद्र धीमान ने चंबा-कांगड़ा लोकसभा उम्मीदवार डॉ. राजीव भारद्वाज के पक्ष में भारी मतदान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनने जा रहे हैं और आप सभी कांगड़ा-चंबा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज को जीता कर दिल्ली भेज कर मोदी के 400 पार के नारे को पूरा करेंगे।


कोसरी, रिडकल में नुक्कड़ सभा के दौरान पूर्व विधायक रविंद्र धीमान व ग्रामीण।

### कार्यक्रम: रसायन-जैविक विज्ञान के फ्रंटियर्स पर राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

# फाइटोकेमिकल संसाधनों का महत्व बताया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएचपी), शाहपुर परिसर में रसायन और जैविक विज्ञान के फ्रंटियर्स पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। इस सम्मेलन का आयोजन रसायनशास्त्र एवं रासायनिक विज्ञान विभाग द्वारा हिमालयन लाइफ साइंस सोसायटी के सहयोग से किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल और सीयूएचपी, धर्मशाला के अधिष्ठाता अकादमिक प्रो. प्रदीप कुमार मौजूद रहे। इस सम्मेलन का केंद्र बिंदु सतत विकास के लिए कार्यात्मक सामग्री और रासायनिक संश्लेषण है, जिसका उद्घाटन केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने किया। प्रो. सुनील कुमार ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया, वहीं सम्मानित अतिथि प्रो. प्रदीप कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के महत्व और छात्रों के समग्र विकास में इसकी भूमिका पर जोर दिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने हिमाचल प्रदेश के फाइटोकेमिकल संसाधनों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छत्तीसगढ़ के बैगा समुदाय के आदिवासी ज्ञान के महत्व को रेखांकित किया।

प्रो. चक्रवाल ने बुनियादी वैज्ञानिक ज्ञान के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि अतीत में एनएमआर जैसी आधुनिक तकनीकों के बिना भी महत्वपूर्ण अनुसंधान किया गया था। वहीं कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने पारंपरिक और आधुनिक विज्ञानों को मिलाकर एक बहु-विषयक दृष्टिकोण के महत्व को रेखांकित किया।



मुख्य अतिथि को सम्मानित करते कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल

## बेसहारा बैल को किया जख्मी

**जवाली।** जवाली उपमंडल के अंतर्गत ग्राम पंचायत ढसोली में एक बेसहारा बैल की टांग पर तेजधार हथियार से हमला करके जख्मी करने का मामला प्रकाश में आया है। पशुपालन विभाग की टीम ने इसका प्राथमिक उपचार करके पालमपुर अस्पताल में उपचार हेतु भेज दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार को ढसोली निवासी सुरेश कुमार ने पुलिस चौकी रैहन में शिकायत की है कि गांव के एक व्यक्ति ने बेसहारा बैल की टांग पर तेजधार हथियार से हमला कर उसे जख्मी कर दिया। इसके उपचार हेतु पशु अस्पताल रैहन में भी जानकारी दी। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि पुलिस ने शिकायतकर्ता की शिकायत के आधार पर एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# पहले बाइक को लगाई आग फिर जंगल में भड़क उठी लपटें

**अनंत ज्ञान, गरली**

धरोहर गांव गरली में किसी शातिर ने घर के आंगन में खड़ी बाइक को चुराकर करीब आधा किलोमीटर दूर जाकर उसे आग के हवाले कर दिया। उपरोक्त बाइक को चुराकर किसने आग लगाई है यह बात अभी सामने नहीं आई है। पुलिस की जांच के बाद ही तय हो पाएगा लेकिन इस घटना ने गरली के लोगों को सकते में डाल दिया है। आखिरकार किसी शातिर ने बड़ी हिम्मत दिखाते हुए बाइक मालिक के आंगन से ही उसकी पहले बाइक चुराई व बाद में उसे आग लगा दी। बाइक किसी प्रवासी मजदूर की बताई जा रही है जो करीब दो वर्षों से गरली में किराये पर मकान लेकर रह रहा था। बाइक को आग के हवाले करने से न केवल बाइक पूरी तरह जल गई बल्कि इस हादसे से वहां साथ लगते जंगल में भी आग भड़क गई। आधी रात को आग इतनी भंयकर फैल गई की साथ लगते मकानों को भी खतरा पैदा हो गया। इसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत गरली पंचायत प्रधान शशिलता को दी। उन्होंने इसकी सूचना फायर बिग्रेड कार्यालय देहरा व पुलिस थाना रक्कड़ को दी। शशिलता ने बताया कि फायर बिग्रेड की गाड़ी पता चलते ही घटना स्थल पर पहुंच गई। पुलिस थाना प्रभारी गुरदेव सिंह भी अपनी अन्य टीम के साथ मौके पर पहुंचे व हर पहलू पर छानबीन को शुरू किया। शशिलता ने बताया कि जहां भीषण आग लगी थी वहां तक गाड़ी चलने योग्य सही रास्ता न होने के कारण फायर बिग्रेड बाली गाड़ी घटनास्थल तक नहीं पहुंच पाई। इस दौरान मौजूद लोगों ने हिम्मत नहीं हारी व करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू किया।



## न्यूज ब्रीफ

### मंदिर के पास फंदे से लटका मिला व्यक्ति

**कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के अंतर्गत बुधवार सुबह थाने में सूचना मिली कि कांगड़ा बाईपास से आगे राष्ट्रीय उच्च मार्ग के किनारे मंदिर के पास कोई व्यक्ति फंदे से लटका हुआ है। थाना प्रभारी संजीव कुमार के नेतृत्व में एक टीम मौके पर पहुंची और वहां पर जांच पड़ताल में मृतक की पहचान अशोक सोनी पुत्र राजेंद्र कुमार सोनी गांव दसेरन तहसील अर्की जिला सोलन (43)के रूप में हुई है। मृतक बिलासपुर जिला के नम्होल बाजार में दुकान करता था। उसका ससुराल जोगिंद्रनगर में बताया जा रहा है। मृतक यहां कैसे पहुंचा, इसको लेकर पुलिस द्वारा छानबीन की जा रही है। स्थानीय पुलिस द्वारा 174 की कार्रवाई (सीआरपीसी) अमल में लाकर मृतक का डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज टांडा में पोस्टमार्टम कराया है। इस मामले की पुष्टि डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने की है।

### जंगल में आग लगाने पर मामला दर्ज

**ज्वालामुखी।** पुलिस थाना ज्वालामुखी के तहत चौकाठ में रेखा देवी निवासी कटोई तहसील ज्वालामुखी ने जंगल में आग लगा दी जिस कारण यूएसडी चौकाठ सी-1 में आग लग गई व 3 हेक्टेयर जंगल जल गया। इस आग से लगभग 40,000 रुपए का नुकसान हुआ है। इस संदर्भ में पुलिस थाना ज्वालामुखी में भारतीय दंड संहिता की धारा 435 में मामला दर्ज किया गया है। उधर धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### मोहटली में युवा सेवा दल ने लगाई छबील



**इंदौरा।** लगातार बढ़ रही गर्मी के चलते मोहटली में युवा सेवा दल ने ठंडे पानी की छबील लगाकर लोगों को मीठा पानी पिलाया। इस समय मोहटली डमटाल क्षेत्र में बढ़ती गर्मी के कारण पारा 45डिग्री तक पहुंच गया है। सेवा दल संयोजक अनु कुमार ने बताया कि भारी गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने के लिए ठंडे पानी की छबीलें लगाई जा रही हैं।

### पठानकोट अस्पताल में नहीं हो रहा इलाज

**पठानकोट।** जिला पठानकोट के सिविल अस्पताल की इमरजेंसी में लोगों ने अपने-अपने परिवार के भर्ती मरीजों को इलाज न मिलने की बात कहकर रोष जताते हुए जमकर हंगामा गिया। लोगों का आरोप है कि रात से सुबह तक 12 घंटे बीत जाने के बावजूद उनके मरीजों का कोई ट्रीटमेंट करने नहीं आया। जिससे उन्हें और उनके मरीजों को परेशान होना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि वह मरीज को तकलीफ होने पर इमरजेंसी वार्ड में मौजूद डॉक्टर व स्टाफ को आकर मरीज को देखने की बात कहते है, लेकिन स्टाफ उन्हें 10 मिनट में आने की बात कहकर भेज देता है, लेकिन मरीजों का कोई चेकअप करने नहीं आ रहा। जिससे मरीजों के साथ उन्हें भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि सरकार तो बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन सरकारी अस्पतालों में इलाज करवाने पहुंचने पर असली हकीकत सामने आती है। जहां मरीज को फाइल बनवाने से पहले, बैड और इलाज के लिए दर-दर की ठोकरे खानी पड़ रही है। लोगों ने सरकार से मांग रखी है कि सरकारी अस्पतालों में जमीन स्तर पर सुधार लाया जाए।

### जाली फर्म के नाम पर काटे जा रहे एक्स फॉर्म

**इंदौरा।** इंदौरा में जाली दस्तावेजों के आधार पर प्रदेश सरकार को राजस्व का चूना लगाए जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। यहां जाली फर्म के नाम पर एक्स फॉर्म बनाकर रेत बजरी की तस्करी की जा रही है। पुलिस ने मामले में एक वाहन को जब्त किया है। जानकारी के अनुसार डीएसपी नूरपुर विशाल वर्मा के नेतृत्व में एएसआई चमन सिंह व माइनिंग फ्लाइंग गार्ड सन्नी जसवाल की टीम ने मीलवां में नाका लगाया हुआ था, इस दौरान एक टिप्पर, जिसमें बजरी भरी हुई थी को रोका गया व माल ले जाने हेतु एक्स फॉर्म दिखाने के लिए कहा गया। जिस पर चालक ने मलकीत कौर नामक फर्म के नाम का एक्स फॉर्म दिखाया। उक्त टीम को तब शक हुआ जब एक ही क्रमांक के 6 एक्स फॉर्म काटे हुए पाए गए और खनन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि इस नाम की इंदौरा क्षेत्र में कोई फर्म ही नहीं है। जिस पर पुलिस ने उक्त वाहन को कब्जे में लेकर थाना इंदौरा लाया गया। वहीं एसएचओ इंदौरा ने बताया कि उक्त मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 420 एवं माइनिंग एंड मिनरल्स एक्ट 21 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# कुनाल पथरी-सकोह में नाकों का किया निरीक्षण

## व्यय पर्यवेक्षक ने एफएसटी व एसएसटी के दलों की कार्यप्रणाली जांची

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार व्यय को लेकर निगरानी बढ़ा दी गई है। व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी ने मंगलवार देर रात को सकोह तथा कुनाल पथरी क्षेत्र में एफएसटी तथा एसएसटी के दलों की कार्यप्रणाली का औचक निरीक्षण किया तथा सभी व्यय निगरानी टीमों को पहली जून तक 24 घंटें निगरानी सुनिश्चित करने तथा रिटर्निंग ऑफिसर तथा एकांउटिंग टीम को भी व्यय निगरानी के लिए उपयुक्त जगह पर नाके इत्यादि लगवाने के निर्देश दिए। निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए व्यय निगरानी अत्यंत जरूरी है। इसके लिए निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के आधार पर प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में व्यय निगरानी के लिए उड़नदस्ते तथा नाके भी लगाए गए हैं ताकि निर्वाचन में किसी भी स्तर पर नकदी या अन्य तरह का प्रयोग चुनाव को प्रभावित करने के लिए न हो सके।

उन्होंने कहा कि बैंक प्रबंधन को भी प्रतिदिन की लेन-देन, ऑनलाइन मनी ट्रांसफर की निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात आबकारी विभाग के अधिकारियों को भी शराब की बिक्री पर चेकिंग करने के निर्देश दिए गए हैं। जीएसटी विभाग को भी आवश्यक निर्देश दिए गए हैं इसके साथ ही नारकोटिक्स के नोडल अधिकारियों को भी नियमित तौर पर रिपोर्ट के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र तथा निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने मोबाइल ऐप सी विजिल लांचकिया है। इस ऐप के जरिये आम जन आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट कर सकेगा। उन्होंने कहा कि सी विजिल ऐप से प्राप्त शिकायतों का सौ मिनट में निवारण भी सुनिश्चित किया जाए।



व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी व पुलिस कर्मी चेकिंग करते हुए।

## देहरा व जसवां परागपुर के 211 पोलिंग बूथों पर 1055 जवान होंगे तैनात: शिल्पी

**अनंत ज्ञान, रक्कड़**

उपमंडल देहरा के अंतर्गत जसवां परागपुर व देहरा के 211 पोलिंग केंद्रो पर लोकसभा चुनावों को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। वीरवार शाम को कड़ी सुरक्षा के बीच तमाम पोलिंग पार्टियों को अपने-अपने तय स्थानों पर रवाना किया जाएगा।

यह जानकारी सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा ने दी। उन्होंने बताया कि 211 पोलिंग बूथों पर करीब 1055 जवान तैनात किए जाएंगे। प्रत्येक बूथ पर 4 पैरामिल्ट्री के जवान व एक हिमाचल पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे।

इस दौरान उपमंडल देहरा के लिए निर्वाचन क्षेत्र में मतदान करवाने आए अधिकारियों को जहां एसडीएम शिल्पी बेक्टा ने प्रशिक्षण दिया और सभी भारत चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की कड़ाई से अनुपालना के आदेश दिए। उन्होंने बताया कि देहरा निर्वाचन क्षेत्र में 100 व जसवां परागपुर में 111 पोलिंग बूथ हैं।

उन्होंने बताया कि जसवां परागपुर में 11 व देहरा में 2 पोलिंग बूथ संवेदनशील है। इन पोलिंग बूथों पर तमाम पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एसडीएम ने क्षेत्र भर के तमाम मतदाताओं से अपील की है कि वे बिना किसी प्रलोभन के चलते ज्यादा से ज्यादा मतदान करें।

## कंडवाल, धार और सुल्याली में पुलिस के इंतजाम जांचे

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

चुनाव व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी ने मंगलवार रात्रि नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत सीमांत राज्य पंजाब के साथ लगते कंडवाल, धार और सुल्याली में पुलिस नाकों का औचक निरीक्षण किया और प्रशासन व पुलिस द्वारा किए गए इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने इन क्षेत्रों से गुजरने वाले वाहनों की चेकिंग भी की। इससे पहले उन्होंने इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के तहत काठगढ़ सीमा पर बनाए गए नाके तथा कंदरोड़ी स्थित नॉर्दर्न डिस्टलरी का भी निरीक्षण किया तथा स्टॉक का जायजा लिया। चुनाव व्यय पर्यवेक्षक ने कहा कि इस क्षेत्र की सीमा सीमांत राज्य पंजाब के साथ लगती होने के कारण बाहरी राज्यों से जिले की सीमा में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की गहनता से चेकिंग करना तथा अन्य गतिविधियों पर पैनी नजर रखना जरूरी है। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखने के साथ चौकसी बढ़ाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर इंदौरा के सहायक निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर, पुलिस उप अधीक्षक विशाल वर्मा भी उनके साथ रहे।



चेकिंग के दौरान चुनाव व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी व पुलिस कर्मी।

### आज शाम 6 बजे के बाद प्रचार पर पाबंदी

**धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में चुनाव प्रचार कर रहे संसदीय क्षेत्र के गैर मतदाताओं को उनकी उपस्थिति 30 मई शाम छह बजे से लेकर पहली जून शाम छह बजे तक या मतदान समाप्ति तक प्रतिबंधित कर दी है। 30 मई को शाम 6 बजे के बाद मतदान समाप्ति तक लाउडस्पीकर के उपयोग, रैली और जुलूस निकालने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और पुलिस कर्मियों के अलावा किसी भी व्यक्ति को मतदान केंद्र के 100 मीटर की परिधि में या मतदान केंद्र के भीतर सेल्यूलर फोन, वायरलेस फोन या कोई भी उपकरण जो ध्वनि को बढ़ा सकता है, ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## भीषण गर्मी के कारण आज और कल बंद रहेंगे कांगड़ा के स्कूल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**उपायुक्त हेमराज बैरवा ने जारी किए आदेश**

जिला कांगड़ा में इन दिनों गर्मी अपने चरम सीमा पर है। यही दिन के समय तापमान भी तकरीबन 36 डिग्री पहुंच जा रहा है।

इस भीषण गर्मी को देखते हुए जिला कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बुधवार को आदेश जारी किए है कि भीषण गर्मी के कारण आगामी 31 मई तक जिला कांगड़ा के सभी सरकारी व प्राइवेट स्कूल बंद रहेंगे। उन्होंने अपने आदेशों में लिखा है कि इन आदेशों की अगर कोई स्कूल अवहेलना करता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध सख्त कारवाई अमल में लाई जाएगी। वही मौसम विभाग ने भी 31 मई तक जिला कांगड़ा में हीट वेव चलने का येलो अलर्ट जारी किया हुआ है। दोपहर के समय भी तापमान लगभग 36 डिग्री के करीब पहुंच जा रहा है जिससे रोजमर्रा के काम करने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बात अगर जिला कांगड़ा के निचले क्षेत्रों की की जाए तो नूरपुर, इंदौरा, गंगथ, फतेहपुर आदि क्षेत्रों में भी दिन के समय लोगों को लू का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने 31 मई को मानसून को केरल में पहुंचने का भी अनुमान लगाया है।

## बड़ा भंगाल के लिए पोलिंग दल हुआ रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला के अतिदुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल में सहायक मतदान केंद्र के लिए बैजनाथ से पोलिंग दल रवाना हो गया है। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने दी।

उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य निर्वाचन विभाग को कांगड़ा जिला के 20-बैजनाथ (अ.जा.) विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र 99-बड़ा भंगाल, जिसमें कुल 469 मतदाता पंजीकृत है के लिए सहायक मतदान केंद्र (ऑक्सिलरी पोलिंग स्टेशन) बनाने की अनुमति प्रदान की है। कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र में 1910 पोलिंग बूथ तथा एक सहायक मतदान केंद्र स्थापित किया जाएगा।

जिले के अति दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल में पोलिंग बूथ स्थापित करने तथा पोलिंग पार्टियों को रवाना कर दिया गया है। कांगड़ा जिले के 99-बड़ा भंगाल का मतदान केंद्र राजकीय प्राथमिक पाठशाला स्थित बीड में है, जहां अब 310 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत इस मतदान केंद्र के लिए सहायक मतदान केंद्र, राजकीय उच्च पाठशाला बड़ा भंगाल 99-क-बड़ा भंगाल बनाया गया है, जहां 159 मतदाता मतदान करेंगे।



कांगड़ा जिला के अतिदुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल में सहायक मतदान केंद्र के लिए बैजनाथ से पोलिंग दल रवाना होते हुए।

## नौ प्रतिशत ब्याज के साथ 30000 रुपए देने के आदेश

**दीपक पुरी, धर्मशाला**

उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला ने एक मामले में शिकायतकर्ता को मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। जानकारी के अनुसार भवारना के आदर्श शर्मा के अनुसार उसने ऋषभ चौधरी से नवंबर 2021 से मार्च 2022 तक अपने घर में एल्युमिनियम की खिड़कियों की फिटिंग करवाई, जिसका सारा खर्चा दो लाख रुपए आया।

शिकायतकर्ता ने सारी राशि का भुगतान दुकानदार को कर दिया तथा दुकानदार द्वारा उसे आश्वासन दिया गया कि किसी भी तरह की प्रॉब्लम, भविष्य में आती है, तो दुकानदार के द्वारा जल्द ही ठीक कर दी जाएगी। शिकायतकर्ता के द्वारा दुकानदार को अवगत कराया गया कि उसकी खिड़कियों से मोईशचर की प्रॉब्लम आ रही है, एवं इसका जल्दी से जल्दी कोई न कोई हल करे। चौधरी ने आश्वासन दिलाया कि वो जल्द से जल्द इस प्रॉब्लम का हल कर देगा। परंतु कुछ समय बाद शिकायतकर्ता के द्वारा बार-बार फोन करने पर दुकानदार ने किसी भी प्रकार का कोई रिस्पांस नहीं दिया। शिकायतकर्ता ने इसके बाद उपभोक्ता न्यायालय में अपनी शिकायत दायर की। दुकानदार के द्वारा उपभोक्ता न्यायालय के नोटिस का कोई जवाब न दिया गया, एवं उपभोक्ता निवारण आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा की अगुवाई में पीठ ने एक तरफ कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता को दुकानदार के द्वारा अपना कार्य सही रूप से न करने का हवाला देते हुए शिकायतकर्ता को 9 प्रतिशत ब्याज के साथ 30000 रुपए, 7,500 रुपए मुकदमा खर्च, निजी एल्युमिनियम फैब्रिकेटेड कंपनी गांव गरला दाई दुकानदार के द्वारा देने के आदेश दिए। (अनंत ज्ञान)

## चुनाव के बाद भाजपा में पन्ना प्रमुख बनेंगे सुधीर शर्मा: पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



कांग्रेस के उप मुख्य सचेतक एवं विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा है कि धर्मशाला से भाजपा उम्मीदवार सुधीर शर्मा चुनाव के बाद भाजपा में पन्ना प्रमुख बनेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उन्हें विभिन्न पदों पर बिठाकर सम्मान दिया, उन्हें विधायक और मंत्री पद से नवाजा, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने कांग्रेस पार्टी के साथ विश्वासघात करते हुए धर्मशाला क्षेत्र की जनता के वोट का सौदा किया और भाजपा की राजनीतिक मंडी में बिक गए। उन्होंने कहा कि धर्मशाला की जनता सुधीर शर्मा को जनभावनाओं के अपमान की सजा अवश्य देगी और अब वह कभी भी विधायक नहीं बन पाएंगे। चुनाव के बाद सुधीर शर्मा की हैसियत भाजपा में दो कौड़ी की रह जाएगी और उन्हें पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के पुराने कार्यकर्ता भी दल-बदल की इस राजनीति को पसंद नहीं कर रहे हैं और उनकी रजामंदी के बिना सुधीर शर्मा की भाजपा में एंट्री से खुश नहीं हैं। केवल सिंह पठानिया ने कहा कि भाजपा उम्मीदवार सुधीर शर्मा ने हिमाचल प्रदेश की संस्कृति को कलंकित किया है।धर्मशाला की जनता को इस बार बिकाऊ नहीं बल्कि टिकाऊ विधायक की जरूरत है, जो क्षेत्र की सेवा कर सके। जबकि सुधीर शर्मा का जनसेवा से दूर-दूर तक का कोई नाता नहीं है। उन्होंने कहा कि वह निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए किसी भी स्तर तक गिर सकते हैं और दोबारा जनता की भावनाओं का सौदा करने से हिचकिचाएंगे नहीं। इस बार मतदाताओं ने सुधीर शर्मा को घर बिठाने का मन बना लिया है।

### टास्क फोर्स का किया गठन

**नगरोटा बगवां।** पेयजल का दुरुपयोग करने वालों के खिलाफ जल शक्ति विभाग मंडल नगरोटा बगवां ने कड़ा रुख अख्तियार किया। मंडल के अंतर्गत उपमंडल नगरोटा बगवां व सरोत्री में टास्क फोर्स का गठन किया गया जो कि पेयजल का दुरुपयोग करने वालों पर नजर रखेगी। यह टास्क फोर्स उपभोक्ताओं को पेयजल का दुरुपयोग न करने के लिए जागरूक भी कर रही है। जल शक्ति विभाग नगरोटा बगवां के अधिशाषी अभियंता विवेक ठाकुर, सहायक अभियंता अभिषेक भाटिया व नितिन चिनोरी ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति पेयजल को सिंचाई के लिए प्रयोग करता है तो विभाग उसका पानी का कनेक्शन काट देगा।

## गंगथ में छौंछ खड्ड में डूबने से एक व्यक्ति की गई जान

**अनंत ज्ञान, जवाली**

पुलिस चौकी गंगथ के अंतर्गत छौंछ खड्ड में गहरे पानी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा व्यक्ति अस्पताल में उपचाराधीन है। मृतक व्यक्ति की पहचान पाला (42) पुत्र उत्तम सिंह निवासी बेहड़ी-बोहल के रूप में हुई है। जबकि अस्पताल में भर्ती व्यक्ति की पहचान शमशेर सिंह (35) पुत्र चूहड़ सिंह निवासी गांव मलाखड़ के रूप में की गई है। बुधवार को दोनों व्यक्ति टैंट की धुलाई करने के लिए गंगथ छौंछ खड्ड में गए थे। इस दौरान एक टैंट पानी के तेज बहाव में बह गया उसे पकड़ने के लिए दोनों व्यक्ति बीच खड्डु में उतर गए और दोनों गहरे पानी में चले गए। काफी कोशिश के बाद वे बाहर नहीं निकल सके तो उन्होंने चिल्लाना शुरू कर दिया। मौके पर पहुंचे व्यक्ति अभिषेक ने बताया कि शमशेर सिंह को तो किसी तरह से बाहर निकाल लिया, लेकिन पाला पानी में टैंट के साथ लिपट गया था जिसे बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। काफी मशक्कत के बाद उसे भी निकाल लिया गया। दोनों को गंगथ अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से पाला को गंभीर हालत के चलते नूरपुर अस्पताल रैफर कर दिया गया लेकिन यहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

**प्रेस कॉन्फ्रेंस** धर्मशाला में पत्रकार वार्ता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा बोले...

## आनंद शर्मा और भाजपा प्रत्याशी में कोई तुलना नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा और भाजपा प्रत्याशी के बीच कोई तुलना ही नहीं है। आनंद शर्मा को राजनीति का करीब 50 साल का अनुभव है। वह केंद्रीय मंत्री रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व किया है। कांगड़ा-चंबा की जनता एक सांसद को नहीं बल्कि इंडिया गठबंधन में बनने जा रही सरकार में एक मंत्री का चुनाव करेगी। यह बात हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने धर्मशाला में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। इस दौरान उनके साथ उत्तराखंड से पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि आनंद शर्मा की जीत से कांगड़ा-चंबा की लंबित समस्याओं का हल निकलेगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री रहते आनंद शर्मा ने टी-बोर्ड पालमपुर, औद्योगिक केंद्र कंदरोड़ी सहित विभिन्न सौगातें इस क्षेत्र को दी हैं। डॉ. राजेश ने आश्वस्त करते हुए कहा कि देश में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने जा रही है और कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा केंद्र सरकार में एक उच्च पद पर होंगे।



प्रेस वार्ता को संबोधित करते डॉ. राजेश शर्मा, साथ में उत्तराखंड से पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप व अन्य।

### न्याय पत्र बदलेगा देश के हालात

डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के न्याय पत्र में विभिन्न गारंटियों का जिक्र है और उन्हें कैसे पूरा किया जाएगा, इसका रोड मैप भी अंकित किया गया है। हर वर्ग को ध्यान में रख कर न्याय पत्र को तैयार किया गया है। देश महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी सहित विभिन्न मुद्दों से जूझ रहा है। न्याय पत्र की गारंटियों के पूरा होने से लोगों को विभिन्न समस्याओं से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि आनंद शर्मा जैसे दूरगामी सोच के व्यक्ति संसद में पहुंचेंगे तो देश के हालात बदलेंगे।

### एक भी योजना का जिक्र नहीं कर पा रही भाजपा

डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार पूरी तरह फेल रही है। अपने चुनाव प्रचार में भाजपा एक भी योजना का जिक्र नहीं कर रही। भाजपा मोदी सरकार की नोटबंदी, जीएसटी, अग्निवीर, मेक इन इंडिया, नमामी गंगे, मेड इन इंडिया, आदर्श गांव, स्मार्ट सिटी, 15-15 लाख, स्किल इंडिया, मुद्रा लोन, लुक इस्ट पॉलिसी, करोंड़ो रोजगार, नारी शक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व कोरोना वैक्सीन आदि में से किसी एक योजना का तो चुनाव प्रचार में जिक्र करे।

## भाजपा की सुनामी में उखड़ जाएगा कांग्रेस पार्टी का तंबू: सुधीर शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

देश और प्रदेश में भाजपा की लहर जारी है। हिमाचल की लोकसभा और विधानसभा सीटों पर भाजपा बंपर मार्जिन से जीत दर्ज करेगी। यह बात धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने जारी प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि पूरे देश-प्रदेश में भाजपा की सुनामी चल रही है।

चार जून को मतगणना वाले दिन भाजपा की सुनामी से प्रदेश कांग्रेस का तंबू उखड़ जाएगा। हिमाचल सरकार भी अब कुछ दिन की मेहमान है। सीएम सुक्खू की विदाई वेला नजदीक आ रही है। सुधीर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू सरकार चलाने के काबिल ही नहीं हैं। सीएम सुक्खू सिर्फ अपनी मित्रमंडली को खुश करने में जुटे हैं, जबकि आम लोगों और प्रदेश के विकास से सीएम को कुछ भी लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार के छोटे से कार्यकाल में लोगों का मोहभंग हो गया है। मौजूदा कांग्रेस की सरकार से प्रदेश का हर वर्ग दुखी हैं। लोगों को पता चल चुका है कि सरकार का खजाना खाली है और विकास होने की कोई संभावना नहीं है। इसलिए लोगों ने भी मन बना लिया है कि केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में ही प्रदेश का भला है। इसलिए लोग भाजपा को भरपूर समर्थन दे रहे हैं। लोगों को पता है कि भाजपा बेरोजगारों, किसानों, महिलाओं सहित हर वर्ग की हितेषी है। पीएम मोदी की अगुवाई में भारत की विश्व में अलग पहचान बनी है।



# ऊना में गर्मी ने छुआ नया रिकॉर्ड, पारा 46 डिग्री पहुंचा

## जिले में कई स्थानों पर पैदा हो सकता है जल संकट, प्रचंड गर्मी में हीट स्ट्रोक हो सकता है जानलेवा, स्कूलों में दो जून तक छुट्टियां

**राजेश शर्मा, ऊना**

ऊना जिले में 29 मई को गर्मी ने नया कीर्तिमान बना दिया है। हीटवेव और आसमान से पड़ती भयंकर गर्मी से लोगों में त्राहि-त्राहि मच गई है। इंसान के अलावा जानवर भी इस भयंकर गर्मी से परेशान हैं। आसमान से बरसती आग से बचने के लिए कई गरीब परिवारों के बच्चे नदी-नालों में पानी के बीच गर्मी से बचने का प्रयास करते दिख रहे हैं तो वहीं जानवर भी इससे पीछे नहीं रहे। गर्मी ने अपने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए और अधिकतम पारा 46 डिग्री तक जा पहुंचा है। अगर इस तरह से ही गर्मी बढ़ती गई तो जिले में कई स्थानों पर जल संकट पैदा हो सकता है। इससे बचने के लिए जिला प्रशासन की ओर से भी संबंधित महकमे को तैयार रहने के निर्देश दे दिए हैं।

उधर, बढ़ती गर्मी के चलते स्वास्थ्य विभाग द्वारा पहले ही जनहित में एडवाइजरी जारी कर दी है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊना डॉ. संजीव कुमार वर्मा ने जिला ऊना की समस्त जनता के लिए गर्मी की मार (हीट स्ट्रोक) से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि जिस प्रकार जिला ऊना का तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है व जिस प्रकार जंगलों में आग लग रही है, उससे तापमान और बढ़ रहा है, इससे हीट स्ट्रोक जानलेवा हो सकता है। इसलिए हीट स्ट्रोक / लू लगने / गर्मी की मार से बचाव के लिए होने वाले लक्षणों के प्रति सावधान रहें। गर्मी के कारण तेज सिर दर्द, शरीर का तापमान 104 डिग्री फार्नहाइट, जी मचलाना और उल्टी होना, घबराहट होना, सिर चकराना, बेहोशी और चक्कर आना, सांस का फूलना, दिल की धड़कन तेज होना, गर्म लाल और सूखी त्वचा होना हो सकते हैं। हीट स्ट्रोक / लू लगने से बचाव के लिए क्या करें? व्यक्ति को भरपूर पानी पीना चाहिए, चाहे आपको प्यास न भी हो। जब भी यात्रा करें पानी साथ लेकर जाएं, ओआरएस घोल का प्रयोग करें, नींबू पानी, लस्सी आदि लेते रहें ताकि शरीर में पानी की कमी न हो, हल्के सूती व ढीले कपड़े पहनें, धूप में निकलने पर छाता, तौलिया व टोपी का सिर ढकने के लिए प्रयोग करें। धूप में जाते समय जूते चप्पल पहनकर निकलें, दिन के समय धूप आने वाली जगह की खिड़कियां बंद रखें व पर्दा लगाकर रखें, रत के समय खिड़कियां खुली रखें, सुरक्षित वातावरण बनाएं, ठंडे पानी से छींटे मारें, पंखे का प्रयोग करें, रेडियो, टीवी व अखबार के माध्यम से मौसम की भविष्यवाणी लेते रहें। जिले में बढ़ती गर्मी के कारण सभी जमा दो तक के स्कूलों में 2 जून तक अवकाश घोषित कर दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)



भयंकर गर्मी से बचने के लिए गगरेट क्षेत्र की खड्ड में नहाते गरीब परिवारों के बच्चे, (मध्य) भयंकर गर्मी से बचने के लिए एक खड्ड में पानी के बीच बैठा जानवर (दाएं) पानी की तलाश में खड्ड के किनारे बच्चे के साथ घोड़े।

### एडवाइजरी जारी, प्रचंड गर्मी में क्या न करें

**जरूरत** न हो तो बाहर न निकलें, विशेषकर दिन में 12 से 4 बजे के बीच में भारी कार्य जैसे कसरत इत्यादि न करें, शराब, चाय, कॉफी, अत्यधिक मीठे पेय पदार्थ, कोल्ड ड्रिंक गैस वाले पदार्थों का सेवन न करें, धूप में बच्चों को न खेलने दें, बासी खाना न खाएं, गर्मी की चरम सीमा में खाना न बनाएं, धूप में बच्चों और पालतू जानवरों को गाड़ी में अकेला न छोड़ें, गर्मी लगने पर प्राथमिक चिकित्सा के उपाय तुरंत होने चाहिएं। मरीज को तुरंत अंदर या छाया में रखें। पैरों को थोड़ा ऊंचा करके लिटाएं, पंखे का इस्तेमाल करके हवा के प्रवाह को तेज करें, गीले कपड़े से शरीर पौंछें या पानी से छिड़काव करें। बेहोशी की हालत में खाने-पीने को कुछ न दें। होश आने पर ठंडा पानी या तरल पदार्थ पीने को दें। बेहोशी की हालत में अगर उल्टियां हों तो करवट के बल लिटाएं, गंभीर लक्षण होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाएं या एंबुलेंस को कॉल करें। गर्मी में छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बाहर काम करने वाले लोग, मानसिक रूप से अस्वस्थ व दिव्यांग व्यक्ति अति संवेदनशील लोग होते हैं, जिनका खास ख्याल रखना बहुत जरूरी है।

# विधानसभा क्षेत्र गगरेट के तमाम मतदान केंद्रों के बाहर लगेंगे शामियाने व पंखे

**गगरेट।** प्रचंड गर्मी के बीच प्रदेश में हो रहे लोकसभा चुनाव के साथ छह विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव में गगरेट प्रशासन मतदाताओं की सुविधा के लिए नई पहल करने जा रहा है। प्रचंड गर्मी मतदाताओं के जोश पर भारी न पड़े, इसके लिए गगरेट विस क्षेत्र के तमाम मतदान कें द्रों पर मतदाताओं को सुविधाएं प्रदान करने के लिए पूरा प्रबंध किया गया है। इन मतदान केंद्रों पर धूप से बचने के लिए मतदान केंद्र के बाहर न सिर्फ शामियाने की व्यवस्था होगी, बल्कि गर्मी मतदाताओं को न सताए, इसके लिए पंखों की भी व्यवस्था की जा रही है। यही नहीं बल्कि ठंडे पेयजल के साथ बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर भी व्यवस्था होगी।

प्रचंड गर्मी के चलते मतदाता कहीं मतदान करने से छूट न जाएं, इसके लिए दो कदम आगे बढ़कर एसडीएम गगरेट व सहायक निर्वाचन अधिकारी सौमिल गौतम ने मतदाताओं को सुविधा पहुंचाने का प्रयास किया है। विधानसभा क्षेत्र गगरेट के तमाम 91 मतदान केंद्रों पर इस बार मतदान केंद्र के बाहर प्रचंड गर्मी से मतदाताओं को बचाने के लिए ये व्यवस्था रहेगी। चुनाव आयोग का तो यह प्रयास है ही कि मतदान प्रतिशतता पहले से अधिक बढ़े, बल्कि स्थानीय प्रशासन भी इसे बढ़ाने के लिए शिद्दत से डटा हुआ है। हालांकि प्रचंड गर्मी के बीच मतदाताओं का जोश मतदान के लिए कितना रहता है, यह देखने वाली बात होगी। एसडीएम गगरेट व सहायक निर्वाचन अधिकारी सौमिल गौतम का कहना है कि प्रचंड गर्मी को देखते हुए विधानसभा क्षेत्र गगरेट के तमाम 91 मतदान केंद्रों पर विशेष सहूलियतें दी जा रही हैं, ताकि मतदाता आराम से मतदान कर सकें।

# सामान्य पर्यवेक्षक ने किया निगरानी नाकों का निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

## निगरानी दलों की कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं का लिया जायजा



सामान्य पर्यवेक्षक निगरानी नाकों के निरीक्षण के दौरान जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए, साथ हैं जिला निर्वाचन अधिकारी जतिन लाल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

चुनाव आयोग के सामान्य पर्यवेक्षक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्याम लाल पूनिया ने बुधवार को ऊना जिले में स्थैतिक निगरानी टीमों (एसएसटी) द्वारा लगाए गए नाकों का निरीक्षण किया।

उन्होंने वहां निगरानी दलों की कार्यप्रणाली और व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। सामान्य पर्यवेक्षक ने पंडोगा, आशापुरी और मैहतपुर बैरियर समेत विभिन्न जगहों का दौरा कर वहां तैनात स्थैतिक निगरानी दलों की कार्यप्रणाली जांची। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल उनके साथ रहे। श्याम लाल पूनिया ने कहा कि मतदान को अब केवल दो दिन शेष हैं। स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भय मुक्त चुनाव के लिए जरूरी है कि चुनाव से पूर्व की इस अवधि में अतिरिक्त चौकसी बरती जाए। बिना दस्तावेजों के 50 हजार से अधिक की नकदी, बहुमूल्य आभूषण, शराब और मादक पदार्थ इत्यादि को लेकर सतर्क रहें। विशेषकर सीमांत नाकों पर खास सावधान रहें। हर आवाजाही पर कड़ी नजर रखें तथा वाहनों की सघन चैकिंग करें। बता दें, ऊना जिले में चुनावी निगरानी के लिए 15 उड़न दस्ते तथा 17 स्थैतिक निगरानी टीमें लगातार फील्ड में हैं।

इसके उपरांत सामान्य पर्यवेक्षक ने डिग्री कॉलेज ऊना में बनाए मतगणना केंद्रों का किया निरीक्षण कर वहां व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने वहां ईवीएम-वीवीपैट स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल पर बैरिकेडिंग, समुचित सुरक्षा व्यवस्था समेत सभी इंतजामों का स्वयं बारीकी से अवलोकन किया।

गौरतलब है कि ऊना जिले में लोकसभा चुनाव और दो विधानसभा के उपचुनावों की मतगणना के लिए राजकीय महाविद्यालय ऊना में मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। लोकसभा की ईवीएम मतगणना के लिए विधानसभा वार 5 मतगणना केंद्र हैं। इसके अतिरिक्त गगरेट और कुटलैहड़ के विधानसभा उपचुनाव के लिए अलग से 2 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं।

# बंगाणा कॉलेज में 15 जुलाई तक ले सकते हैं दाखिला

**बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में 2024-25 नए सत्र का आरंभ होने जा रहा है। प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने बताया कि विद्यार्थी महाविद्यालय की admission.gcbangana.ac.in की साइट पर जाकर 3 जून से 15 जुलाई तक फॉर्म भर सकते हैं। बीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को फॉर्म भरकर महाविद्यालय में जमा करवाने होंगे। पहली मेरिट आधारित सूची 16 जुलाई को दोपहर एक बजे सूचना पट्ट पर लगा दी जाएगी। 19 जुलाई तक विद्यार्थी अपनी फीस ऑनलाइन माध्यम से जमा करवा सकते हैं। दूसरी सूची 20 जुलाई को सुबह 11 बजे सूचना पट्ट पर लगा दी जाएगी। विद्यार्थी उसी दिन शाम 5 बजे तक अपनी फीस जमा करवा दें। द्वितीय वर्ष तथा तृतीय वर्ष के विद्यार्थी 6 जून से 15 जुलाई तक महाविद्यालय में प्रवेश ले सकते हैं। 22 जुलाई को ओरिएंटेशन होगा तथा 23 जुलाई नियमित रूप से कक्षाएं आरंभ हो जाएंगी।



वर्ष 2023 में महाविद्यालय में एनएसएस के स्वयंसेवी ऋषभ चौधरी ने एनएसएस का सर्वोच्च राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कर महाविद्यालय व पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया। खेलकूद के क्षेत्र में प्रदेश अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल महिला चैंपियनशिप में महाविद्यालय के छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रचा।

इसके साथ साथ हिमाचल प्रदेश अंतर महाविद्यालय बॉक्सिंग चैंपियनशिप पुरुष वर्ग में महाविद्यालय के छात्र परवीन मनकोटिया ने कांस्य पदक जीता। एनएसएस के दो छात्राओं श्वेता ने राज्य स्तरीय प्री रिपब्लिक डे कैंप में और नीलम ने नॉर्थ जॉन प्री रिपब्लिक डे कैंप में भाग लिया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे महाविद्यालय बंगाणा में प्रवेश लेकर अपने उज्ज्वल भविष्य की नींव रखें।

## कुटलैहड़ विस क्षेत्र के गांव टक्का में बोले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी

# कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र को विकास का मॉडल बनाकर उभारने की मेरी जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के गांव टक्का में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने भाषण के दौरान कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो को मंच से अपने पास बुलाया और हजारों की भीड़ में देवेंद्र कुमार भुट्टो को भाजपा का कर्मठ, ऊर्जावान, ईमानदार समाजसेवी करार देते हुए हजारों की भीड़ में सभी से हाथ उठाकर भुट्टो के पक्ष में मतदान की अपील करते हुए कहा कि कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो एक पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता हैं।

आप सभी एकजुट होकर देवेंद्र कुमार भुट्टो को कुटलैहड़से जिताकर भाजपा की झोली में डाल दो। कुटलैहड़ के विकास की जिम्मेदारी मैं खुद लेता हूं। नितिन गडकरी ने कहा कि मेरा नाम नितिन गडकरी है और मैं जो मंच से बोल देता हूं, उसे पूरा भी करता हूं। अगर कुटलैहड़ के विकास और सड़कों के लिए सुक्खू सरकार के मंत्री को 1500 करोड़ दे सकता हूं, तो कुटलैहड़ विस क्षेत्र की काया पलटने का मादा भी रखता हूं, लेकिन मेरी एक ही कुटलैहड़ की जनता से अपील है कि देवेंद्र कुमार भुट्टो को इतनी बढ़त से जिताकर भाजपा की झोली में डाल दो कि आगे अगर कुटलैहड़ से कोई कांग्रेस की टिकट लेने में भी सौ बार सोचे। उन्होंने कहा कि मेरे पास सड़क जैसे बड़े विभाग हैं और हम ने मोदी सरकार में दस वर्षों के कांग्रेस सरकार जो पूर्व में रही है, उन्हें कुछ अलग करके बताया है, इसलिए कमल का बटन दबाकर कुटलैहड़ से देवेंद्र कुमार भुट्टो को जिताएं।



जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी।

**कहा-कुटलैहड़ की जनता का एक-एक बोट पड़े भाजपा प्रत्याशी भुट्टो के पक्ष में**

कुटलैहड़ में जिस प्रकार 900 करोड़ से आपने सपनों का कठियानी मदली पुल निर्माण होने जा रहा है। उसी प्रकार कुटलैहड़ विस क्षेत्र में सैलानियों के लिए हरसंभव प्रयासों से हर विकास कार्य को रफ्तार के साथ पूरा करके कृषि बागवानी एवं आम जनता को राहत पहुंचाई जाएगी।

# आज शाम 6 बजे से थम जाएगा चुनाव प्रचार, जनसभा-जुलूस की रहेगी मनाही

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी ने जारी किए आदेश**

ऊना जिले में 30 मई को सायं 6 बजे चुनावी प्रचार थम जाएगा। इसके उपरांत चुनाव को लेकर किसी भी पार्टी अथवा व्यक्ति द्वारा जनसभा अथवा जुलूस आयोजित करने एवं भाग लेने पर मनाही रहेगी। प्रत्याशी खामोशी से अपने समेत कुल 5 लोगों के साथ घर-घर संपर्क कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने इसको लेकर आदेश जारी किए हैं। चुनावों के निष्पक्ष, शांतिपूर्वक एवं सुचारु निष्पादन के लिए आदर्श आचार संहिता के दृष्टिगत यह आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश के मुताबिक ऊना में चुनावी प्रचार में आए जिले से बाहर के सभी राजनीतिक नेताओं-समर्थकों को चुनाव प्रचार अवधि समाप्त होते ही 30 मई को शाम 6 बजे से एक जून को शाम 6 बजे तक या मतदान समाप्त होने तक जिले की सीमा से बाहर जाना होगा। जतिन लाल ने बताया कि मतदान केंद्र भवनों के 100 मीटर के भीतर पांच या अधिक व्यक्तियों के जमावड़े की मनाही रहेगी। यह व्यवस्था मतदान केंद्रों पर कतार में खड़े मतदाताओं और परिसर में कानून-व्यवस्था को लेकर तैनात कर्मियों पर लागू नहीं होगी। चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से मतदान वाले दिन मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में हथियार, आग्नेयास्त्र, बैनर, स्टीकर इत्यादि लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वहीं, अधिकृत चुनाव कर्मचारियों और पुलिस अधिकारियों के अलावा कोई भी व्यक्ति मोबाइल फोन, कॉर्डलेस फोन, वायरलेस फोन या कोई भी ध्वनि प्रसार उपकरण को मतदान केंद्र के 100 मीटर की परिधि में या मतदान केंद्र के भीतर नहीं ले जा सकेगा और न ही उपयोग कर सकेगा। इसके अतिरिक्त, किसी भी राजनीतिक पार्टी या उम्मीदवार का बूथ मतदान केंद्र के 200 मीटर के भीतर स्थापित नहीं किया जाएगा। 30 मई शाम 6 बजे के बाद से मतदान समाप्त होने तक लाउड स्पीकर के उपयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह आदेश चुनाव के संचालन और आवश्यक सेवाओं के रखरखाव में लगे सरकारी अधिकारियों/ एजेंसियों पर लागू नहीं होंगे।

# सुक्खू सरकार ने 5 गारंटियों को किया पूरा : पटियाल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हिमाचल की सुक्खू सरकार ने जो कहा है, वह करके दिखाया है और डेढ़ वर्ष में पांच गारंटियों को अमलीजामा पहनाकर जनता को लाभ दिया है, लेकिन मोदी सरकार बताए कि 2014 में 15 लाख खाते में आने वाली देश की सबसे बड़ी गारंटी का क्या हुआ। अब तो दस वर्ष बीत गए। बैंक में सात वर्षों में एफडी दो गुना हो जाती है। अब दस वर्षों में मोदी सरकार हर खाते में तीस लाख जनता को डाले और मोदी सरकार अपनी गारंटी को पूरा करे।

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं भूतपूर्व सैनिक बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष कर्नल धर्मेंद्र पटियाल ने बंगाणा में मीडिया से रू-ब-रू होते हुए जहां भाजपा पर खूब बरसे, वहीं राज्य की सुक्खू सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। धर्मेंद्र पटियाल में कहा कि सुक्खू सरकार की पहली गारंटी ओपीएस जिसने राज्य के एक लाख, चालीस हजार कर्मचारियों को पैंशन मिल रही है। दूसरी गारंटी में प्रदेश में 2 लाख 37 हजार महिलाओं को मिल रहे प्रति माह 1500 रुपए खाते में डाले जा रहे हैं। कर्नल ने कहा कि राज्य में 3 लाख 73 हजार अनाथ बच्चों को मिल रहा सुख आश्रय योजना का लाभ मिल रहा है और किसानों के दूध में 15 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि पूर्व में हिमाचल सरकार जनता को आपदा आने पर घर बनाने के लिए पहले अढ़ाई लाख मिलते थे, लेकिन अब सुक्खू सरकार ने बढ़ोतरी करके सात लाख किसानों को मिल रहे हैं। राज्य में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू एक साधारण परिवार से आते हैं और वह राज्य की जनता की गरीबी के बारे में विस्तार से जानते हैं।

उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी की जीत बड़े अंतर से होने जा रही है। उसका कारण यह है कि राज्य सरकार की जन कल्याण नीतियों को जनता ने पसंद किया है और राज्य में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री की जोड़ी को जनता बखूबी जान चुकी है कि यही राज्य की जनता का भविष्य संवार सकते हैं।

सुक्खू सरकार को अस्थिर करने के लिए कुछ विधायक भाजपा के पाले में चले गए थे, उनके लिए अब विधानसभा के दरवाजे सदा के लिए बंद हो गए हैं और राज्य में छह उपचुनावों में कांग्रेस की जीत सुनिश्चित हो चुकी है। कुटलैहड़ की जनता से निवेदन करता हूं कि एक वोट कांग्रेस प्रत्याशी लोकसभा सतपाल रायजादा और एक वोट सीएम और डिप्टी सीएम के हाथ मजबूत करने के लिए विवेक शर्मा को डालें, ताकि कुटलैहड़ में विकास को और गति मिल सके। इस मौके पर प्रशांत, माखन सिंह के अलावा अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।



हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रेसवार्ता के दौरान।

### अग्निवीर योजना युवाओं के लिए धोखा

कर्नल धर्मेंद्र सिंह पटियाल ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा चलाई गई अग्निवीर योजना देश के युवाओं के साथ धोखा है, क्योंकि चार वर्ष में भारतीय सेना में कोई भी सैनिक परिपक नहीं होता। उदाहरण के तौर पर एक वर्ष के कोई रेसलर खाली, दारा सिंह या फिर धोनी नहीं बन जाता है। वैसे ही भारतीय सेना में सैनिक को परिपक करने के लिए कम से कम पांच वर्ष का समय लगता है। वहीं, दूसरी तरफ बन रैंक वन पैंशन में भी काफी अनिमितताएं है और यही योजनाएं मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए बहुत हैं। देश में अब कांग्रेस पार्टी को बहुमत मिलेगा और ये योजनाएं बंद की जाएंगी।

**चुनाव** | विभिन्न जगहों में जनसंपर्क अभियान में बोले कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी

# कुटलैहड़ के सारे पेंडिंग काम किए जाएंगे पूरे : विवेक शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

अंतिम चरण में चुनाव पहुंच गया है और जो चुनाव 5 साल के बाद होना था, वह चुनाव 14 महीने में आ गया है। इस चुनाव ने कुटलैहड़ के लोगों से आघात किया है।

इस गर्मी के समय में भी राणा केपी सिंह के विचारों को सुनने के लिए और हमें सहयोग देने के लिए आप यहां पर आए साथियों सभी जानते हैं कि चुनाव का समय चल रहा है और अब उसके दोषी बही लोग हैं, क्योंकि 14 महीने पहले हमारे लोगों ने जिस तरह से मेहनत करके दिन-रात एक करके कांग्रेस पार्टी को यहां से जिताया, 32 वर्ष के बाद कांग्रेस पार्टी यहां से जीती, मगर जिस व्यक्ति को यहां से जीता के भेजा, उस व्यक्ति ने किसी भी अपने कार्यकर्त्ता जो हमारे वोटर थे, उनके मान-सम्मान को धोखे में रखते हुए धोखा दिया।

वोट के लिए तो मैं समझता हूं कि आज के समय में सरकार कांग्रेस की है और हम सब लोग यहां बैठे हैं। क्या हर व्यक्ति का एक छोटा-छोटा काम जो सरकार के ऊपर छोड़ा है, अब उस चीज के लिए अब यहां बैठे हैं कि सरकार के द्वारा मुझे अपने घर की गली बनानी है, मुझे अपने गांव का रास्ता बनाना है, मुझे अपने मकान के ऊपर से बिजली के तारों को हटाना है। मुझे अपने गांव की पानी की समस्या को खत्म करना है।

ये सब चीज देखते हुए उसके बाद जो व्यक्ति आज भी उनको वोट डालता है, तो मैं समझता हू कि वह व्यक्ति आपका और अपने परिवार का खुद दुश्मन है। हमने महिलाओं को 1500 रुपए देने का जो वादा किया था, उसे पूरा किया। हमने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने की बात की थी, इसको लेकर आज हर क्षेत्र में एक नया स्कूल बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आप मुझे इस बार मौका दें मुझे कुटलैहड की मूलभूत सुविधाओं का पता है कि कौन सा काम यहां पर होना है। हम आने वाले समय में चार तारीख को चुनाव रिजल्ट जाएगा और 5 तारीख को सरकार का कार्यकाल शुरू हो जाएगा। दोबारा से जितने भी आपके काम हैं, जो 15 महीनों में खराब हुए हैं, वे सारे काम पूरे किए जाएंगे।



राणा केपी सिंह को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा।

# हमीरपुर की जनता को मजबूत करनी होगी सुक्खू सरकार : डॉ. पुन्याल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुमित पुन्याल ने कहा कि हिमाचल में लोगों को खरीद-फरोख्त वाली राजनीति को नकारना होगा। भारतीय जनता पार्टी को भी स्वस्थ राजनीति करनी चाहिए।

धनबल के माध्यम से सरकार को गिराने की निम्न स्तर की राजनीति नहीं करनी चाहिए। जिस सरकार को लोगों ने 5 साल के लिए जनमत दिया है, उस जनमत का सम्मान करना चाहिए। षड्यंत्रों से सरकार को गिराने का कार्य ही बहुत निंदनीय है, जो नेता अपने स्वार्थ के लिए दल बदल कर अपना हित साधते हैं, ऐसे नेता कभी भी लोगों के हितेषी नहीं हो सकते। इस बार हिमाचल व खासकर हमीरपुर की जनता को दिल खोलकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का साथ देना चाहिए।

हमीरपुर के लिए बहुत गर्व की बात है कि सिर्फ 5 विधानसभा सीट वाले जिले से दूसरी बार हमीरपुर को मुख्यमंत्री मिला है। पहले हमीरपुर जिले ने धूमल के मुख्यमंत्री पद को खोया, अब सुक्खू के मुख्यमंत्री के पद को नहीं खोना है।

हमीरपुर की जनता को भी दलगत की राजनीति से ऊपर उठ कर मुख्यमंत्री का साथ देना चाहिए और विधानसभा, लोकसभा में कांग्रेस के उम्मीदवार को दिल खोल कर समर्थन देना चाहिए। इन 15 महीनों के कार्यकाल में विषम परिस्थितयों के बावजूद प्रदेश को निरंतर बढ़ाने का कार्य किया। आपदा के समय विपक्ष का भी दायित्व था कि केंद्र से प्रदेश के अपने लोगों को सहायता मुहाया करवाए, पर वहां भी विपक्ष अपना दायित्व नहीं निभा पाया।

क्रोध में हजारों शब्दों को बोलने से मौन अच्छा। मौन वह शब्द है जो जीवन में शांति लाता है। –महात्मा बुद्ध

## संपादकीय

# उफ... ये गर्मी

भारत के कई राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। यहां आसमान से आग बरस रही है। राजधानी दिल्ली में तो पारा 52 डिग्री के पार पहुंच गया है। देश भर में 50 से ज्यादा शहरों में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका है। राजधानी दिल्ली में कुछ इलाके ऐसे भी हैं, जहां पारा 50 से 52.3 डिग्री तक पहुंच गया है। राजधानी क्षेत्र गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा में भी तापमान करीब 49 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। यह सामान्य तापमान नहीं है, क्योंकि एक हद के बाद गर्मी और लू के थपेड़े जानलेवा साबित हो सकते हैं। गर्मी का ऐसा प्रचंड प्रभाव है कि सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों के टायर पिघल रहे हैं। नतीजतन दुर्घटनाएं हो रही हैं। गर्मी इतनी ज्यादा पड़ रही है कि हिमाचल और उत्तराखंड जैसे पहाड़ियों राज्यों में पारा 40 से 46 डिग्री तक पहुंच गया है। हिमाचल में गर्मी का 11 साल का रिकॉर्ड टूट गया है। राज्य के तीन-चार जिलों में स्कूलों में 31 मई तक छुट्टियां दे दी गई हैं। अत्यधिक गर्मी को देखते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल ने फैसला लिया है कि दोपहर 12 से 3 बजे तक सभी मजदूर काम नहीं करेंगे। तीन घंटे अवकाश रहेगा और इसके पैसे नहीं कटेंगे। यानी उनको पूरी दिहाड़ी मिलेगी।

देश में एक तरफ तपतपाती गर्मी पड़ है, तो दूसरी ओर पश्चिमी बंगाल में 'रेलम तूफान' ने बहुत कुछ बर्बाद कर दिया है, यहां कई लोगों को जिंदगी से हाथ धोना पड़ा। तूफान ने नॉर्थ-ईस्ट में भी अपना असर दिखाया है। मिजोरम में तूफान के कारण लगातार बारिश होने से वहां एक खदान के ढह जाने से 17 के करीब लोगों की दुखद मौत हो गई। यह विरोधाभास एक ही देश के भीतर दिख रहा है। यह जलवायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव है। दिल्ली ही नहीं, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, मुंबई जैसे महानगरों में 'ताप प्रभाव और सूचकांक' स्पष्ट दिख रहा है। यहां पर कंक्रीट या पक्का निर्माण बढ़ने के साथ ही हरित क्षेत्र पहले की तुलना में कम हुए हैं। इसके कारण रात के समय भी तापमान में अपेक्षित गिरावट नहीं आ रही है। इंसान प्रकृति की ताकत को भूल बैठा है। बड़े-बड़े निर्माण करने के लिए पेड़ों को काटा जा रहा है। पेड़ों की छाया न मिलने के कारण गर्मी और लू भी किसी त्रासदी की तरह लग रहे हैं। यह मौसम मधुमेह, हृदय रोग, रक्तचाप और किडनी के मरीजों के लिए बेहद गंभीर दुष्प्रभावों वाला है। चिकित्सकों का मानना है कि लोगों को काम से बाहर जाना उनकी विवशता है, लिहाजा प्रचंड गर्मी से लोग 'डिहाइड्रेशन' का शिकार हो रहे हैं। उससे किडनी की कार्यक्षमता सीधे ही प्रभावित होती है। उससे कई और बीमारियां बढ़ सकती हैं। लू के कारण देशभर में सैकड़ों मौतें हो चुकी हैं। अकेले राजस्थान में ही भीषण गर्मी और लू चलने के कारण अब तक 60 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

आने वाले दिनों में गर्मी के साथ-साथ उमस भी बढ़ेगी। बरसात के मौसम में बारिश तो होगी, लेकिन चिपचिपाती गर्मी के साथ उमस के बढ़ने से मुश्किलें और बढ़ जाएंगी। विज्ञान एवं पर्यावरण केंद्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक, शहरों में नमी ज्यादा होने और तापमान में बढ़ोतरी के चलते वहां का मौसम पहले से ज्यादा असहनीय होता जा रहा है। इस पर तुरंत प्रबंधन अनिवार्य है। हरित क्षेत्र में बढ़ोतरी, जलाशयों के निर्माण के साथ-साथ भवनों की संरचना में ऐसे बदलाव लाए जाने चाहिए, जिससे वे तापमान के ज्यादा अनुकूल हो सकें। चिकित्सकों की मानें तो इस मौसम में कई वायरस और बैक्टीरिया सक्रिय हो जाते हैं। कई बार ऐसा होता है कि गर्मी में कुछ खाने के बाद उल्टी आने लगती है या फिर पेट में जलन होने लगती है। यह पाचन तंत्र की गड़बड़ी का पहला संकेत है, लिहाजा गर्मियों में तरबूज और खरबूजे का पर्याप्त सेवन करना चाहिए। इन फलों में पानी होता है। ये शरीर को हाइड्रेटेड रखते हैं। ऐसे मौसम में नारियल का पानी, खीरा, दही, पुदीना, आम, लीची, आड़ू, संतरा, मौसमी, खुबानी, अनानास, अनार आदि भी फायदेमंद होते हैं। नींबू पानी और गन्ने का रस भी काफी फायदेमंद है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रसिद्ध सितार वादक

पंडित देवब्रत चौधरी का जन्म आजादी से पूर्व म्यमेनसिंह (अब बांग्लादेश) में हुआ था। उन्हें देबू चौधरी के नाम से अधिक जाना जाता है। उन्हें युद्धोत्तर युग का एक प्रमुख सितार वादक माना जाता है। वह मुश्ताक अली खान के शागिर्द थे। वह एक शिक्षक भी थे। वह छह पुस्तकों के लेखक, आठ नए रागों के संगीतकार और कई संगीत रचनाओं के रचयिता थे। उन्होंने कई रेडियो प्रसारणों में काम किया है। वह दिल्ली विश्वविद्यालय के संगीत संकाय के पूर्व डीन और प्रमुख थे। उन्होंने चार साल की उम्र से ही सितार बजाना शुरू कर दिया था। उनका पहला प्रसारण 1953 में अठारह साल की उम्र में ऑल इंडिया रेडियो पर हुआ था। भारत सरकार ने 1992 में कला के क्षेत्र में शानदार योगदान के लिए उन्हें 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया था। उन्हें पद्मश्री पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। उन्होंने सेनिया संगीत घराना के पंचू गोपाल दत्ता और संगीत आचार्य उस्ताद मुश्ताक अली खान से संगीत की शिक्षा ली थी। देबू चौधरी का नाम उस्ताद विलायत खान, पंडित रविशंकर और पंडित निखिल बनर्जी जैसे भारत के प्रख्यात सितार वादकों में गिना जाता है। वह जयपुर के सेनिया संगीत घराने से थे, जिसे तानसेन परिवार के वंशजों ने शुरू किया था और जिन्हें रागों की शुद्धता को संरक्षित रखने के लिए जाना जाता है। ■



पंडित देवब्रत चौधरी
जन्म : 30 मई, 1935
मृत्यु : 1 मई, 2021

## अपनी बात

इन दिनों हम और आप अपने दिन का अधिकांश समय मोबाइल फोन के साथ ही बिता रहे हैं। यह न केवल आपको उम्र से पहले बूढ़ा बना रहा है, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रहा है। तकनीक में बदलाव आने के साथ-साथ हमारे लाइफ स्टाइल में भी बहुत बदलाव आया है। सुबह उठने से लेकर रात को सोने तक मोबाइल हमारी पहली जरूरत बन गया है। स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने के कारण ही हम उम्र से पहले ही कई बीमारियों में फंसते चले जाते हैं। इनमें आखें कमजोर होने से लेकर कई मेंटल और फिजिकल प्रॉब्लम शामिल हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आपका मोबाइल चेहरे पर आने वाली झुर्रियों का कारण भी बन सकता है? इतना ही नहीं यह आपके तनाव और एंग्जाइटी बढ़ाकर मानसिक स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा रहा है। मोबाइल फोन की लगातार लत से सिर्फ हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर असर नहीं पड़ता, बल्कि इससे हमारी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ भी प्रभावित हो सकती है। एक्सपेरिमेंटल एंड क्लिनिकल साइंस की रिसर्च में साबित हुआ है कि सेल फोन की लत रिश्तों में लड़ाई के साथ काम पर ध्यान नहीं लगने का कारण हो सकता है। इस कारण हमें इस पर कम से कम वक्त की बताना होगा।

–हरि सिंह, नगरोटा बगवां

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# चिट्टा पहाड़ की जवानी अजगर बन निगल रहा

देवभूमि में पश्चिमी बंगाल से कुरियर कंपनियों के माध्यम से चिट्टा सप्लाई किए जाना बेहद चिंताजनक है। शिमला पुलिस ने इस गिरोह के दो सप्लायरों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता पाई है। इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि चिट्टे की सप्लाई शिमला में कई अन्य माध्यमों से नहीं की जा रही होगी? पंजाब राज्य के चिट्टा सप्लायरों को शिमला पुलिस एक होटल से गिरफ्तार कर चुकी है। विदेशों से स्मार्ट मोबाइल फोन के माध्यम से चिट्टे की सप्लाई देवभूमि में की जा रही है। बड़ी हैरानी की बात है कि पश्चिमी बंगाल से चिट्टा हिमाचल प्रदेश में कुरियर जरिये भेजा जा रहा और हमारी सुरक्षा एजेंसियों को इससे पूर्व क्या कोई जानकारी नहीं होगी।

कुरियर कंपनियां जब भी किसी पार्सल को देश, विदेश में भेजती हैं, उसके साथ इनवॉइस में संबंधित वस्तु की डिस्क्रप्शन जरूर लिखी होती है? इनवॉइस अधिकृत स्टॉफ द्वारा हस्ताक्षर किया गया होता है। कुरियर पार्सलों में लोग क्या भेज रहे हैं, उसकी पूरी ऑनलाइन जानकारी उनके पास होती है। डोमेस्टिक, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भी ऐसे कुरियर, पार्सलों की पूरी जांच होती है। एयरपोर्ट अधिकारियों को मामले में संदेह होने पर उक्त कुरियर की सप्लाई रोककर पूरी जांच की जाती है। हिमाचल प्रदेश की शिमला पुलिस ने जिस तरह कुरियर में चिट्टे को बरामद किया, उससे कई सवाल खड़े होते हैं। क्या ऐसा मान लिया जाए कि देवभूमि में कुछेक कुरियर कंपनियां ही चिट्टे की सप्लाई करके युवा पीढ़ी के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। देवभूमि में स्थानीय कम और बाहरी लोग चिट्टा बेचकर युवा पीढ़ी को बर्वाद करने में लगे हुए ऐसा मानना होगा। यह कोई पहला मौका नहीं कि पुलिस ने चिट्टा सप्लायरों को गिरफ्तार करके उनकी कमर तोड़ी है। सच बात यह है कि इससे पूर्व भी पुलिस साऊथ अफ्रीका देशों के लोगों को चिट्टा तस्करी आरोप में गिरफ्तार कर चुकी है।



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

कुछेक पर्यटक हिमाचल प्रदेश में सिर्फ मौज-मस्ती करने के लिए ही आते हैं। अनेक घटनाओं में पर्यटक पुलिस के साथ मारपीट करने पर उतारु हो जाते हैं और उनके पास घातक हथियारों का मिलना बिगड़ती कानून व्यवस्था का संकेत ही कहा जा सकता है। प्रदेश सरकारें शराब बिक्री में खूब राजस्व कमाना चाहती हैं। आज शहरों में शराब ठेकों से अधिक गांवों में अवैध शराब की ब्रांचें खुल चुकी हैं। सुबह से लेकर देर रात तक मदिरा रस के शौकीन इन ब्रांचों पर जमाबड़ा लगाकर खड़ा रहते हैं। समाज पर इसका क्या विपरीत असर पड़ रहा है, ऐसा सोचने का समय किसी के पास नहीं है। पंचायतों सहित महिला मंडलों, युवक मंडलों की भूमिका सरेआम बिकते नशों प्रति नकारात्मक है। वोट बैंक की राजनीति के चलते सब कुछ देखते हुए आंखें बंद रखना जनता के सेवकों की आदत बन चुकी है, नतीजतन आज हर गली-मोहल्ले में ड्रग्ज की तस्करी भी शुरू हो चुकी है। हिमाचल प्रदेश में बेरोजगारी का कुल आंकड़ा कितना है, प्रदेश सरकारों ने कभी सार्वजानिक नहीं किया है। चुनावों दौरान राजनीतिक दल बेरोजगारी को जड़ से खत्म किए जाने के बेरोजगार युवाओं को सब्जबाग दिखाते हैं। अभिभावक लाखों रुपए अपने बच्चों की पढ़ाई पर खर्च कर रहे हैं। शिक्षित होने के बावजूद भी युवाओं को रोजगार की दरकार है। आज का युवा बेरोजगारी से तंग आकर मानसिक पीड़ा को झेलते हुए नशे के चंगुल में फंसता जा रहा है।

वहीं, कुछेक युवा राजनीति की आड़ में नशों की तस्करी करके रातों-रात अमीर बनने की ओर निकल पड़े हैं। राजनीति अपराध की जननी बनती जा रही है, ऐसा कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं है। आज हालात ऐसे बन चुके हैं कि लोग नशा पूर्ति के लिए प्रतिबंधित दवाओं, कैप्सूल और सिरप को निगलते जा रहे हैं। समाज में नशे के खिलाफ जितने अभियान चलाए जा रहे हैं, उससे कहीं अधिक उनकी तस्कारी सरेआम हो रही है। जनता के सहयोग बिना नशा तस्करों पर काबू पाना बहुत बड़ी चुनौती है। जनता का पुलिस को सही सहयोग नहीं मिलता है, वहीं कानून इस कदर लचीला है कि नशा माफिया उस पर भारी पड़ रहा है। अंजान बनकर लोग पुलिस को फोन करके बताते हैं कि वहां नशा बिक रहा है। पुलिस को किसी घर, दुकान, रेस्टोरेंट पर छापा मारने के लिए सर्च वारंट उसके पास होना जरूरी है। पुलिस के लिए गुमनाम शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करना इतना आसान काम नहीं होता है। पुलिस अगर बिना सर्च वारंट कार्रवाई करे तो उसे मौके पर दो गवाहों की जरूरत रहती है।

पुलिस को गवाह मिलने पर वह अपनी कार्रवाई को आगे बढ़ाती है। न्यायालयों में ऐसे केसों के मामले दशकों तक चलते हैं, जिस कारण पुलिस को मुंह की खानी पड़ती है। राजनीतिक दबाव के चलते गवाह न्यायालय समक्ष गवाही देने से इंकार कर देते हैं। उन पर दबाव बढ़ाकर चुप रहने की हिदायत जारी कर दी जाती है। पुलिस को पकड़ी गई अवैध शराब, चरस को दशकों बाद उसे सही साबित किए जाने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। अवैध शराब की बढ़ती तस्करी पर लगाम लगाकर आखिर पुलिस इसे कहां स्टोर करे, यह बहुत बड़ी समस्या है। ऐसे मामले पकड़ने बाले पुलिस अधिकारियों को नेता उनका स्थानांतरण करके इनाम देते हैं। भ्रष्ट सिस्टम के चलते समाज को नशा मुक्त बनाना आज बहुत बड़ी चुनौती है। सच बात यह है कि आज देवभूमि में पर्यटक बनकर आने वाले बाहरी लोग भारी मात्रा में चरस, गांजा और भुक्की का अवैध कारोबार कर रहे हैं। पर्यटन नाम पर लोग नशे बेचकर मालामाल बनना चाहते हैं। हिमाचल प्रदेश में अवैध शराब, चरस और गांजा के वाद चिट्टे का प्रचलन बड़े जोरों पर है। चिट्टे की तस्करी में महिलाएं बहुत आगे निकल चुकी हैं, बशर्ते उन पर संदेह किए जाने की हमारा समाज इजाजत नहीं देता है। ड्रग्ज तस्करी इस कदर बढ़ चुकी है कि हमारी युवा पीढ़ी इसके चुंगल में बहुत बुरी तरह फंस चुकी है।

एक सीरींज से कई युवा चिट्टे की डोज चढ़ाकर एचआईवी के मरीज बनकर अपने भविष्य के साथ खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। चिट्टा तस्करों पर कई केस होने के बावजूद भी वह इस गोरखधंधे से तौबा नहीं करते हैं। पुलिस को ऐसे चिट्टा तस्करों की संपत्तियां जब्त करने के लिए सरकारों से अनुमति लेनी पड़ती है। ऐसी कुव्यवस्था में पुलिस क्या समाज को नशा मुक्त बनाने में कामयाब बन सकती है। हिमाचल पुलिस ने कुछेक चिट्टा तस्करों की संपत्तियां जब्त कर वाहवाही लूटी है। नशा तस्करों पर लगाम कसने के लिए सरकारों को ऐसा कानून इजाद करना चाहिएं, जिससे उनकी तमाम संपत्ति को जब्त किए जाने का विशेष अधिकार पुलिस को मिले। पुलिस कर्मचारी किसी भी व्यक्ति के घर, दुकान की तलाशी लेने का अधिकार रखते हों।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# महिला का पूर्ण स्वस्थ होना बहुत जरूरी

स्वस्थ जिंदगी हर किसी की पहली जरूरत होती है, लेकिन बहुत से घरों में आज भी महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता में नहीं रखा जाता, जो कि अत्यंत ही विचारणीय विषय है। महिला का पूर्ण स्वस्थ होना इसलिए भी बहुत जरूरी है क्योंकि वह अस्वस्थ हो जाए तो घर के बच्चों से लेकर बड़े तक सभी प्रभावित होते हैं। ऐसे में महिला बिस्तर पर पड़ जाए, तभी डाक्टर के पास ले जाएं, ऐसी सोच को बदलना होगा और महिला को पूर्ण रूप से स्वस्थ बनाने के लिए हर जरूरी पहलू पर गंभीरता से विचार करना होगा।



लेखक : मुकेश कुमार शर्मा
पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया के कार्यकारी निदेशक

इसी सोच को परवान चढ़ाने के लिए हर साल महिला स्वास्थ्य के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस पर यौन और प्रजनन स्वास्थ्य पर भी खुलकर बात करने की जरूरत है, ताकि महिला स्वतंत्र रूप से यह निर्णय ले सके कि उसे कब और कितने बच्चे चाहिएं। प्रजनन स्वास्थ्य किसी भी महिला का भारतीय संविधान द्वारा दिया गया वह अधिकार है, जिसमें समानता एवं शिक्षा का अधिकार, सही उम्र में विवाह का अधिकार, परिवार नियोजन अपनाने का अधिकार, महिला को बच्चा कब और कितने चाहिएं, ये निर्णय लेने का अधिकार तथा हिंसा मुक्त एवं पोषणयुक्त खुशहाल जीवन जीने का अधिकार शामिल है। अनचाहा गर्भधारण महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालने के साथ ही जान को जोखिम में डालने का काम करता है।

ऐसे में स्वास्थ्य विभाग के पास मौजूद बास्केट ऑफ च्वाइस में से अपना मनपसंद गर्भ निरोधक विकल्प चुनें और अनचाहे गर्भ से बचकर स्वस्थ रहें और घर में खुशहाली लाएं। इसमें पति से लेकर माता-पिता, सास-ससुर और परिवार के अन्य बड़े सदस्यों की भी अहम भूमिका हो सकती है। महिला स्वास्थ्य के लिए अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई दिवस को हर साल मनाने का मूल उद्देश्य महिलाओं को उनकी सेहत से जुड़े मुद्दों के बारे में पूर्ण रूप से शिक्षित करने के साथ ही उन्हें हर क्षेत्र में सशक्त बनाना है। महिलाओं को भेदभाव, घरेलू हिंसा, जबरदस्ती और उपेक्षा से बचाने के बारे में इस दिवस पर हर किसी का ध्यान आकर्षित किया जाता है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी जरूरी है। इस दिवस पर संकल्प लेने की जरूरत है कि महिलाओं तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच को आसान बनाएंगे। सुरक्षित एवं कानूनी गर्भपात के बारे में शिक्षित बनाएंगे। युवाओं के यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार के साथ ही एचआईवी/एड्स के प्रति भी जागरूकता लाएंगे।

इस दिवस को मनाने की सार्थकता तभी है जब स्वास्थ्य देखभाल पहुंच में लैंगिक असमानता को पूरी तरह से दूर करते हुए महिलाओं को मानसिक स्वास्थ्य, मातृ कल्याण और यौन व प्रजनन स्वास्थ्य अधिकार के प्रति सशक्त बनाया जाए। महिलाओं और लड़कियों को उच्च शिक्षा तक पहुंचने के लिए उचित और समान अवसर दिया जाए और व्यावसायिक प्रशिक्षण मुहैया कराया जाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



इलेक्शन टाइम
मनोहर लाल
गांव पहलवाना

*इलेक्शना रा देखो आया टैम,*
*बंदे करने पूरे कैम।*
*किसी नी लगाणा बंदयों जैम,*
*क्योंकि बंदे होने नशे च कैम।*
*दारू बंडणी अजकल रोज,*
*शराबियां दी देखो आयी मौज।*
*पी-पी के तुसीं मर जाणा,*
*शराबो पीछे तुसी वोट गवाणे।*
*ठुसू जे तुसा नेते जितवाणे,*
*फिर कैंदे मेरा काम नी कित्या।*
*बोतला नो पैसा तेरे प्यो ने दित्या,*
*उण क्यों कैंदे मेरा काम नी कित्या।*
*उण ता तुसी पैसे जोड़लो,*
*काम करवाणा ता,*
*जेबा बिच नोट परलो।*

# अवैध शिकार और तस्करी से विलुप्त हो रहे कई जीव

जैव विविधता पृथ्वी पर जीवन की समृद्धि और विविधता का वर्णन करती है। यह हमारे ग्रह की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है। जैव विविधता से अभिप्राय पेड़-पौधों एवं जीव जंतुओं की विविधता से है। जो प्रत्येक क्षेत्र, देश, विश्व स्तर पर होती है। इसके अंतर्गत सूक्ष्म जीवों से लेकर समस्त जीव जगत सम्मिलित है।

जैव विविधता शब्द का प्रयोग वॉलटर जी रोजेन द्वारा 1985 में किया गया। यह शब्द जैव तथा विविधता द्वारा मिलकर बना है, जिसका साधारण अर्थ जैव जगत में पाई जाने वाली विविधता है। प्रकृति के निर्माण और इसके अस्तित्व हेतु जैव विविधता की अहम भूमिका है। जैव विविधता प्रकृति का अभिन्न अंग है और यह पर्यावरण को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

पर्यावरण में ऑक्सीजन की आपूर्ति करना तथा कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करना, जल चक्र तथा मृदा को सुरक्षित रखने में इसकी अहम भूमिका है। मानव की अनेक आवश्यकताओं जैसे भोजन, वस्त्र, आवास, ऊर्जा, औषधि आदि की पूर्ति में भी यह प्रत्यक्ष रूप से योगदान देती है। जैव विविधता के अभिन्न अंग पेड़-पौधों से अनेक उपयोगी वस्तुएं तथा औषधियां प्राप्त होती हैं।

अत: हम कह सकते हैं कि जैव विविधता का आर्थिक महत्व भी है। जैव विविधता से परिपूर्ण स्थल एक प्राकृतिक पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित होते हैं, परंतु जैव विविधता की अनेक प्रजातियां आज संकटग्रस्त हैं और विलुप्त होने की कगार पर हैं। जैव विविधता विलोपन के बहुत से कारण हैं। जनसंख्या वृद्धि भी इसका एक प्रमुख कारण है।



लेखक : लकेश चंदेल
बिलासपुर, हिप्र

जैसे-जैसे जनसंख्या बढ़ती है तो लोग आवास स्थान बनाने हेतु जंगलों को काटते हैं, जो सीधे तौर पर जैव विविधता को हानि पहुंचाते हैं तथा मनुष्य द्वारा जैव विविधता संसाधनों का इतना अत्यधिक दोहन किया जाता है कि वह संकटग्रस्त होने की कगार पर आ गई है। अवैध शिकार और तस्करी अनेक जीवों के विलुप्त होने का भी एक प्रमुख कारण है। मृदा, जल तथा वायु प्रदूषण पारिस्थितिकी चक्कर को प्रभावित करता है और इसका प्रभाव सीधे तौर पर जैव विविधता पर पड़ता है। प्रदूषण के कारण अनेक जीव तथा पेड़-पौधे समाप्त हो चुके हैं। खेती के आधुनिक तरीके जिनमें विभिन्न प्रकार के हानिकारक रसायनों तथा छिड़कावों का प्रयोग किया जाता है, जिस कारण कई जीव मर जाते हैं। दिन-प्रतिदिन हम देख रहे हैं कि जंगलों में भयंकर आग लग रही है। जंगलों में विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु, पेड़-पौधे पाए जाते हैं जो कि जैव विविधता का एक अभिन्न अंग हैं। आग के कारण ये सब जलकर राख हो जाते हैं। अत: मानव प्राणी को चाहिए कि वह जंगलों को आग से बचाएं तथा अपना योगदान जैव विविधता को सुरक्षित करने में दें। हमें अपने आसपास अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिएं। लोगों को पर्यावरण की महत्ता के प्रति जागरूक करना चाहिए। हमें पर्यावरण दिवस, जैव विविधता दिवस, अंतरराष्ट्रीय पादप स्वास्थ्य दिवस इत्यादि को धूमधाम से मनाना चाहिए, ताकि लोगों में पर्यावरण के प्रति सचेतता व जागरूकता उत्पन्न हो।

आज के युग में जो जलवायु परिवर्तन हो रहा है, उससे ग्रीन हाउस गैसें बढ़ने के कारण वैश्विक तापमान में वृद्धि हो रही है। परिणाम स्वरूप विश्व में तापमान में वृद्धि से जीवों का स्थानांतरण होने से उनका जीवन प्रभावित होता है। प्राकृतिक आपदाएं जैसे ज्वालामुखी विस्फोट, भूकंप, भूस्खलन से भी जीवों तथा पेड़-पौधों को हानि होती है। इसी प्रकार बाढ़, सूखा इत्यादि से भी जैव विविधता को सीधे रूप से हानि पहुंचती है। आजकल देखा गया है कि वनों में आग लगती है जिसके कारण जीव-जंतु तथा पादप नष्ट हो जाते हैं, जिससे जैव विविधता को नुकसान पहुंचता है। वर्तमान में हम जैव विविधता विलोपन के संकट से जूझ रहे हैं। इसका संरक्षण प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। प्राकृतिक संसाधनों व पर्यावरण संरक्षण की अंतरराष्ट्रीय संस्था यूसीएन विश्व की सभी संकट ग्रस्त प्रजातियों को रेड लिस्ट के नाम से सूची जारी करता है। सन 1992 में ब्राजील के रियो डी जेनेरियो जिनेवा में हुए जैव विविधता के सम्मेलन में भारत सहित अन्य 155 देशों ने हस्ताक्षर किए थे।

भारत देश में वन्य जीव सुरक्षा अधिनियम 1972 पारित किया गया, जिसके अंतर्गत पशु विहार, नेशनल पार्क तथा जीव मंडल आरक्षित क्षेत्र रखे गए ताकि जैव विविधता को बचाया जा सके। जो देश उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं, वहां पर सबसे अधिक जैव विविधता पाई जाती है। इन्हें महाविविधता केंद्र कहा जाता है। भारत देश भी महाविविधता देशों में ही आता है। जैव विविधता के बिना पृथ्वी पर उत्तरजीविता असंभव है। इसलिए हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि पृथ्वी ग्रह पर जैव विविधता को संरक्षित करें तथा अपने भविष्य को सुरक्षित बनाएं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हिंदी के पत्र-पत्रिकाओं का राष्ट्र के विकास में अहम योगदान

**हिंदी पत्रकारिता दिवस पर विशेष**

भारत-चीन लड़ाई का उल्लेख करें अथवा भारत-पाकिस्तान युद्ध का या फिर कोरोना से जंग के कठिन दौर का, प्रेस ने प्रत्येक ऐसे विकट अवसर पर अपनी महत्ता सिद्ध की है और कहना गलत नहीं होगा कि इसमें हिंदी पत्रकारिता का स्थान सर्वोपरि रहा है। चाहे हिंदी भाषी टीवी चैनलों की बात हो या हिंदी के समाचारपत्र अथवा पत्रिकाओं की, देश की बहुसंख्यक आबादी के साथ उनका विशेष जुड़ाव रहा है और इस दृष्टि से राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं विकास की दिशा में हिंदी पत्रकारिता की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। हालांकि, हिंदी पत्रकारिता के 198 वर्षों के इतिहास में समय के साथ पत्रकारिता के मायने और उद्देश्य बदलते रहे हैं किंतु उसके बावजूद सुखद स्थिति यह है कि हिंदी पत्रकारिता के पाठकों या दर्शकों की रुचि में कोई कमी नहीं आई। यह अलग बात है कि अंग्रेजी मीडिया और उससे जुड़े कुछ पत्रकारों ने भले ही हिंदी पत्रकारिता की उपेक्षा करते हुए सदैव उसकी प्रमाणिकता एवं विश्वसनीयता पर सवाल उठाने की कोशिशें की हैं, किंतु वास्तविकता यही है कि पिछले कुछ दशकों में हिंदी पत्रकारिता ने अपनी ताकत का बखूबी अहसास कराया है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उसकी विश्वसनीयता बढ़ी है। यह हिंदी पत्रकारिता की बढ़ती ताकत का ही नतीजा है कि कुछ हिंदी अखबारों ने अनेक संस्करणों के साथ प्रसार संख्या के मामले में कुछ अंग्रेजी अखबारों को भी पीछे छोड़ दिया है।



लेखक : योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत 30 मई, 1826 को कानपुर निवासी पं. युगुल किशोर शुक्ल द्वारा प्रथम हिंदी समाचार पत्र 'उदन्त मार्तंड' के प्रकाशन के साथ हुई थी, जिसका अर्थ था 'समाचार सूर्य'। उस समय अंग्रेजी, फारसी और बांग्ला में कई समाचारपत्र निकल रहे थे, किंतु हिंदी का पहला समाचारपत्र 'उदन्त मार्तंड' 30 मई, 1826 को कोलकाता से पहली बार प्रकाशित हुआ था, जो साप्ताहिक के रूप में आरंभ किया गया था। पहली बार उसकी केवल 500 प्रतियां ही छापी गई थीं। चूंकि कोलकाता में हिंदी भाषियों की संख्या काफी कम थी और इसके पाठक कोलकाता से बहुत दूर के भी होते थे, इसीलिए संसाधनों की कमी के कारण यह लंबे समय तक प्रकाशित नहीं हो पाया।

4 दिसम्बर 1826 से 'उदंत मार्तंड' का प्रकाशन बंद कर दिया गया, लेकिन इस समाचारपत्र के प्रकाशन के साथ ही हिंदी पत्रकारिता की ऐसी नींव रखी जा चुकी थी कि उसके बाद से हिंदी पत्रकारिता ने अनेक आयाम स्थापित किए हैं। 'उदन्त मार्तंड' के बाद अंग्रेजी शासनकाल में अनेक हिंदी समाचारपत्र व पत्रिकाएं एक मिशन के रूप में निकलते गए किंतु ब्रिटिश शासनकाल की ज्यादतियों के चलते उन्हें लंबे समय तक चलाते रहना बड़ा मुश्किल था, फिर भी कुछ पत्र-पत्रिकाओं ने सराहनीय सफर तय किया। अब परिस्थितियां बिलकुल बदल चुकी हैं और हिंदी पत्रकारिता भी मिशन न रहकर एक बड़ा व्यवसाय बन गई है, किंतु अच्छी बात यह है कि आज भी हिंदी पाठक व दर्शक अपनी-अपनी पसंद के अखबारों व चैनलों के साथ पूरी शिद्दत से जुड़े हैं। देश-विदेश की हर छोटी-बड़ी हलचल से लेकर तमाम ज्वलंत मुद्दों और हर प्रकार की नवीनतम जानकारियों को जुटाकर अपने पाठकों या दर्शकों के सामने प्रस्तुत करने की बात हो या व्यावसायीकरण के आरोपों या घर बैठे दुनिया की सैर कराने की, तमाम विरोधाभासों के बावजूद हिंदी पत्रकारिता यह काम बखूबी कर रही है और आमजन के भरोसे पर खरा उतरते हुए हिंदी पत्रकारिता आज आम जनजीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है। अधिकांश हिंदी समाचारपत्रों के अब ऑनलाइन संस्करण उपलब्ध हैं।

विगत कुछ वर्षों में देश में बड़े-बड़े घोटालों का पर्दाफाश करके अनेक सफेदपोशों के चेहरों पर पड़े नकाब उतार फेंकने का श्रेय भी पत्रकारिता जगत को ही जाता है, जिसमें हिंदी पत्रकारिता की भूमिका को भी किसी भी लिहाज से कमतर नहीं आंका जा सकता। वर्तमान में जहां देशभर में नैतिक मूल्यों में बड़ी गिरावट आई है और राजनीतिज्ञों, विधायिका, कार्यपालिका तथा न्यायिक व्यवस्था पर से लोगों का विश्वास कम होता जा रहा है, वहीं पत्रकारिता भी इस नैतिक पतन का शिकार होने से नहीं बची है।

हालांकि, आज के पूर्ण व्यावसायिकता के दौर में पत्रकारिता को अव्यावसायिक बनाए रखने की बात करना बेमानी होगा क्योंकि इस पेशे से जुड़े लोगों को भी अपने परिवार के पालन-पोषण के लिए इसे एक व्यवसाय के रूप में अपनाना अनिवार्य होता गया है, लेकिन व्यावसायिकता के इस दौर में भी इसे एक उद्योग-धंधे के रूप में स्थापित करने के प्रयासों के चलते पत्रकारिता के मानदंडों को ताक पर रखने की प्रवृत्ति से तो हर हाल में बचना ही चाहिए। फिर भी इतना संतोष तो किया ही जा सकता है कि हिंदी पत्रकारिता ने इसके बावजूद अधिकांश अवसरों पर सराहनीय भूमिका निभाई है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### बीएलओ घर-घर बांटेंगे निमंत्रण पत्र



**चुवाड़ी।** हिमाचल में अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग द्वारा काम जोर-शोर से चल रहा है। भट्टियात विधानसभा क्षेत्र में एक जून को होने वाले लोकसभा चुनाव के मध्य नजर सभी कर्मचारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। बुधवार को चुनाव आयोग के दिशा निर्देश से बीएलओ और सुपरवाइजर की बैठक का आयोजन पंचायत समिति हाल चुवाड़ी में किया गया, जिसमें भट्टियात एसडीएम पारस अग्रवाल ने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को निमंत्रण पत्र व पंपलेट वितरित करेंगे। साथ ही इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा कि सभी पोलिंग पार्टी के रहने खाने का प्रबंध सही ढंग से हो। एसडीएम ने बताया कि सभी बीएलओ को वोटर लिस्ट मुहैया करवा दी गई है। भट्टियात इलेक्शन कानूनगो संजय शर्मा ने बताया कि सभी बीएलओ को मतदान से पूर्व व मतदान के दौरान किन किन बातों के ख्याल रखना है तथा किस प्रकार से मतदान की प्रक्रिया में सहयोग करना है इसके निर्देश दिए जा चुके हैं। सभी बीएलओ, सुपरवाइज़र अपने काम में जुट चुके हैं। इस बार भट्टियात में मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा और अधिक से अधिक लोग मतदान करने पंहुचेंगे। इस मौके पर स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. आकाशदीप शर्मा, बलवान सिंह, व अन्य कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

### कर्मियों को चुनाव प्रक्रिया से करवाया अवगत

**चुवाड़ी।** पोलिंग पार्टी को उनके पोलिंग स्टेशन में भेजने से पहले अंतिम चुनावी रिहर्सल राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी व पंचायत समिति हाल में दी गई। सभी पोलिंग पार्टी जो भट्टियात में चुनाव करवाने जा रहे हैं वो रिहर्सल में पंहुची। इस दौरान पोलिंग अफसर को तहसीलदार सुमन धीमान ने उन्हें चुनाव प्रक्रिया से अवगत करवाया तथा विस्तारपूर्वक सारी गतिविधियों को समझाया। इस मौके पर उनके साथ इलेक्शन कानूनगो संजय शर्मा भी उपस्थित रहे। एसडीएम पारस अग्रवाल ने पीठासीन अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि 30 मई को सभी पोलिंग पार्टियों को सामान लेकर स्टेशन में रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भट्टियात विधानसभा के 120 पोलिंग स्टेशन के लिए कुल 161 पोलिंग पार्टी नियुक्त की गई है ।

# जिले में तीन दिन बंद रहेंगे स्कूल

## जिला दंडाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मुकेश ने जारी किए आदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



अत्यधिक गर्मी के चलते विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के लिहाज से जिले के सभी विद्यालयों को 30, 31 मई और एक जून को बंद रखने की आदेश जारी किए हैं, लेकिन हैरानी की बात है जहां यह आदेश केवल सरकारी स्कूलों तक ही नजर आ रहे हैं, जबकि अधिकांश निजी स्कूल प्रबंधकों ने सरकार व जिला प्रशासन की ओर से जारी दो दिनों के अवकाश आदेशों को मानने से इंकार कर दिया है। जिसको लेकर विधार्थियों के अभिभावकों में आदेशों को लेकर काफी मलाल उपज रहा है।

गौर हो कि जिला दंडाधिकारी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मुकेश रेपसवाल ने सरकार की ओर से जारी आदेश में यह भी कहा गया है कि मतदान केंद्र वाले स्कूल परिसरों में स्कूल प्रभारी को चुनाव ड्यूटी पर तैनात नहीं होने वाले स्थानीय स्कूल के एक शिक्षक, एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी/मल्टी टास्क वर्कर/मिड डे मील वर्कर की 30 मई से एक जून तक उपस्थिति सुनिश्चित बनानी होगी।

आदेश के अनुसार 30 मई से 31 मई तक पूर्व निर्धारित परीक्षाओं वाले विद्यालय खुले रहेंगे और उनका समय सुबह 8 बजे से दोपहर 12 तक रहेगा। स्कूल प्रबंधन को पेयजल तथा कूलिंग फैसिलिटी उपलब्ध करवानी अनिवार्य रहेगी। विद्यालय के पास फर्स्ट एड बॉक्स की उपलब्धता अनिवार्य रहेगी तथा गर्मी के कारण विद्यार्थी के बीमार होने पर चिकित्सक और नर्स का प्रबंध भी आवश्यक रहेगा।

वहीं एक सर्वे अनुसार जिला चंबा में कई निजी स्कूल ऐसे हैं जहां कक्षाओं में कूलिंग इंतजाम में सिलिंग फैन तक उपलब्ध नहीं है। वहीं स्कूलों में सुबह मॉर्निंग असेंबली धूप में ही आयोजित की जाती है। ऐसे में निजी स्कूल के बच्चों पर गर्मी का प्रकोप पड़ सकता है, लेकिन इस बात की चिंता लगता है कि न स्कूल प्रबंधन को है और न ही सरकार व प्रशासन को हैं। जिसके चलते उक्त आदेशों में सरकारी स्कूलों के साथ निजी स्कूलों को शामिल नहीं किया गया है, लेकिन निजी स्कूलों में अवकाश का विषय तो निजी स्कूल प्रबंधक अपने स्तर पर यह फैसला ले सकते हैं। उन्हें किसी प्रकार से बाध्य नहीं किया जा रहा है।

### धारा 144 के तहत आदेश जारी

**डीसी** मुकेश रेपसवाल ने आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार जिला चंबा में 30 मई 2024 को शाम 6:00 बजे से 2 जून को प्रातः 11:00 तक सार्वजनिक बैठकों, रैलियों, जुलूसों तथा अन्य चुनाव प्रचार गतिविधियों के आयोजन पर प्रतिबंध रहेगा। इस अवधि के दौरान कोई भी राजनीतिक पदाधिकारी या पार्टी कार्यकर्ता जो जिला चंबा के किसी भी विधानसभा क्षेत्र का मतदाता नहीं है वह जिला में नहीं रह सकता है।

### तीन दिन शराब की बिक्री व वितरण पर पाबंदी

**लोकसभा** चुनावों के सातवें चरण में प्रदेश सहित जिला चंबा में भी एक जून को मतदान है। ऐसे में एक जून को मतदान समाप्ति से 48 घंटे पहले यानि 30 मई को शाम 6:00 बजे से एक जून शाम 6:00 बजे तक जिला में सभी शराब के ठेकों तथा बीयर बार इत्यादि पर शराब की बिक्री व वितरण पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी। इसके अलावा चार जून को भी मतगणना के दिन ड्राई डे रहेगा। इस संदर्भ में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने बताया कि जिला चंबा में लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत यह पाबंदी लागू रहेगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान कोई भी दुकानदार, वार मालिक, या अन्य कोई व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचता पाया जाता है तो उस कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### एक जून को रहेगा अवकाश

**उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत मतदान वाले दिन एक जून को सभी सरकारी कार्यालयों, बोर्डों, निगमों, शिक्षण संस्थानों तथा औद्योगिक प्रतिष्ठानों में अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि दैनिक वेतन भोगियों कर्मचारियों को भी मतदान वाले दिन यानी एक जून को सवैतनिक अवकाश (पेड होलीडे) रहेगा, ताकि सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें ।

# चंबा में अब्सेंटी श्रेणी के 1522 मतदाताओं ने डाले वोट : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

- भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार 21 से 28 मई तक घर-घर जारी रही मतदान प्रक्रिया

लोकसभा चुनाव-2024 के लिए जिला चंबा में 21 से 28 मई तक 1522 अब्सेंटी श्रेणी के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है, जिनमें 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 1160 मतदाता, 340 दिव्यांग मतदाता तथा 22 आवश्यक सेवाओं से संबंधित मतदाता शामिल है।

इस संदर्भ में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार अब्सेंटी वोटर के लिए जिला चंबा में 21 मई 2024 से शुरू की गई। इस सुविधा के तहत 28 मई 2024 तक विधानसभा क्षेत्र चुराह में 85 वर्ष व इससे से अधिक आयु के 202 तथा 39 दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया है। विधानसभा क्षेत्र भरमौर में 85 वर्ष व इससे अधिक आयु के 244, दिव्यांग 59 तथा आवश्यक सेवाओं से संबंधित 5 अधिकारीयों व कर्मचारियों ने मतदान किया है।

विधानसभा क्षेत्र चंबा में 85 वर्ष व इससे अधिक आयु के 213 तथा 42 दिव्यांग तथा आवश्यक सेवाओं से संबंधित 3 अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। डलहौजी विधानसभा में 85 वर्ष व इससे अधिक आयु के 196 तथा 88 दिव्यांग तथा 2 आवश्यक सेवाओं से संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। वहीं, विधानसभा क्षेत्र भटियात में 85 वर्ष व इससे अधिक आयु के 305, आवश्यक सेवाओं से संबंधित 12 तथा 112 दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान किया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों अनुसार 85 वर्ष व इससे अधिक आयु, दिव्यांग, कोरोना पॉजिटिव तथा आवश्यक सेवाओं में तैनात सरकारी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अब्सेंटी वोटर की सूची में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि 85 वर्षों से अधिक आयु तथा दिव्यांग मतदाताओं को मोबाइल पोलिंग पार्टियों द्वारा उनके घर द्वार पर ही मतदान की सुविधा प्रदान की गई।

# छात्राओं को माहवारी में स्वच्छता रखने को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा द्वारा राजकीय मॉडल कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चंबा में जिला कार्यक्रम अधिकारी ( स्वास्थ्य ) डॉ. वैभवी गुरंग की अध्यक्षता में मासिक धर्म स्वच्छता के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



मासिक धर्म स्वच्छता के तहत जागरूकता कार्यक्रम के तहत छात्राओं को जागरूक करती डॉ. वैभवी।

इस अवसर पर डॉ. वैभवी तथा स्वास्थ्य शिक्षका निर्मला ठाकुर ने छात्राओं को बताया कि महिलाओं में मासिक धर्म एक प्राकृतिक शारीरिक क्रिया है। यह इस बात का संकेत है कि महिला मां बनने के योग्य है। माहवारी के दौरान स्वच्छता अपनाकर हम महिलाओं में होने वाले प्रजनन अंग के संक्रमण अथवा यूरिनरी इंफेक्शन जैसी विमारियों से बचा सकते हैं। अत: इसके लिए जरुरी है कि हर माहवारी से गुजरने वाली महिला अपने इन दिनों में स्वच्छ पैड का प्रयोग करे और यदि किसी कारणवश वह इसका उपयोग नहीं कर सकती तो साफ सूती कपड़े का प्रयोग कर सकती है, परंतु उसे पुन: प्रयोग करने से पहले उसे धुप में अच्छी तरह सूखा ले। लड़कियां माहवारी के दौरान अच्छा पोष्टीक खाना खाएं। यदि पीरियड के दौरान ज्यादा दर्द की शिकायत हो तो गर्म पानी की बोतल को कपड़े में लपेट कर पेट पर सेक दें।

# 12 परिवारों ने थामा कांग्रेस का दामन

**आजम डार, तीसा**

चुराह विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता और पधाधिकारी चुनावों की तैयारियों को लेकर सक्रिय दिख रहे हैं। वहीं बुधवार को चुराह विस क्षेत्र कांग्रेस को-ऑर्डिनेटर ललित ठाकुर की अगुवाई टीम बैरागढ़ जोन के घुलेइ पंचायत में कांग्रेस पार्टी का प्रचार-प्रसार कर रहे थे। इस दौरान 12 परिवारों ने भाजपा छोड़ कर कांग्रेस का दामन थाम लिया।

वहीं चुराह में को-ऑर्डिनेटर ललित ठाकुर ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए परिवारों को आश्वाशन दिया कि कांग्रेस में आपकी सुनवाई होगी और जो भी कार्य होंगे उन कार्यों को प्राथमिकता से किया जाएगा। इस मौके पर मौजूद कार्यकारी बी सी सी अध्यक्ष अश्वनी ठाकुर, अध्यक्ष जस्सा राम भारद्वाज इंटक अध्यक्ष राकेश कुमार यूथ उपाध्यक्ष छतरपाल सिंह ज़ोन अध्यक्ष बीरबल मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



भाजपा छोड़ कांग्रेस का दामन थामने वाले परिवारों के सदस्य ललित ठाकुर व अन्यों के साथ।

# आचार संहिता में चंबा में अब तक 60 लाख की अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत जिले में आदर्श आचार संहिता का प्रभावी पालन सुनिश्चित बनाया जा रहा है।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने बताया कि प्रभावी कानून एवं व्यवस्था का पालन सुनिश्चित बनाते हुए संबंधित विभागों एवं निरीक्षण इकाइयों ने जिला में अब तक 60 लाख 13 हजार 848 रुपए के मूल्य की 20 हजार 989 लीटर अवैध शराब पकड़ने में सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए आदर्श आचार संहिता के दौरान 10 किलो 627 ग्राम मादक पदार्थ पकड़े हैं। इनका बाजार भाव लगभग 40 लाख 99 हजार 312 रुपए के करीब है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र वार पकड़ी गई अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तहत उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल ने बताया कि भरमौर विधानसभा क्षेत्र में 6 लाख 35 हजार 643 रुपए के मूल्य की 1420 लीटर अवैध शराब बरामद की गई तथा 62 हजार 500 रुपए की राशि के 250 ग्राम मादक पदार्थ पकड़े गए। भटियात विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 12 हजार 83 रुपए की 529 लीटर शराब तथा 11 लाख 25 हजार 800 रुपए की 2 किलो 730 ग्राम मादक पदार्थ बरामद हुए। उन्होंने बताया कि चंबा विधानसभा क्षेत्र में 24 लाख 37 हजार की 6432 लीटर अवैध शराब तथा 22 लाख 24 हजार 500 रुपए के राशि की 7 किलो 338 ग्राम मादक पदार्थ शामिल है।

इसी तरह चुराह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 7 लाख 80 हजार 356 रूपए की 7431 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। डलहौजी विधानसभा क्षेत्र में 19 लाख 48 हजार 762 रुपए मूल्य की 5175 लीटर अवैध शराब तथा 6 लाख 86 हजार 512 रुपए की 3 किलो 08 ग्राम मादक पदार्थ पकड़े गए।

# व्यय पर्यवेक्षक ने जिले के कई क्षेत्रों का किया औचक निरीक्षण




औचक निरीक्षण के दौरान व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी अन्य अधिकारियों के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत जिला चंबा में लोकसभा चुनावों से संबंधित व्यय पर्यवेक्षक प्रतिभा चौधरी ने भटियात, डलहौजी व चंबा विधानसभा क्षेत्रों में व्यय निगरानी से संबंधित विभिन्न नाकों तथा टीमों का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रतिभा ने सहायक व्यय पर्यवेक्षकों तथा व्यय निगरानी से जुड अधिकारियों को निष्पक्ष, भयमुक्त तथा शांतिपूर्ण चुनाव करवाने के लिए अपनी भूमिकाओं का गंभीरता से निर्वाहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रचार संबंधी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए।

इस मौके पर डीआरडीए की परियोजना अधिकारी डॉ. जयवंती ठाकुर सहित कई चुनाव अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निर्वाचन आईकन जसप्रीत ने दिया मतदान का संदेश



प्रदेश के निर्वाचन आईकन जसप्रीत पाल के साथ युवा।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत हिमाचल प्रदेश के निर्वाचन आईकन जसप्रीत पाल ने सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षण एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत बुधवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं पंडित जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय तथा चंबा बार एसोसिएशन के कार्यालय में मतदान के प्रति जागरूकता को लेकर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान जागरूकता गतिविधियों के आयोजन के साथ एक जून को मतदान करने की शपथ भी ली गई।

जसप्रीत ने साइकिलिंग द्वारा जिला मुख्यालय चंबा के आसपास के क्षेत्रों में सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान के महत्व की जानकारी देते हुए लोगों को हिमाचल चुनाव आयुक्त के सौजन्य से एक जून को मतदान करने के लिए जारी निमंत्रण पत्र भी भेंट किए।

### किसी भी तरह के लालच और प्रलोभन में न आएं

**भरमौर।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत घर सांह में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वीप नोडल अधिकारी स्वरूप कुमार ने की। उन्होंने मतदान के महत्व को लेकर विभिन्न जानकारियां साझा करते हुए सभी लोगों को देश के प्रति अपना दायित्व निभाने को लेकर एक जून को मतदान करने का आग्रह किया। इस दौरान क्षेत्र समन्वयक संजय कुमार ने भी महिलाओं को जागरूक करते हुए मतदान के अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आग्रह किया कि वह अपने मतदाता मत का प्रयोग करते हुए किसी भी तरह के लालच व प्रलोभन में न आएं। इस दौरान उन्हें शपथ भी दिलाई गई ।

### सूडोकु 0078 ★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0077 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

30 मई, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैशाख, **तिथि** सप्तमी: (11:46) : **नक्षत्र :** धनिष्ठा (7:31), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** वैधृति (8:52) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:51-12:46), **राहुकाल** (2:02 -3:46।

### विशेष दिन

- 30 मई, 2024 कालाष्टमी आज।
- 30 मई 2024 : हिंदी पत्रकारिता दिवस आज।

**मेष:** व्यावसायिक संदर्भ में नए उद्यम की शुरुआत हो सकती है या एक नए सौदे को अंतिम रूप दिया जा सकता है।

**वृषभ:** कार्यस्थल पर आपके पास अपनी योग्यता साबित करने के बेहतर अवसर होंगे जो आपको सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

**मिथुन:** आज आप में से कुछ की रचनात्मकता चरम पर होगी, लेकिन वित्तीय दबाव हो सकता है। आज आप किसी बुद्धिमान व्यक्ति की सलाह पर गौर करें।

**कर्क :** दिन की शुरुआत में चीजें योजना के अनुसार घटित नहीं हो पाएंगी। किन्तु आप घटनाओं पर कैसे प्रतिक्रिया करते हैं, यह अत्याधिक महत्वपूर्ण है।

**सिंह:** आज सामाजिक कार्य या राजनीति से जुड़े लोग कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य पर खर्च हो सकता है।

**कन्या :** व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन अत्यधिक शुभ है और आप काफी प्रगति करेंगे। आय की वृद्धि के लिए स्थिति विकसित होगी।

**तुला:** आज का दिन आपमें से अधिकतर के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकता है। आप शुभचिंतकों और दोस्तों की मदद से भविष्य की योजनाएं बना सकेंगे।

**वृश्चिक:** जीवनसाथी की खराब सेहत की वजह से घर में खुशियों की कमी आएगी। आप चिड़चिड़ा महसूस करेंगे। व्यापार में तेजी आएगी।

**धनु :** अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्कता बरतें। आपका अत्यधिक मौज-मस्ती का स्वभाव है तो सावधान हो जाएं अन्यथा किसी स्कैंडल में फंस सकते हैं।

**मकर:** कोई पुराना विवाद समाप्त होगा और परिणाम आपके पक्ष में रहेगा। समय अनुकूल होने के बावजूद शत्रु लगातार पनपेंगे और परेशान करेंगे।

**कुंभ :** आज का दिन मिश्रित परिणामदायक रहेगा। आमदनी ठीक रहेगी लेकिन बढ़ते खर्चों पर विराम लगाने में आप सफल नहीं हो पाएंगे।

**मीन:** दोस्तों की मदद से आप चीजों को सकारात्मक रूप से घुमा पाएंगे। आप मौसम के अनुसार थोड़ा शिथिल महसूस कर सकते हैं।

# दो जून को बनीखेत में होगा अंतर जिला महिला वर्ग क्रिकेट चंबा टीम का चयन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

अंतर जिला महिला क्रिकेट प्रतियोगिता (ओपन वर्ग) के लिए जिला चंबा की टीम का चयन दो जून को सुबह 11 बजे पधर मैदान बनीखेत में होगा।

इसके लिए महिला क्रिकेट कमेटी का गठन भी कर दिया गया है। इसमें गीता मेहता को चेयरपर्सन बनाया गया है, जबकि, गौरव व्यवस्थापक की भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा कमेटी में हेड कोच सुनील, कन्वीनर शिवाली के अलावा अंतरिक्ष, अशोक ठाकुर तथा दिनेश को शामिल किया गया है। व्यवस्थापक गौरव ने बताया कि ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म प्रमाणपत्र, बोनाफाइड हिमाचली तथा आधार कार्ड लेकर आना होगा।

उन्होंने कहा कि क्रिकेट टीम के लिए जिला मुख्यालय चंबा के अलावा अन्य स्थानों से खिलाड़ी भाग लेंगे। चयन प्रक्रिया में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को 500 रुपए प्रति खिलाड़ी फीस जमा करवानी होगी। इस संबंध में जानकारी मोबाइल नंबर 94186-02020 पर ले सकते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से आग्रह करते हुए कहा ट्रायल में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करें। खिलाड़ियों के लिए बेहतर मंच प्रदान करने के लिए जिला क्रिकेट संघ की ओर से लगातार कार्य किया जा रहा है।

# भरमौर में रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

बुधवार को जय कृष्णागिरी पब्लिक हाई स्कूल भरमौर में एक मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली का आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य आने वाली एक जून 2024 को 18वीं लोकसभा के लिए होने वाले चुनाव में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना था।

इस मौके पर विद्यार्थियों ने वोट फॉर नेशन थीम के आधार पर स्कूल परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता में भी भाग लिया तथा रैली में भी हिस्सा लिया। रैली के द्वारा लोगों को यह बताने की कोशिश की गई कि आपका एक वोट आपकी आवाज है। बिना कोई हिंसा किए आप अपने दिल की आवाज सुनकर देश हित में एक अच्छे नागरिक को वोट देकर देश के विकास में योगदान दे सकते हैं।

जिनकी भी 18 वर्ष से ऊपर आयु हो चुकी है और वोट बन चुका है वह वोट अवश्य दें कोई भी घर पर न बैठे वोट देने अवश्य जाएं।

**प्रशिक्षण** राजकीय सहस्त्राब्दी बहुतकनीकी संस्थान चंबा में तीसरा चुनाव पूर्वाभ्यास सत्र आयोजित

# चुनाव के सफल संचालन के लिए दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

चंबा विधानसभा अनुभाग के अंतर्गत आगामी एक जून को आयोजित होने वाले लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुरुष, महिला, दिव्यांग, युवा पीठासीन अधिकारियों, सहायक पीठासीन अधिकारियों तथा चुनाव अधिकारियों के लिए तीसरा चुनाव पूर्वाभ्यास का आयोजन राजकीय सहस्त्राब्दी बहुतकनीकी संस्थान चंबा सभागार में सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम चंबा अरूण शर्मा की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें प्रोफेसर अविनाश तथा प्रोफेसर अरुण सेठ मास्टर ट्रेनर के रूप में मौजूद रहे ।

इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम चंबा अरुण शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों को आगामी लोकसभा चुनाव के सफल एवं सुगम संचालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए चुनाव आयोजित करवाने संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। मास्टर ट्रेनर प्रो. अविनाश ने सभी उपस्थित अधिकारियो द्वारा पूछे गए उनके प्रश्नों का संभव उत्तर देकर उचित निवारण किया।



चुनाव पूर्वाभ्यास में मौजूद कर्मचारी व अधिकारी तथा उनको संबोधित करते वक्ता।

अधिकारियों को बताया गया कि किस प्रकार से चुनाव के दिन मॉक पॉल से लेकर चुनाव समाप्त होने व चुनाव सामग्री जमा करवाने तक की जानकारी समय-समय पर ऑनलाइन भरी जानी है, ताकि सारे आंकड़े जिला निर्वाचन अधिकारी व चुनाव आयोग तक पहुंच सकें व किसी भी प्रकार के चुनाव व्यवधान में अधिकारिओं को यथासमय सूचना देकर उचित मार्गदर्शन प्राप्त कर के चुनाव प्रक्रिया को सुगमता पूर्वक संचालित किया जा सके।

ज्ञात रहे कि 30 मई को पोलिंग पार्टियां मूवमेंट प्लान के अनुसार राजकीय सहस्त्राब्दी बहुतकनीकी संस्थान चंबा परिसर से ही बसों के माध्यम से अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए रवाना हो जाएंगी। इस मौके पर कई चुनाव अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बचाव दल ने पर्यटकों को सुरक्षित कोकसर पहुंचाया



**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली से रोहतांग टॉप घूमने के लिए गए पर्यटकों को सुरक्षित कोकसर पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार रोहतांग टॉप में सैर सपाटा करने गए पर्यटक लौटते हुए रास्ते में गाड़ी खराब होने की वजह से फंस गए थे। इस दौरान पर्यटक करीब रोहतांग में करीब तीन घंटे तक फंसे रहे। रोहतांग में फंसे पर्यटकों ने कोई और रास्ता न देख फौरन आपातकालीन नंबर-112 पर फोन कर मदद की मांग की। इस दौरान कोकसर पुलिस चौकी के सहायक उपनिरीक्षक उत्तम चंद के नेतृत्व में पुलिस टीम रोहतांग टॉप पर पहुंची और फंसे हुए सभी पर्यटकों को सुरक्षित बचाया। बचाव दल ने सभी फंसे हुए पर्यटकों को पुलिस वाहनों के माध्यम से रात के करीब 11:30 बजे कोकसर सुरक्षित लाया गया। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी केलांग मयंक चौधरी ने बताया कि पर्यटकों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया है और सभी पर्यटक पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

### पार्टी कार्यकर्ताओं के जुलूस पर रहेगा प्रतिबंध

**केलांग।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने 48 घंटे पूर्व प्रचार-प्रसार बंद किए जाने, जिले के बाहर राजनीतिक व्यक्ति और कार्यकर्ता को 48 घंटे पूर्व जिला छोड़ने को लेकर दिए गए राजनीतिक दलों को दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने 16 मार्च से लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के कार्यक्रम की घोषणा की है, जिसके तहत प्रचार अवधि 30 मई को शाम छह बजे समाप्त हो जाएगी और मतदान एक जून को निर्धारित है। राहुल ने आदेश जारी करते हुए कहा कि राज्य चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसरण में हिमाचल के लाहौल-स्पीति में राजनीतिक पदाधिकारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं के जुलूस, अभियान-पदाधिकारियों आदि की उपस्थिति पर प्रतिबंध रहेगा, जो कि 30 मई को सायं छह बजे से एक जून को सायं छह बजे तक मतदान समाप्ति तक रहेगा और जो कि निर्वाचन क्षेत्र के बाहर से लाए गए हैं व जिले के 21-लाहौल-स्पीति विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं। लिहाजा, ऐसे व्यक्तियों को जिले में मौजूद नहीं रहना चाहिए क्योंकि अभियान अवधि समाप्त होने के बाद उनकी निरंतर उपस्थिति स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के माहौल को कमजोर कर सकती है।

### विक्रमादित्य सिंह की जीत पक्की : गोकुल चंद

**मनाली।** प्रदेश एससी मोर्चा के उपाध्यक्ष एवं लाहौल-स्पीति एससी प्रभारी गोकुल चंद ने कहा कि कुल्लू में आयोजित प्रियंका गांधी की रैली में उमड़ी भीड़ को देख भाजपा की नींद उड़ गई है। प्रेस को जारी बयान में गोकुल चंद ने कहा कि इस बार हिमाचल में नरेंद्र मोदी का जादू चलने वाला नहीं है। हिमाचल के लोग विकास को प्राथमिकता दे रहे हैं। प्रियंका गांधी को सुनने आज हजारों लोग कुल्लू पहुंचे थे। भीड़ ने जता दिया है कि मंडी से विक्रमादित्य की जीत सुनिश्चित है। गत वर्ष आई बाढ़ से हुए नुकसान के समय केंद्र ने प्रदेश की अनदेखी की है। प्रदेश की जनता जानती है कि केंद्र सरकार ने राजनीति के चलते हिमाचल में कांग्रेस सरकार की मदद नहीं की। अपने को मनाली की कहने वाली भाजपा प्रत्याशी कंगना ने कभी हिमाचल के लोगों का दर्द नहीं समझा। जनता के रुझान से स्पष्ट हो गया है कि विक्रमादित्य की जीत पक्की है। लाहौल-स्पीति एससी प्रभारी होने के नाते गोकुल ने कहा कि कांग्रेस सरकार के विकासात्मक कार्यों को देखते हुए लोग कांग्रेस प्रत्याशी अनुराधा राणा को ही अपना विधायक बनाएंगे।

# मोदी हिमाचल की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं कर सके : प्रियंका

## कहा- भाजपा कार्यकाल में खरबपति मित्रों को दिया जा रहा फायदा, आपदा में भाजपा नेता लोगों का दुख-दर्द तक जानने नहीं आए

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल को अपना घर मानते हैं, लेकिन आपदा के समय तो उनको अपने घर के लोगों की याद तक नहीं आई।

यह बात उन्होंने कुल्लू के ढालपुर में कांग्रेस की न्याय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने रघुनाथ, बिजली महादेव और अठारह करडू की जयकार के साथ अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि हिमाचल में आपदा आई, मुख्यमंत्री सुक्खू, विक्रमादित्य, सुंदर ठाकुर सहित मंत्री जो 24 घंटे जनता की सेवा के लिए मौजूद रहे। दूसरी तरफ मोदी कहते हैं कि हिमाचल उनका दूसरा घर है, लेकिन इसे राष्ट्रीय आपदा घोषित नहीं कर सके और इन्हें आपदा के समय भी राजनीति सूझ रही थी।



ढालपुर मैदान में आयोजित कांग्रेस पार्टी की जनसभा में प्रियंका गांधी को सुनने के लिए आई जनता एवं पार्टी कार्यकर्ता।

अगर राष्ट्रीय आपदा घोषित होती, तो राहत कार्यों के लिए केंद्र से राशि मिलती। आपदा में भाजपा नेता लोगों का दुख-दर्द तक जानने नहीं आए। देश में दो अलग-अलग तरह की राजनीतिक विचारधाराएं हैं। आपदा से उभरने के लिए राज्य की कांग्रेस सरकार के साथ पूरे समाज ने एकजुट होकर काम किया। यदि आपदा में प्रधानमंत्री हिमाचल आना नहीं चाहते थे, तो राहत तो भेज देते। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस की हिमाचल सरकार की तरफ से जनता को पूरी राहत दी गई। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि आपदा के बाद भाजपा ने धनबल के आधार पर प्रदेश सरकार को गिराने व विधायकों को खरीदने की कोशिश की। प्रियंका ने कहा कि कोविड वैक्सीन बनाने वाले से भाजपा ने 52 करोड़ रुपए का चंदा लिया। अग्निवीर योजना से युवाओं से धोखा किया है न पेंशन की सुविधा और न ही शहीद का दर्जा, युवाओं की उम्मीदें टूट रही हैं।

प्रियंका ने कहा कि देश के अंदर 45 साल में सबसे अधिक बेरोजगारी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में रोजगार बनने का काम लगभग ठप हो गया। भाजपा की नीतियों ने छोटे कारोबारियों, पर्यटन को बहुत नुकसान पहुंचाया है। नोटबंदी और जीएसटी से और भी नुकसान हुआ है। खरबपति मित्रों को फायदा दिया जा रहा है। प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार, छह बार सीएम रहे दिवंगत वीरभद्र सिंह को याद करते हुए प्रियंका ने कहा कि दोनों ने सीएम रहते हुए सादगी पूर्ण जीवन जीया। (अनंत ज्ञान)

### रोहतांग टनल से माता का नाम हटवाया, कोई बात नहीं

अटल टनल रोहतांग का शिलान्यास मेरी माता जी ने करवाया था, बेशक आज वहां पर उनका नाम वहां से हटा दिया, लेकिन कोई बात नहीं जनता को टनल की सुविधा तो मिल गई। वहां पर किसका नाम हो या न हो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि आज वहां पर मोदी का नाम है कल को किसी और का भी होगा, लेकिन जनता को टनल की सुविधा मिली यह कांग्रेस की देन है।





कांग्रेस पार्टी के स्टेट सोशल मीडिया सैल के चेयरमैन रोहित वत्स धामी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से शिमला में मुलाकात कर चुनाव से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करते हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया सैल में चल रहे उनकी टीम के कार्यों के बारे में भी जानकारी दी।

# चुनाव लोकतंत्र का आधार, पारदर्शी तरीके से निपटाएं चुनावी प्रक्रिया : नरेश

**अनंत ज्ञान, आनी**

चुनाव लोकतंत्र का आधार है, इसलिए पारदर्शी चुनाव अति महत्वपूर्ण है। पारदर्शी चुनाव को चुनावी ड्यूटी में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा सुनिश्चित किया जाना है।

एसडीएम नरेश वर्मा ने बुधवार को यह बात कही। चुनावी ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों के तीसरे चरण के पूर्व अभ्यास कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि पारदर्शी चुनाव, चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरश: पालन कर सुनिश्चित किया जाना है। पूर्वाभ्यास कार्यक्रम आनी के हरिपुर कॉलेज में आयोजित किया गया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी सूरत में नियमों का उल्लंघन न हो। कोई भी ऐसा कार्य न करें, जिससे चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों की अवहेलना हो। इस मौके पर उन्होंने मतदान शुरू होने और समाप्त होने के पश्चात प्रक्रिया के बारे में भी विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने ईवीएम संचालन और इससे संबंधित नियमों पर भी अधिकारी और कर्मचारियों की शंकाओं को दूर किया।



चुनावी ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों के तीसरे चरण के पूर्व अभ्यास कार्यक्रम के दौरान कर्मचारी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रश्चात उन्होंने कहा कि आनी आरक्षित विधानसभा क्षेत्र के कुल 89673 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 45643 पुरुष तथा 44030 महिला मतदाता शामिल हैं और इनमें 2906 नए युवा मतदाता शामिल हैं। आनी विधानसभा क्षेत्र में कुल 145 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। चुनाव की प्रक्रिया प्रात: सात से सायं 6 बजे तक निभाई जाएगी और चुनाव के दौरान पूरी चौकसी व सतर्कता बरती जाएगी। एआरओ एवं एसडीएम ने बताया कि आनी में दो महिला बूथ पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट जमा दो विद्यालय बूथ नंबर 53 और निगान-57 बनाए गए हैं, जबकि मतदान केंद्र 52 विश्राम गृह आनी और मुंडदल को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है, वहीं 63 बैहना मतदान केंद्र को युवा बूथ बनाया गया है।

# मनाली में पर्यटन कारोबार पकड़ेगा रफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली में आज से पर्यटन कारोबार रफ्तार पकड़ेगा। गत सप्ताह वीरवार, शुक्रवार व शनिवार को आठ हजार पर्यटक वाहन मनाली पहुंचे। गत सप्ताहांत मनाली जाम हो गई थी। पर्यटकों को कमरे के लिए भटकना पड़ रहा था।

सोमवार से बुधवार तक पर्यटकों की आमद कम रही, लेकिन वीरवार को फिर से ग्राफ बढ़ेगा। अन्य दिनों की अपेक्षा सप्ताहांत में पर्यटकों की आमद डेढ़ गुना बढ़ रही है। इस दौरान ट्रैफिक जाम ने भी सभी की दिक्कत बढ़ाई। समर सीजन के चलते सभी छोटे व बड़े होटलों में रौनक छा गई है। होटल कुल्लवी वाद्ययंत्रों से गूंज रहे हैं। कारोबार भी बेहतर रहने से सभी को राहत मिली है। दूसरी और बुधवार को बर्फ के दीदार को अधिकतर पर्यटक रोहतांग पहुंचे। अटल टनल बनने के बाद शिंकुला व बारालाचा दर्रे तक पर्यटकों की हालांकि पहुंच आसान हुई है, लेकिन रोहतांग दर्रे की लोकप्रियता अभी भी कम नहीं हुई है। मनाली आने वाला पर्यटक रोहतांग दर्रे को ही प्राथमिकता दे रहे हैं। हालांकि सीमित परमिट होने से दिक्कत भी हो रही है, लेकिन रोहतांग दर्रा ही पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है। आज पर्यटकों ने बारालाचा व शिंकुला दर्रे के भी दीदार किए। लाहौल-स्पीति प्रशासन ने हालांकि अभी एक दिन छोड़कर ही इन दर्रों में जाने की अनुमति दी है, लेकिन जल्द ही दर्रों में पर्यटकों की आवाजाही सुचारु हो जाएगी। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पर्यटकों की आमद बढ़ने से ट्रैफिक जाम की दिक्कत बढ़ी है, लेकिन ट्रैफिक सुचारु रखने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।



विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रोहतांग में बर्फ के बीच पर्यटक मस्ती करते हुए।

### छह माह बाद बहाल हुआ ग्रांफू-काजा मार्ग

लाहौल-स्पीति को कुंजुम के रास्ते जोड़ने वाला ग्रांफू-काजा मार्ग सीमा सड़क संगठन ने करीब छह माह बाद बहाल कर दिया है। इस बार अधिक बर्फबारी होने पर भी बीआरओ ने चुनाव के चलते दो दिन पहले खोल दिया है। अब स्पीति घाटी के लोगों के लिए लाहौल, मनाली, कुल्लू के बीच सफर सुगम होगा, वहीं स्पीति घाटी के पर्यटन को भी पंख लगेंगे। हालांकि सीमा सड़क संगठन के लिए करीब 15,000 फुट ऊंचा कुंजुम दर्रा को जल्द बहाल करना कोई आसान काम नहीं था।

# समाजसेवी फूंचोग डोलमा की घर में फिसलने से मौत, जिले में शोक की लहर

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

सुप्रसिद्ध समाजसेवी फूंचोग डोलमा के आकस्मिक निधन से एक तरफ जहां समस्त लाहौल-स्पीति में शोक की लहर दौड़ गई है।

लाहौल-स्पीति के गोशाल निवासी फूंचोग डोलमा कुल्लू कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर अपनी सेवाएं दे चुकी हैं और शुरू से ही समाजसेवा की भावना को मन लिए समाज सेवा में हमेशा अग्रसर रहीं। स्वर्गीय फूंचोग डोलमा अपने विनम्र स्वभाव और जरूरतमंदों की जी जान से मदद करने के लिए जानी जाती थी। फूंचोग डोलमा अपने अध्यापन के कार्यकाल के दौरान ओर सेवानिवृत्त होने के बाद समाजसेवा के कार्य को हमेशा जारी रखा। फूंचोग डोलमा ने कुल्लू ओर लाहौल-स्पीति के जरूरतमंदों, गरीबों, आर्थिक तंगी से जूझ रहे लोगों, गंभीर बीमारी से जूझ रहे लोगों की हमेशा आर्थिक रूप से मदद की। (अनंत ज्ञान)

### समाजसेवा की एक अनूठी मिसाल की पेश



समाजसेवा के कार्य को अपने भाई कैप्टन प्रेमजीत रॉकपा मेमोरियल के माध्यम से भी जारी रखा और सैकड़ों लोगों की मदद कर निस्वार्थ भाव से समाजसेवा करने की एक अनूठी मिसाल पेश की। जानकारी के अनुसार फूंचोग डोलमा कटराई में स्थित अपने मकान में थी, जहां पर उन्होंने मकान का काम चला था और इसी दौरान अचानक पांव फिसलने से उन्हें गहरी चोट आई, जिस कारण उन्हें फौरन चिकित्सा के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां बहुत प्रयास करने के बावजूद भी चिकित्सक उन्हें बचा नहीं पाए। तांदी संगम घाट पर फूंचोग डोलमा के पार्थिव शरीर को अंतिम विदाई देते हुए अंतिम संस्कार किया गया।

# संतोष तोशी और बीरबल मुसाफिर के गानों पर नाचा चखाणा

**अनंत ज्ञान, आनी**

आनी के लगते करसोग के तुमन पंचायत के गांव चखाणा में दो दिवसीय जागरा मेला धूमधाम के साथ मनाया गया।

गांव चखाणा में मंगलवार व बुधवार को स्थानीय अधिष्ठात्री देवी मां बाड़ी दुर्गा के सानिध्य में स्थानीय युवक मंडल के सौजन्य और सहयोग से दो दिवसीय प्राचीन जागरा मेला बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मेले में भाग लेने के लिए आसपास के गांव सहित दूर-दराज के गांवों से सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मां बाड़ी दुर्गा के मंदिर में मां के दर्शन कर और शीश नवाकर उनसे सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया। मेले का शुभारंभ पर्यावरण के क्षेत्र में हिमाचल गौरव पुरस्कार से अलंकृत समाजसेवी ठाकुर मान सिंह ने बतौर मुख्यातिथि किया। मेला कमेटी की ओर से युवक मंडल प्रधान नूर चंद शर्मा ने उन्हें टोपी, बैच व शॉल पहनाकर उनका स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया, वहीं मुख्यातिथि के साथ आए अन्य अतिथियों में मंदिर कमेटी प्रधान मनोज वर्मा, समाजसेवी हेत राम ठाकुर, श्याम सिंह ठाकुर, यशवंत ठाकुर, तुलसी राम शर्मा, सुभाष ठाकुर, राजू शर्मा तथा टीआर शर्मा को भी युवक मंडल ने सम्मानित किया।



संतोष तोशी और बीरबल मुसाफिर सांस्कृतिक संध्या में प्रस्तुति देते हुए।

इस मौके पर युवक मंडल प्रधान नूर चंद शर्मा ने अपने संबोधन में जागरा मेला के आयोजन पर प्रकाश डाला और मुख्यातिथि मान सिंह का मेले में पधारने पर उनका आभार जताया। वहीं, सांस्कृतिक संध्या के मुख्यातिथि समाजसेवी ठाकुर ने लोगों को चखाणा जागरा मेले की बधाई दी और कहा कि मेले व त्योहार, परंपरा और लोक संस्कृति के संवाहक हैं, जो आज के वैज्ञानिक युग में भी अपनी प्रासंगिकता को बनाए हुए हैं। प्रत्येक जनपद में परंपरा के अनुरूप मेलों व अन्य त्योहार को मनाने का अपना ही स्वरूप होता है, जो प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से लोक संस्कृति, देव परंपरा और लोक धारणाओं को परिपूर्ण करता है।

चखाणा जागरा मेले की सांस्कृतिक संध्या में तांत्रा ब्वॉयज फेम स्टार गायक डॉ. संतोष तोशी और बीरबल मुसाफिर ने अपने गानों की झड़ी लगाकर संध्या में खूब धमाल मचाया। सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय लोक कलाकारों और स्कूली बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से खूब तालियां बटोरी।

# माता हिडिंबा के नाम से जाली पेज बनाने वाले पर कसा शिकंजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

माता हिडिंबा के नाम से जाली पेज बनाने वाले पर माता के पुजारी व कारदार ने शिकंजा कस दिया है। मंडी के सुंदरनगर निवासी कर्ण डोगरा ने माता हिडिंबा के नाम से सोशल मीडिया में जाली पेज बनाया है।

बहुत समय पहले बनाए उस पेज में वह माता हिडिंबा के फोटो शेयर करता था। उसने माता के रथ की नकल करते हुए सुंदरनगर में रथ भी बना दिया था। पिछले कुछ समय से उसने सोशल मीडिया में माता हिडिंबा के नाम पर गुराही भी शुरू कर दी थी, जैसे ही इस ओछी हरकत की जानकारी मनाली में माता हिडिंबा मंदिर कमेटी को लगी, तो वो सर्तक हो गए। उन्होंने उक्त व्यक्ति के बनाए गए पेज में गूगल पे नंबर पर संपर्क किया, तो उसने माना कि वह माता के नाम पर गुराही कर रहा था।

### माफीनामा देकर गलती मानी

आज सुंदर नगर निवासी कर्ण डोगरा ने मनाली थाने आकर माफीनामा देकर अपनी गलती मान ली और आगे से ऐसा न करने की बात भी कही। माता के पुजारी एवं कारदार रमन शर्मा, कारदार रघुवीर नेगी ने कहा कि उन्हें सोशल मीडया से ही जानकारी मिली थी कि सुंदर नगर का यह व्यक्ति माता हिडिंबा के नाम पर गुराही कर रहा था।

# मतदान प्रक्रिया की समझाई बारीकियां

**केलांग।** लोकसभा आम चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के लिए पहली जून को होने वाले मतदान को लेकर लाहौल-स्पीति-21 विस अनुसूचित जनजातीय क्षेत्र लाहौल के पोलिंग पार्टियों को केलांग पुलिस ग्राउंड में अंतिम पूर्वाभ्यास आयोजित करवाया गया, जिसमें ईवीएम पीपीटी के माध्यम से मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान प्रक्रिया की बारीकियां समझाई गईं।

जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल कुमार ने चुनाव डयूटी के लिए तैनात सभी पीठासीन व मतदान अधिकारियों को टीम भावना के साथ पूरी निष्ठा से समन्वय के साथ कार्य के लिए भी निर्देशित किया।

# भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए बब्बू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भाजपा के वरिष्ठ नेता जो भारतीय जनता पार्टी में कई अति महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं जीएस बब्बू ने भाजपा का दामन छोड़ कांग्रेस का हाथ थाम लिया है।

बुधवार को कुल्लू में आयोजित कांग्रेस की न्याय संकल्प रैली के दौरान जीएस बब्बू ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। जीएस बब्बू प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री, व्यापार मंडल कुल्लू के 10 साल तक प्रधान, कुल्लू नगर परिषद के दो बार पार्षद रहे हैं। वर्तमान में वह कुल्लू गुरुद्वारा सिंह सभा के चेयरमैन भी हैं। जीएस बब्बू के भाजपा छोड़ने से भाजपा को कुल्लू में नुकसान हो सकता है। यदि इसी प्रकार भाजपा के निष्ठावान लोगों का झुकाव इन चुनाव में कांग्रेस के प्रति होता रहा, तो भाजपा को आने वाले चुनाव में निश्चित रूप से भारी नुकसान होगा। भाजपा बगावत किए हुए अपने लोगों की सुध लेने को तैयार नहीं और कांग्रेस इन चुनावों में तिनका-तिनका जोड़ने की बढ़त की तरफ नजर आ रही है।



भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए जीएस बब्बू सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर के साथ।

# लाहौल-स्पीति में आज से पहली जून और 4 को ड्राई-डे घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लोकसभा आम चुनाव व विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर लाहौल-स्पीति में मतदान से 48 घंटे पूर्व यानी 30 मई शाम 6 बजे से पहली जून शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया संपन्न होने तक ड्राई-डे घोषित किया गया है।



जिला निर्वाचन अधिकारी लाहौल=स्पीति राहुल कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा कि लाहौल-स्पीति में पहली जून को होने वाले लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत होटलों, ढाबों, दुकानों अथवा अन्य सार्वजनिक एवं निजी स्थलों पर शराब आदि जैसे किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की बिक्री और वितरण पर पाबंदी रहेगी। इसके अलावा मतगणना के दिन 4 जून को मतगणना पूर्ण होने तक भी जिले में 'ड्राई-डे' रहेगा, ताकि चुनावी प्रक्रिया का स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचारू निष्पादन सुनिश्चित हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि आदेशों की अवहेलना करने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**समापन** 13 मई को शुरू हुई थी यात्रा, 247 बूथों एवं सार्वजनिक स्थानों से होते हुए 595 किलोमीटर का सफर किया तय

# 16 दिन तक चली लोकतंत्र की मशाल यात्रा मनाली में संपन्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

एसडीम मनाली रमन शर्मा ने मनाली में लोकतंत्र की मशाल यात्रा के समापन अवसर पर मशाल को उपनिदेशक नेहरू युवा केंद्र कुल्लू एवं जिला नोडल अधिकारी स्वीप डॉ. लाल सिंह को सौंपा।

16 दिन तक चली लोकतंत्र की मशाल यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश सरकार प्रबोध सक्सेना ने 13 मई को ढालपुर के रथ मैदान से किया। इस यात्रा ने जिला भर के सभी विधानसभा क्षेत्रों कुल्लू, बंजार, आनी व मानली में सहायक निर्वाचन अधिकारियों तथा स्वीप के विधानसभा क्षेत्र में कार्यरत नोडल अधिकारियों की अगुवाई में 247 बूथों एवं सार्वजनिक स्थानों से होते हुए 595 किलोमीटर का सफर तय किया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर मतदाताओं को एक जून को मतदान के लिए जागरूक किया। इससे पूर्व मनाली में लोकतंत्र मशाल यात्रा में जिला चुनाव आइकॉन अंचल ठाकुर, सुविख्यात माउंट एवरेस्ट विजेता डिकी डोलमा एवं उत्तराखंड से माउंट एवरेस्ट विजेता कुमारी अमीषा तथा एडवेंचर संगठन कुल्लू मनाली के पदाधिकारियों ने डॉ. लाल सिंह डिप्टी डायरेक्टर नेहरू युवा केंद्र एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी, श्यामलाल हांडा की अगुवाई में लोकतंत्र की मशाल के साथ माल रोड मनाली में दौड़ लगाकर हजारों मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर एडवेंचर एसोसिएशन के पदाधिकारी कपिल नेगी, वॉलिंटियर्स, बीएलओ को चुनाव स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।




16 दिन तक चली लोकतंत्र की मशाल यात्रा मनाली में पहुंची।

# मतदान से 48 घंटे पूर्व प्रिंट मीडिया में विज्ञापन का प्रमाणीकरण जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मीडिया प्रमाणीकरण एवं अनुश्रवण समिति (एमसीएमसी) के अध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि प्रिंट मीडिया में राजनीतिक दलों या प्रत्याशियों द्वारा विज्ञापन प्रकाशन के लिए मतदान से पूर्व 48 घंटों में प्रमाणीकरण अनिवार्य है।

एमसीएमसी की ओर से 24 घंटे लोकसभा चुनावों तथा विस उपचुनाव के दौरान राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, संस्थाओं या व्यक्तियों द्वारा बिना पूर्व प्रमाणीकरण के राजनीतिक विज्ञापन का प्रसारण करने अथवा प्रिंट मीडिया में पेड न्यूज की निगरानी की जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार राजनीतिक विज्ञापन प्रसारित करने से पहले इसका पूर्व प्रमाणीकरण करवाना जरूरी है। पूर्व प्रमाणीकरण के लिए राज्य स्तर पर शिमला में तथा जिला स्तर पर एमसीएमसी समिति बनाई गई है। इलेक्ट्रानिक मीडिया, सोशल मीडिया तथा बल्क एसएमएस आदि के लिए पूर्व प्रमाणीकरण अनिवार्य है, वहीं आवेदक निर्धारित प्रपत्र पर विज्ञापन संबंधी जानकारी, ऑडियो-वीडियो फाइल व स्क्रिप्ट की स्व-हस्ताक्षरित कॉपी भेज कर अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। जिला स्तरीय एमसीएमसी से पूर्व प्रमाणीकरण के लिए जिला लोक संपर्क अधिकारी कार्यालय में आवेदन करना होगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों, विभिन्न संगठनों तथा स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों से निर्वाचन आयोग की ओर से जारी निर्देशों का पूर्ण पालन करने का आग्रह किया है।



# नयनादेवी में आग से दो गाड़ियां राख

## जंगलों की आग मां की गुफा तक पहुंची; लाखों रुपए की वन संपदा चढ़ी आग की भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

विश्व विख्यात शक्तिपीठ नयनादेवी में मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि आग का तांडव हुआ है। देर रात लगी आग ने इतना भयंकर रूप ले लिया कि आग माता की गुफा स्थान तक जा पहुंची।

इसके बाद अग्निशमन विभाग की टीम और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। परंतु इस आगजन की घटना में मंदिर के दो पुजारी विशाल शर्मा और विकास शर्मा दोनों गाड़ियां जलकर पूरी तरह से राख हो गई। वहीं, इस आगजन की घटना से लाखों रुपए की वन संपदा सहित अन्य कई लाखों रुपए के नुकसान का आकलन किया जा रहा है। वहीं, यह आगजन जिला की सबसे बड़ी आगजन की घटना बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार और बुधवार की मध्यरात्रि को लगी इस आग की जानकारी लोगों को तब पता चली जब यह आग काफी उपर तक मंदिर गुफा तक जा पहुंची थी। जिसके बाद आधी



नयनादेवी में आग से जलीं कारें।

रात तक विभाग और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन इस आगजन की घटना का नुकसान का ज्यादा पता तब चला जब सुबह पुजारियों की दोनों गाड़ियां इस आगजन की चपेट में आ गई।

**तापमान पहुंचा 38 डिग्री के पार**

**उधर,** इस संदर्भ में जब मंदिर पुजारी विशाल शर्मा और विकास शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस आगजनी की घटना से उनकी दोनों की गाड़ियां पूरी तरह से चलकर राख हो गई है। वहीं, रात्रि के समय लगी इस आग ने नयनादेवी स्थल का तापमान रात्रि के समय 38 डिग्री से अधिक तक तापमान कर दिया था, जिससे काफी गर्म मौसम रात्रि के समय हो गया था। गनीमत यह रही कि इस घटना में कोई व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया है।

### खेतों में लगी आग बुझाते बुजुर्ग की जलने से मौत

**घुमारवीं।** बिलासपुर जिले के भराड़ी थाना क्षेत्र के तहत घंडालवीं पंचायत में समलाह गांव के 88 वर्षीय बुजुर्ग की आग बुझाते समय जलकर मौत हो गई। बुजुर्ग की पहचान सेवानीवर्त अध्यापक कृष्ण चंद के तौर पर हुई है। घटना बुधवार दोपहर करीब 12 बजे हुई। जिस समय हादसा हुआ उस समय मौके पर कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था। पंचायत प्रधान सरला चौहान ने बताया कि समलाह गांव के कृष्ण चंद बुधवार दोपहर करीब बारह बजे के करीब घर से तकरीबन एक किलोमीटर दूर बष्याड में अपनी खेतीबाड़ी व घास वाली जमीन की तरफ गए थे। इस दौरान वहां पर उन्होंने अपनी जमीन से झाड़ियां व खरपतवार आदि की कटाई छंटाई की। झाड़ियों व खरपतवार को इक्कठ करने के बाद इसे जलाने के लिए आग लगा दी। एकाएक आग की लपटें तेज हो गई व आस पास की जमीन में आग फैल गई। आग की लपटें अन्य लोगों की जमीन या रिहायशी घरों की तरफ न जाए तो इसके लिए बुजुर्ग ने आग को बुझाने की कोशिश की। इस दौरान बुजुर्ग आग की लपटों में आ गया। इस कारण बुर्जग का शरीर पूरी तरह झुलस गया। स्थानीय लोगों ने बुजुर्ग को जला हुआ देखा जिसके बाद बुजुर्ग को भराड़ी अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया गया। भराड़ी थाना प्रभारी देवानंद ने मामले की पुष्टि की है।

### शिमला में आग का तांडव जारी

**शिमला।** राजधानी शिमला के जंगलों में भारी गर्मी के चलते आग अपना विक्राल रूप धारण कर रही है। बुधवार को जंगल की आग बालिका आश्रम टुटीकंडी तक पहुंच गई। इससे लोगों के बीच अफरा-तफरी मच गई। हालांकि बीते दिन भी यहां पर आग का क्रम जारी था, लेकिन आग अभी भी बुझने का नाम नहीं ले रही है। स्थानीय लोगों सहित दमकल विभाग के कर्मी आग बुझाने में जुटे हुए है। आग यही नहीं बल्कि शिमला के चारों तरफ, तारादेवी, मशोबरा, घनाटी, गोलछा सहित अन्य जगलों में लगी है। करोड़ों की वन संपदा आग की भेंट चढ़ गई है। कई जीव जंतु अपनी जान से हाथ धो बैठें है। गर्मियों के मौसम में आग से जंगलों को खासा नुकसान उठाना पड़ रहा है। चारों तरफ धुंए का गुबार उठ रहा है। पिछले तीन दिनों से आग लगी हुई है जिसको अभी तक काबू नहीं किया जा सका है। धुंए की वजह से वाहन चालकों को भी गाड़ियां चलाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक से की 25 लाख रुपए की ठगी

**शिमला।** राजधानी शिमला में फ्लैट बेचने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। मोहम्मद दिलशाद निवासी भागड़ा भवन सब्जी मंडी शिमला ने सदर थाना में मामला दर्ज करवाया है कि प्रॉपर्टी डीलर अजय व जुगल किशोर ने लक्कड़ बाजार में उसे फ्लैट बेचने के नाम पर उससे 25 लाख रुपए एडवांस लेकर उसके साथ ठगी की है। पुलिस ने धारा 420 व 120 बी भारतीय दंड संहिता में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### अपमानजनक पोस्ट डालने पर एफआईआर

**शिमला।** फेसबुक अकाउंट कांग्रेस के खिलाफ अपमानजनक पोस्ट डालने का मामला सामने आया है। थाना सदर में नरेश वर्मा व अजय ठाकुर कांग्रेस पार्टी के कानूनी सलाहकार ने एफआईआर दर्ज करवाई है कि नीलम राजपूत ने अपने फेसबुक अकाउंट पर कांग्रेस पार्टी की छवि को धूमिल करने तथा चुनाव को प्रभावित करने के इरादे से अपने फेसबुक अकाउंट पर कांग्रेस पार्टी के बारे में अपमानजनक पोस्ट डाली है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### तीन परिवारों ने थामा कांग्रेस का दामन

**कोटखाई।** आज कोटखाई तहसील के उबादेश क्षेत्र की ग्राम पंचायत कलबोग से बिट्टू राजटा, विनी राजटा और अनुज भलेईक ने अपने परिवार सहित शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली और क्षेत्र में हो रहे विकासात्मक कार्य को देखते हुए कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल नावर कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने कांग्रेस पार्टी पर विश्वास व्यक्त करने के लिए आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा।

### हेमराज शर्मा ने थामा कांग्रेस का हाथ

**बिलासपुर।** ग्राम पंचायत पड़्यालग के सब्जी विक्रेता हेमराज शर्मा जो पुराने ट्रांसपोर्टर भी रहे हैं ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। यह जानकारी ठाकुर हीरा पाल सिंह कांग्रेस प्रदेश सचिव व राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के हमीरपुर प्रभारी ने दी। उन्होंने कहा कि हेमराज शर्मा की अपने क्षेत्र में एक बहेतर छवि वाले व्यक्ति है। इस बारी अनुराग ठाकुर का साथ छोड़कर सतपाल सिंह रायजादा के पक्ष में कांग्रेस की नीतियों पर विश्वास करते हुए कांग्रेस का साथ देने का वचन लिया है। मंगलवार को उन्होंने चाय पर चर्चा के दौरान हेमराज शर्मा से कांग्रेस की गतिविधियों और कार्यक्रमों के बारे में बातचीत की। उन्होंने इस बार कांग्रेस के पक्ष में पूर्व जोर लगाने की बात कही है। इस संबंध में उन्होंने बोला कि पिछले 20 वर्ष में हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए अनुराग ठाकुर ने कुछ नहीं दिया। उनके सांसद का कार्यकाल बहुत ही नुकसानदायक रहा। हमीरपुर के लोगों के लिए खासकर हिमाचल के लोगों के लिए उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह व सतपाल सिंह राय ज्यादा के पक्ष में काम करने का निर्णय लिया है। हीरा पाल सिंह ने बताया कि उनको बहुत ही जल्दी संगठन की जिम्मेदारी भी दी जाएगी। उनका चुनाव के बाद राजीव गांधी पंचायती राज संगठन में एडजस्ट किया जाएगा।

### स्काउट एंड गाइड इकाई का किया पुनर्गठन

**बिलासपुर।** बिलासपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जामली में भारत स्काउट एंड गाइड का पुनर्गठन किया गया। स्काउट मास्टर नरेश गुप्ता ने बताया कि लाइन व टाइगर पेट्रोल में विक्रांत, संतोष, गोपाल, अमन, रोहित, अनिल, हर्ष, पंकज, शिवांश, कार्तिक, सागर व दिव्यांश का चयन किया गया। जबकि रोज व लिली पेट्रोल में प्रीति, भारती, कंचन, ममता, पूजा, सारिका, निशा, आराधना, श्रद्धा, तन्वी व रितिका का चयन किया गया। ग्रुप लीडर व प्रधानाचार्या डॉक्टर पूजा शर्मा ने बताया स्काउट एंड गाइड के पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस वर्ष पाठशाला के एक स्काउट व एक गाइड राष्ट्रपति पुरस्कार की परीक्षा में भाग लेंगे। जबकि चार स्काउट और गाइड को दीक्षा संस्कार करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत स्काउट एवं गाइड एक गैर राजनीतिक संस्था है और सभी छात्र-छात्राओं को इसकी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस मौके पर पाठशाला के राज्य पुरस्कार प्राप्त स्काउट शिवम वह गाइड रितिका ने नए स्काउट व गाइड को स्काउट नियम, प्रतिज्ञा, उद्देश्य, सिटी के संकेत, व कैंप फायर आदि से अवगत करवाया।

### बच्चों ने मतदान के लिए किया जागरूक

**सुन्नी।** सुन्नी में रैली के माध्यम से मतदान के लिए जागरूक किया गया। पुलिस थाना से आरंभ हुई इस रैली में माया पब्लिक स्कूल सुन्नी की छात्राओं सहित सुन्नी थाना में चुनाव ड्यूटी में आए मध्य प्रदेश पुलिस व थाना पुलिस सुन्नी के जवानों द्वारा सुन्नी के मतदाताओं को शांति पूर्वक मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान सुन्नी बाजार में फ्लैग मार्च का आयोजन किया गया तथा बच्चों द्वारा बांए गए पोस्टरों के माध्यम से मतदान के प्रति जागरूक किया गया। थाना प्रभारी सुन्नी दिलु राम की अगुआई में आयोजित इस मतदाता जागरूक रैली के माध्यम से आमजन को मतदान के लिए प्रेरित किया गया।

### आठ परिवारों ने छोड़ा भाजपा का साथ

**कोटखाई।** कोटखाई तहसील के उबादेश क्षेत्र की ग्राम पंचायत बाघी से संदीप रंजटा, ग्राम पंचायत कलबोग से बिट्टू राजटा, विनी राजटा, अनुज भलेईक, ग्राम पंचायत रतनाड़ी के खमारवी गांव से प्रेम भोलटा, जुब्बल तहसील के ग्राम पंचायत नंदपुर से कमल ठाकुर, ग्राम पंचायत बढाल के शड़ाहना से हरीश मलोकटा, ग्राम पंचायत सारी से प्रीतम मास्टा, ग्राम पंचायत नकराड़ी से मोहिंद्र सिंह परिवार सहित शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की कार्यशैली से प्रभावित होते हुए भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सभी का कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया।

### 31 तारीख से शुरू होगी काउंसलिंग प्रक्रिया

**बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में शुक्रवार को सेल्फ फाइनेंसिंग कोर्सेज बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) प्रथम वर्ष/ सेमिस्टर, बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) प्रथम वर्ष/ सेमेस्टर, बैचलर ऑफ टूर एंड ट्रैवल मैनेजमेंट (बीटीटीएम) प्रथम वर्ष/ सेमिस्टर और बीएससी (ऑनर्स) बायो टेक्नोलॉजी प्रथम वर्ष/ सेमेस्टर की सेंट्रेलाइज्ड काउंसलिंग की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने कहा कि सेंट्रलाइज्ड काउंसलिंग के लिए सभी प्रशासनिक समितियां बना ली गई हैं और इस सेंट्रलाइज काउंसलिंग की प्रक्रिया महाविद्यालय परिसर के मल्टीपरपज हॉल में की जाएगी। इन सभी संबंधित कोर्स के लिए एप्लिकेंट सुबह ठीक 9:30 बजे महाविद्यालय परिसर में पहुंच जाएं। काउंसलिंग में एप्लिकेंट का आना अनिवार्य है जो एप्लिकेंट काउंसलिंग में नहीं आएगा वह एडमिशन प्रोसेस से बाहर हो जाएगा। डॉ. कटवाल ने बताया कि महाविद्यालय में चल रहे प्रोफेशनल कोर्स बीबीए में सीटो की संख्या 60, बीसीए में 60, बीटीटीएम में 40 और बीएससी, बायोटेक में सीटों की संख्या 30 रखी गई है। इसके अलावा हर कोर्स में दस सीट ईडबल्यूएस और एक सीट सिंगल गर्ल चाइल्ड के लिए सुरक्षित रखी गई है। इन कोर्स में प्रवेश के लिए पहली मेरिट लिस्ट 31 मई को निकाली जाएगी। चुने गए अभ्यर्थी 31 मई से तीन जून 2024 तक अपनी फीस जमा करवा सकते है।

### डंगार चौक में टूटा हैंडपंप, पानी की किल्लत

**डंगार चौक।** घुमारवीं उपमंडल के ग्राम पंचायत डंगार के अंतर्गत आने वाले डंगार चौक में स्कूल रोड पर लगे हैंडपंप को मंगलवार की रात किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर कर तोड़ कर भाग गया। वाहन की टक्कर से हैंडपंप की मेन पाइप व मोटर के लिए बने लोहे के डब्बे को तोड़ दिया है। इससे डंगार चौक में पानी के लिए दिक्कत हो गई है। यह हैंडपंप पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने डंगार चौक पीने के पानी की समस्या से निजात दिलाते हुए लगवाया था। इसे पिछली रात शरारती तत्वों ने वाहन से टक्कर मार कर हैंडपंप को तोड़ कर भाग गए। सुबह-सुबह पानी भरने के लिए आने वाले लोगों को पानी की समस्या से जुझना पड़ा क्योंकि यह एक मात्र सरकारी हैंडपंप डंगार चौक में है, जिससे पीने योग्य पानी निकलता है। अब इसका टूट जाने से डंगार चौक मे फिर से भीषण गर्मी मे पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है।

## मेन लाइन में लीकेज से बर्बाद हो रहा लाखों लीटर पानी

### मौके पर पहुंचे महापौर, अधिकारियों को लीकेज रोकने के दिए सख्त निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में गर्मियों में पानी का संकट गहरा गया है। कई क्षेत्रों में दो से तीन दिन बाद लोगों को पानी मिल रहा है। वहीं शहर में लोग पानी के लिए तरस रहे हैं और पानी की मुख्य लाइनों में से लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है।

मशोबरा में पानी की मुख्य लाइन से पानी लीकेज हो रहा था और पानी खुले में बह रहा था। इसका वीडियो बना कर स्थानीय लोगों ने नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान को भेजा। वहीं, महापौर भी अधिकारियों के साथ बुधवार को मशोबरा पहुंचे और मौके का जायजा लिया और अधिकारियों को लीकेज को बंद करने के निर्देश दिए। नगर निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि मशोबरा में पानी की लीकेज की शिकायत मिली थी और यहां पर आज अधिकारियों के साथ आए हैं। अधिकारियों को यहां पर लीकेज बंद करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि शिमला के लिए जो पाइपलाइन बिछाई गई है। वह काफी पुरानी है, जिसके चलते पानी काफी जगह से लीकेज हो रही है। इससे पानी बर्बाद हो रहा है। उन्होंने कहा कि शिमला में पानी का वैसे भी इन दोनों संकट गहराया हुआ है और यदि लीकेज पूरी तरह से रोक दी जाए तो पानी की समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है। गुम्मा से जो शिमला के लिए पानी की लाइन 100 साल पुरानी है। इसे बदलने का लेकर भी कार्य शुरू किया गया है जिस पर 4 करोड रुपए खर्च होंगे। इससे पानी की लीकेज काफी हद तक बंद की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि शिमला शहर में हर रोज 40 एमएलडी पानी आ रहा है। बावजूद इसके दो लाख की आबादी को पानी न मिलाना यह चिंता का विषय है इसको लेकर जल निगम के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए हैं।




**40 से 42 एमएलडी पानी की है जरूरत**

**बता** दें शिमला शहर में इन दोनों पानी का संकट गहराया और कई क्षेत्रों में तीन दिन बाद भी लोगों को पानी मिल रहा है। हालांकि शिमला शहर में 40 से 42 एमएलडी पानी की जरूरत रहती है और इन दोनों भी 40 के करीब एमएलडी पानी आ रहा है। बावजूद इसके शिमला शहर के लोगों को पानी नहीं मिल रहा है जल निगम का तर्क है कि पर्यटन सीजन के चलते पानी की ज्यादा खपत रहती है और परियोजनाओं में भी पानी का स्तर कम हो गया है।

## पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे बासी गांव के ग्रामीण

**जगदीश सेठी, डंगार चौक**

घुमारवीं उपमंडल के तहत आने वाले हरित्लयांगर गांव के गांव भोला में एनएच सड़क के पार वाले गांव बासी पानी की बूंद-बूंद को पिछले कई सालों से तरस रहे हैं, लेकिन वाटर गार्ड की मनमानी के कारण पानी की समस्या से निजात नहीं मिल रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरित्लंयांगर उठाऊ पेयजल योजना जो की बोरवेल से पेयजल योजना बनाई गई है। उसमें दरअसल पानी की कमी नहीं है। जोकि मात्र हरित्यांलंगर गांव के लिए ही बनाई गई है। और उसमें दो कर्मचारी तैनात हैं एक पंप ऑपरेटर और दूसरा पानी छोड़ने के लिए वाटर गार्ड। कई बार लोगों ने विभाग से शिकायत की और पानी की समस्या से अवगत करवाया गया, लेकिन समस्या का अभी तक हल नहीं निकल पाया है। हार कर लोगों ने 1100 नंबर पर कंप्लेंट की और पानी की समस्या को हल करवाया जाए। लेकिन कोई भी समाधान नहीं हुआ। गांव के लोगों जगदीश चंद्र, प्रेमलाल, सुशील कुमार, ईश्वर दास, आशा कुमारी, शांति देवी, उत्तम चंद, सरोज कुमारी आदि ने बताया कि 1100 नंबर पर कंप्लेंट करने की बावजूद भी पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ।

पिछले कल लोगों ने हिमाचल प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्मानी से भी पानी की समस्या के बारे में अवगत करवाया कि हमें पानी नहीं मिल रहा है तो उन्होंने कहा कि विभाग को अभी बोलता हूं। उधर, इस संदर्भ में जब जल शक्ति विभाग घुमारवीं के जूनियर इंजीनियर रोहित चंदेल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि पानी की समस्या को हल कर दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## सुक्खू कर रहे जनता को भटकाने का काम : नंदा

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने आज एक महत्वपूर्ण बयान जारी किया। उन्होंने बताया कि भाजपा हिमाचल प्रदेश का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व मंत्री आरडी कश्यप की अगुवाई में आज शिमला में चुनाव आयोग से मिला।

प्रतिनिधिमंडल में पूर्व रिटायर्ड आईएएस जेसी शर्मा और पूर्व मेयर कुसुम सदरेट भी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग को एक मेमोरेंडम सौंपा, जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रचार में लगाए गए आरोपों की कड़ी निंदा की गई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दावा किया था कि 55 लाख रुपए पकड़े गए है, जो कि निराधार, गलत और तथ्यों से परे है। कर्ण नंदा ने अपने बयान में कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू राजनीतिक वातावरण को खराब करने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें चुनाव में अपनी हार का आभास हो रहा है। भाजपा का मानना है कि मुख्यमंत्री का यह बयान केवल जनता का ध्यान भटकाने के लिए है। भाजपा ने चुनाव आयोग से मांग की है कि यदि 55 लाख रुपए की सामग्री का आरोप सही है, तो मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि वह राशि किस होटल से प्राप्त हुई और किस सरकारी खाते में जमा की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी झूठ की राजनीति कर रही है और केवल वोट बटोरने की कोशिश में जुटी है। भाजपा ने चेतावनी दी है कि अगर ये आरोप सिद्ध नहीं होते हैं, तो भाजपा उग्र रुख अपनाएगी और कानूनी नोटिस जारी करेगी। भाजपा ने मुख्यमंत्री से सार्वजनिक माफी की मांग की है और कहा है कि अगर आरोप सिद्ध नहीं होते हैं तो मुख्यमंत्री को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।



रोहड़ू। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व पूर्व प्रदेश सचिव मंजीत सिंह ठाकुर ने बुधवार को जिगाह वैली के आंध्रा, गुशाली, पंचायत घर, कांथली, धगोली, जांगला, नंदला व झलवाडी गांव में लोगों से जन संवाद कर शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के पक्ष में प्रचार किया और लोंगों से उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की है। इस दौरान भारी संख्या में महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री को आपदा के समय क्यों नहीं आई हिमाचल के लोगों की याद: धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल प्रदेश में चार सीटों पर लोकसभा चुनाव व छह सीटों पर विधानसभा उपचुनाव होने में महज दो दिन शेष रह गए हैं।

ऐसे में भाजपा व कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवारों की जीत के लिए राजनीतिक दलों के नेता लगातार चुनावी जनसभाओं व नुक्कड़ सभाओं में शिरकत कर अपने-अपने उम्मीरवारों के पक्ष में वोट की अपील कर रहे हैं। इसी के मद्देनजर हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने भी घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की बाड़ी मझेडवां, पट्टा, छत, पलासला, करलोटी व डंगार सहित 16 पंचायतों में आयोजित नुक्कड़ सभाओं में शिरकत की।

वहीं, इस दौरान कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश को अपना दूसरा घर कहने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आपदा के समय हिमाचल के लोगों को अकेला छोड़ गए। आपदा के समय जब पूरा हिमाचल एकसाथ त्रासदी से लड़ रहा था तब पीएम नरेंद्र मोदी को हिमाचल के लोगों की याद नहीं आई और अब वोटों की राजनीति के लिए अपनेपन का नाटक कर रहे हैं। साथ ही राजेश धर्माणी ने कहा कि इस वार चुनावी माहौल वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले बिलकुल अलग है और इस बार मोदी लहर कहीं भी नजर नहीं आ रही है।

## चुनावों को लेकर शराब के ठेके रहेंगे बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में लोसकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में तीन दिन शराब के ठेके बंद रहेंगे। ऐसे में शराब पीने के शौकिनों को शराब के लिए प्रतिक्षा करनी पेड़ेगी। आबकारी एवं कराधान विभाग ने सभी शराब विक्रेताओं को इन तीन दिनों तक शराब न बेचने की हिदायत दे दी है।

हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। 30 मई शाम छह बजे से लेकर एक जून को मतदान खत्म होने तक प्रदेश में शराब के ठेके बंद रहेंगे। इसके बाद 2 जून रविवार को ही शराब के ठेके दोबारा खुलेंगे। वहीं 30 मई शाम 6 बजे से लेकर 1 जून को मतदान खत्म होने के बीच अगर कोई विक्रेता ठेके से शराब बेचते हुए पकड़ा जाता है या फिर ऐसी कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उन विक्रेताओं का शराब के ठेके का लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रक्रिया प्रभावित न हो, इसके लिए ड्राई डे के दौरान शराब के ठेकों के अलावा रेस्तरां, बार और होटल में भी शराब नहीं परोसी जा सकेगी। आबकारी एवं कराधान विभाग के मुताबिक आदेशों का सख्ती से पालन करवाने के लिए फील्ड को जरूरी दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। विभागीय टीम ड्राई के दौरान दबिश अभियान चलाएंगी। संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी। वहीं हिमाचल में चार जून को मतों की गिनती होनी है।

## पोलिंग पार्टियों के सभी कर्मचारी गंभीरता से करें अपनी ड्यूटी : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला में मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों में तैनात सभी कर्मचारी गंभीरता व निष्ठा पुर्वक दायित्व के तहत लोकतंत्र की सुदृढ़ता के लिए कर्तव्य का निर्वाहन करे।

जिला निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बिलासपुर सदर के अंतर्गत बहु-उद्देशीय सांस्कृतिक परिसर रौडा सेक्टर में पोलिग पार्टियों के अतिंम पूर्वाभाष के दौरान अपने संबोधन के निर्देश दिए। उन्होंनें कहा कि पूर्वाभाष कार्यक्रम में पोलिंग पार्टियों द्वारा किए जाने वाले आवश्यक कार्यों व ध्यान योग्य रखने वाले बिंदुओं तथा वर्ती जानी वाली सावधानियों के प्रति विस्तृत रूप से जानकरी उपलब्ध करवाई गई। उन्होंने विशवास जताया कि सभी अधिकारी व कर्मचारी तत्पररता से करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या उत्पन्न होने पर प्रोटोकॉल के हिसाब से अधिकारियों से संपर्क कर त्वरित निवारण के लिए कार्य करें। उन्होंने बताया कि कल पूरी पार्टियों को अपने-अपने गणतव्य की आरे रवाना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला में 418 मतदान केंद्रों के लिए कुल 2055 कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसमें 507 प्रजाइडिंग अधिकारी, 507 प्रथम पोलिंग अधिकारी 1041 पोलिंग अधिकारी शामिल है। उल्लेखनीय है कि 46 झंडूता (अज) में 526, 47 घुमारवीं में 542, 48 बिलासपुर में 500, तथा 49 श्रीनयनादेवी निर्वाचन क्षेत्र में 487 अधिकारियों व कर्मचारियों को यह प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**परेशानी** | चमियाना हॉस्पिटल में रोजाना 150 के लगभग ओपीडी, रोड पर ही हांफ रहे वाहन

## अस्पताल पहुंचने के लिए कच्ची सड़क ले रही मरीजों का इम्तिहान

**आशिमा वैरागी, शिमला**

चमियाना अस्पताल में 125 से 150 तक की ओपीडी होती है। मरीजों के लिए अस्पताल में टोकन सुविधा प्रदान की गए है। इसके कारण मरीजों को लाइन में खड़ा नहीं होना पड़ता है। सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के प्रिंसिपल डाक्टर रजनीश पठानिया ने कहा कि सड़क का काम चल रहा है। जल्द ही सड़क की हालत बेहतर होगी।

उन्होंने कहा कि मरीजों को परेशानी न हो, इसलिए निगम की टैक्सियां भी चल रही है। सड़क का काम पूरा होने के बाद ही बस सेवा शुरू हो सकेगी। अस्पताल प्रशासन ने भी अतिरिक्त टैक्सियां चलाने की मांग सरकार को भेजी है। भट्टाकुफर से लेकर अस्पताल तक दो किलोमीटर का सफर है, लेकिन अस्पताल में मरीज के ठीक होने से ज्यादा इस सड़क को पार कर अस्पताल व वापसी में भट्टाकुफर पहुंचने की चिंता सताती है। सड़क का भले ही काम लगा है, लेकिन अभी तक कच्ची, संकरी व तीखी सड़क को पार करते हुए अस्पताल पहुंचना पड़ रहा है। अस्पताल में न्यूरो विभाग को शिफ्ट किया है। प्लास्टिक सर्जरी विभाग भी यहीं से चल रहा है।

इन दोनों ही विभागों के मरीजों को यहां लेना स्वजनों की मजबूरी है। हालांकि सड़क को पक्का कर दिया तो यदि भट्टाकुफर से चमियाना अस्पताल का रास्ता सही होता तो 10 मिनट में अस्पताल पहुंच सकते थे, लेकिन सड़क ठीक न होने के कारण आधा घंटे से ज्यादा का समय अस्पताल पहुंचने में लग जाता है। साथ ही दूसरी तरफ से आने वाले वाहन का डर भी सताता है। (अनंत ज्ञान)



अस्पताल को जाने वाला रास्ता

**अस्पताल तक पहुंचना बना चुनौती**

**अरबों** रुपए की लागत से सरकार ने चमियाना में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण किया है। इस अस्पताल में करोड़ों रुपए की मशीनें लगाई हैं। राज्य के किसी अस्पताल में ऐसी आधुनिक मशीनें नहीं हैं, न्यूरोलाजी से लेकर प्लास्टिक सर्जरी तक के अहम विभागों का इस अस्पताल से संचालन हो रहा है। मरीजों को अस्पताल में पहुंचाने स्वजनों से लिए चुनौती बनी है। कच्ची व संकरी सड़क पर हिचकौले खाते हुए मरीजों को पहुंचना पड़ रहा है।

**मरीज ले रहे टैक्सियों का सहारा**

**अस्पताल** जाने के लिए ज्यादा बस जाने की सुविधा भी नहीं है। लोगों को टैक्सी करके अस्पताल पहुंचना पड़ता है या अपना निजी वाहन अस्पताल ले जाना पड़ता है। अस्पताल के लिए एचआरटीसी की दो टैक्सी जाती है। जो सुबह व शाम के समय ही अस्पताल जाती है। दिन के किसी भी प्रकार की कोई भी टैक्सी अस्पताल नहीं जाती है। इसके कारण मरीजों को मजबूरी में टैक्सी करनी पड़ी है। टैक्सी वाले भट्टाकुफर से चमियाना अस्पताल के लिए 400 रुपए लेते है। बस स्टैंड से अस्पताल पहुंचने के लिए 800 रुपए लग जाते है।

### मासिक धर्म पर लड़कियों को किया जागरूक

**जुन्गा (शिमला)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला शिमला के सौजन्य से बुधवार को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लक्कड़ बाजार तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूल आर्य समाज में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी शिमला डॉ. राकेश प्रताप ने की। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म महिलाओं में होने वाला एक सामान्य प्राकृतिक मासिक रक्तस्राव है। जोकि सामान्यत 10 से 15 वर्ष के बीच आरंभ हो जाता है। इस बारे मासिक धर्म की पूर्ण जानकारी होना प्रत्येक छात्रा, किशोरियों को होना अनिवार्य है अन्यथा अस्वच्छता के कारण प्रजनन संक्रमण का खतरा हो सकता है। उन्होंने बताय कि एक स्वस्थ कन्या-एक स्वस्थ किशोरी- एक स्वस्थ महिला- एक स्वस्थ राष्ट्र की निर्माता होती है।

# न्यूज ब्रीफ

## चतुर्थ केदार रुद्रनाथ का यात्रा मार्ग फूलों से गुलजार



गोपेश्वर। पंच केदारों में चतुर्थ केदार रुद्रनाथ का यात्रा मार्ग इन दिनों हिमालयी फूलों से गुलजार हो गया है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु जहां भगवान रुद्रनाथ के एकानन रूप के दर्शन करने पहुंच रहे हैं, वहीं यात्रा मार्ग के नैसर्गिक सौंदर्य को देख अभीभूत हैं। चमोली जिले में समुद्र तल से 11 हजार आठ सौ फुट की ऊंचाई पर स्थित चतुर्थ केदार भगवान रुद्रनाथ मंदिर की यात्रा पंच केदारों में सबसे कठिन है, लेकिन यहां करीब 18 किलोमीटर की पैदल दूरी की दुश्वारियों पर शिव भक्तों की श्रद्धा इन दिनों भारी पड़ रही है।

## पाकिस्तानी ड्रोन पर बीएसएफ ने की फायरिंग



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने एक संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन पर कई राउंड फायरिंग की। अधिकारियों ने बताया कि पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास खानेतर चौकी पर जवानों ने ड्रोन की गतिविधि देखी। जवानों ने ड्रोन पर कई राउंड फायरिंग की। इलाके में तुरंत अलर्ट जारी किया गया। इसके बाद यह पता लगाने के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया कि ड्रोन से हथियार, ड्रग आदि गिराने की योजना तो नहीं थी। अधिकारियों ने कहा कि अभी तक ऐसी कोई बरामदगी नहीं हुई है। क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन जारी है।

## गोंडा: बीजेपी प्रत्याशी के काफिले ने रौंदे बाइक सवार



**नई दिल्ली।** गोंडा में बीजेपी सांसद बृजभूषण सिंह के बेटे करण भूषण के काफिले की एसयूवी कार फॉर्च्यूनर और बाइक के बीच एक्सीडेंट हुआ है। एक्सीडेंट में बाइक पर सवार दोनों लोगों की मौत हो गई है। गोंडा के एसपी राधे श्याम राय ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। करण भूषण सिंह के काफिले की जिस कार से एक्सीडेंट हुआ है वह बृजभूषण शरण सिंह के कॉलेज नंदिनी एजुकेशन इंस्टीट्यूट के नाम से रजिस्टर्ड है। बीजेपी ने इस बार गोंडा से बृजभूषण सिंह का टिकट काट दिया है। उनके स्थान पर बृजभूषण के बेटे करण भूषण को उम्मीदवार बनाया है।

## मध्य प्रदेश में एक ही परिवार के आठ लोगों की हत्या

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर परिवार के आठ लोगों की हत्या कर फांसी लगा ली। यह घटना तामिया तहसील के बोदल कछार गांव की है। पुलिस इस घटना की जांच कर रही है, अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि किस वजह से व्यक्ति ने इस घटना को अंजाम दिया। छिंदवाड़ा पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मुताबिक, इस व्यक्ति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और उसका इलाज भी चल रहा था। पुलिस के मुताबिक दिनेश ने सबसे पहले अपनी पत्नी पर कुल्हाड़ी से वार किया। उसके बाद उसने मां, बहन, भाई, भाभी और दो भतीजियों और भतीजे की हत्या की। दिनेश ने अपने ताऊ के बेटे पर भी हमला किया, जो घायल है। घटनास्थल से कुछ ही दूर एक पेड़ से उसका शव लटकता हुआ मिला।

## नक्सलियों ने कंटेनर समेत कुक को जिंदा जलाया



**रांची।** राजधानी रांची से करीब 60 किलोमीटर दूर स्थित मैकलुस्कीगंज-चामा रोड में नक्सलियों ने बुधवार देर रात कंटेनर गाड़ी के साथ-साथ एक व्यक्ति को भी जिंदा जला दिया है। इस बीच नक्सलियों ने जमकर उत्पात मचाया है। इस घटना के बाद से इलाके में डर का माहौल बना हुआ है। आगजनी की घटना में नक्सलियों ने कंटेनर गाड़ी के साथ-साथ एक व्यक्ति को जिंदा जलाया है। मृतक व्यक्ति कुक का काम करता था। सूचना मिलने के बाद से ग्रामीण एसपी, खलारी थानेदार विजय सिंह, मैकलुस्कीगंज थानेदार समेत पुलिस बल मौके पर पहुंच कर जांच कर रहे हैं।

## नस्ली कोटे पर बोले डिविलियर्स, इसमें कुछ नया नहीं




**नई दिल्ली।** एबी डिविलियर्स इस बात से हैरान नहीं हैं कि दक्षिण अफ्रीका के पहली बार विश्व कप जीतने के अभियान को शुरू करने से कुछ दिन पहले स्वदेश में सिर्फ टीम में नस्ली कोटे को लेकर बात चल रही है। इस तरह की स्थिति पहले भी रही है और 2018 में संन्यास लेने वाले डिविलियर्स को खुशी है कि अब वह इस स्थिति के महज दर्शक हैं। डिविलियर्स ने कहा, ''इस पर ध्यान केंद्रित करते हुए टूर्नामेंट में जाना शर्मनाक है। मेरा मतलब है कि यह कोई नई बात नहीं है, यह सिर्फ एक शर्म की बात है।'' उन्होंने कहा, ''सौभाग्य से इस बार मेरा वहां कुछ भी लेना-देना नहीं है। मैं सिर्फ एक दर्शक हूं।'' नाराजगी का कारण एक जून से कैरेबिया और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए टीम में सिर्फ एक अश्वेत अफ्रीकी खिलाड़ी की मौजूदगी है।

## मार्टिन बने राष्ट्रीय पुरुष टीम के अंतरिम कोच



**याउंडे।** कैमरून फुटबॉल महासंघ ने घोषणा की है कि उसने कई सप्ताह के तनाव और संकट के बाद एक आपातकालीन बैठक के दौरान मार्टिन मपाइल एनडटौंगो को राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया है। महासंघ ने एक बयान में कहा कि वह अप्रैल में टीम का नेतृत्व करने के लिए नियुक्त किए गए बेल्जियम के मार्क ब्रायस को 'अस्वीकार्य व्यवहार' और महासंघ के साथ सहयोग करने से इनकार करने के कारण बर्खास्त कर रहा है। कैमरून की राजधानी याउंडे में महासंघ मुख्यालय में मंगलवार की सुबह संकट बैठक शुरू होने से पहले महासंघ के अध्यक्ष सैमुअल एटो और ब्रायस के बीच वीडियो कॉन्फ्रेंस में कठोर शब्दों का आदान-प्रदान होते देखे जाने के बाद आपातकालीन बैठक आयोजित की गई थी।

## यूटीटी का 5वां सत्र दो नई टीम के साथ 22 अगस्त से

**नई दिल्ली।** अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) का पांचवां सत्र 22 अगस्त से सात सितंबर तक चेन्नाई में होगा, जिसमें जयपुर और अहमदाबाद से दो नई टीम हिस्सा लेंगी। आयोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) के तत्वावधान में इस फ्रेंचाइजी आधारित लीग का आयोजन चार साल बाद पिछले साल हुआ था। नीरज बजाज और वीटा दानी इस लीग के प्रमोटर हैं। यूटीटी की विज्ञप्ति के अनुसार पहली बार लीग में आठ टीम हिस्सा लेंगी। अहमदाबाद एसजी पाइपर्स और जयपुर पैट्रियट्स लीग की दो नई टीम होंगी।

# नवीन बाबू की सेहत गिरने के पीछे कोई षड्यंत्र है क्या : मोदी

**एजेंसी, ओडिशा**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दावा किया है कि ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के स्वास्थ्य को लेकर उनके करीबी चिंता जताते हैं।

पीएम मोदी ने ओडिशा के मयूरभंज में एक रैली को संबोधित करते हुए यह दावा किया। पीएम मोदी ने कहा कि नवीन बाबू के सभी शुभचिंतक हैं, वह यह देखकर परेशान हैं कि नवीन बाबू की तबीयत बीते एक साल में इतनी कैसे बिगड़ गई। वह जब मुझ से मिलते हैं तो नवीन बाबू की तबीयत की चर्चा करते हैं। वह बताते हैं नवीन बाबू अब खुद से कुछ कर नहीं पा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि अरसे तक नवीन बाबू के करीबी रहे लोगों का मानना है कि उनकी (नवीन पटनायक) की तबीयत बिगड़ने के पीछे कोई साजिश है।

## विपक्षी गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों का कर्ज माफ होगा : राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया है कि विपक्षी गठबंधन की सरकार बनने पर देश भर के किसानों का कर्जा माफ किया जाएगा। राहुल गांधी पंजाब के लुधियाना में रैली को संबोधित करने पहुंचे थे।

राहुल गांधी ने कहा कि जैसे ही विपक्षी गठबंधन की सरकार बनेगी, हम हिंदुस्तान के किसानों का कर्जा माफ करेंगे। वे अरबपतियों का कर्जा माफ करते हैं, हम किसानों का कर्जा माफ करेंगे। हम एक बार कर्जा माफ नहीं करेंगे, हम सरकार में एक आयोग बनाएंगे। उसका नाम होगा किसान कर्जा माफी आयोग, जब भी किसानों को कर्जा माफी की जरूरत होगी वह आयोग हमें बताएगा, हम कर्जा माफ करेंगे। फिर चाहे एक बार हो या दो बार या फिर कितनी भी बार।

## जेल से रिहा हुईं आजम खान की पत्नी

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री और समाजवादी पार्टी नेता आजम खान की पत्नी तजीन फातिमा जमानत मिलने के बाद बुधवार को जेल से रिहा हो गई हैं। तजीन फातिमा को बेटे अब्दुल्लाह के फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में सजा हुई थी। तजीन अक्तूबर 2023 से रामपुर जेल में बंद थीं। हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद तजीन फातिमा बुधवार को जेल से रिहा हो गईं। उनके पति आजम खान और बेटे अब्दुल्लाह आजम अभी भी जेल में ही हैं।

## पोप फ्रांसिस ने मांगी माफी



**पेरिस।** पोप फ्रांसिस ने उन रिपोर्टों के बाद माफी मांगी है, जिनमें दावा किया गया था कि उन्होंने समलैंगिक पुरुषों के प्रति काफी अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया था। वेटिकन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि पोप का इरादा किसी को ठेस पहुंचाने का नहीं था और वह उन लोगों से माफी मांगते हैं, जो उनके शब्द के इस्तेमाल से आहत हुए हैं।

## दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज का ओएसडी सस्पेंड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी डॉ. आरएन दास को उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सस्पेंड कर दिया है। प्राइवेट नर्सिंग के रजिस्ट्रेशन में गड़बड़ी मामले में डॉ. दास को निलंबित किया गया है।

जानकारी के अनुसार, उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने चिकित्सा उपकरणों की खरीद में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज के ओएसडी को बुधवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई है। यह कार्रवाई विवेक विहार नर्सिंग के रजिस्ट्रेशन में गड़बड़ी मामले में की गई है।

इसी नर्सिंग होम में नवजात बच्चों की आग की वजह से मौत हुई थी। इस नर्सिंग होम का एक मामला कोर्ट में चल रहा था, उसके बाद भी इसका रजिस्ट्रेशन किया गया था। इस केस में भी डॉ. दास की भूमिका बताई जा रही है।

## दिल्ली: दिन में पारा 52 डिग्री के पार, तो शाम को झमाझम बारिश

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली-एनसीआर में पिछले कुछ दिनों से भयंकर गर्मी का प्रकोप जारी है। बुधवार को दिल्ली में पारा 52.3 डिग्री तक पहुंच गया, जो ऑल टाइम हाई है।

देश में सबसे ज्यादा तापमान दिल्ली के मुंगेशपुर में दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने पहले ही राजधानी में लू का रेड अलर्ट जारी किया हुआ है। इतनी भीषण गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। हालांकि शाम होते-होते दिल्ली-नोएडा वालों को मौसम ने राहत भी दे दी। कई इलाकों में अचानक से मौसम का मिजाज बदल गया और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई।

### दिल्ली में पानी बर्बाद किया तो लगेगा 2000 का जुर्माना



**नई दिल्ली।** दिल्ली में पानी की बर्बादी करने वालों पर कार्रवाई के लिए 200 टीम तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। ये टीम पाइप से कारों की धुलाई करने वालों, पानी की टंकियों से ओवर फ्लो करने वालों और निर्माण या व्यावसायिक जरूरतों के लिए घरेलू जल आपूर्ति का उपयोग करने वालो पर कार्रवाई करेंगी। बर्बादी करने वालों पर 2000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

## राफा में इसरायल ने फिर किया हमला

**एजेंसी, गाजा**



**इसराइल** ने बुधवार को दक्षिणी गाजा शहर राफा में फिर से हमला किया, जिससे भारी तबाही हुई।

इस हमले में कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। इसरायल अपनी कार्रवाई बदलने का कोई संकेत नहीं दिखाया है, जिसके कारण युद्धविराम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय प्रयासों में रुकावट आ रही है। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्र ने कहा कि इसरायली टैंक शहर के मध्य में घुस गए हैं।

### रफह में बमबारी से 37 लोगों की मौत

**इसराइल** की ओर से गाजा के राफा शहर पर सोमवार रात और मंगलवार को की गई बमबारी में 37 लोगों की मौत हुई है। यह वह इलाका है, जहां कुछ दिन पहले विस्थापित फलस्तीनियों के शिविर में आग लग गई थी।

## रूसी सैनिकों के साथ लड़ाई में यूक्रेन के 400 सैनिकों की मौत

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को दावा किया कि यूक्रेन के दोनेल्स्क और लुहांस्क पीपुल्स रिपब्लिक (डीपीआर और एलपीआर) में पिछले 24 घंटों में रूस के जैपैड (पश्चिम) समूह के साथ लड़ाई में 400 यूक्रेनी सैनिकों की मौत हो गई है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यूक्रेनी सशस्त्र बलों को 400 सैनिकों, दो टैंकों और 11 कारों का नुकसान हुआ है। उसने बताया कि समूह ने दो जवाबी हमलों को भी विफल कर दिया है।


## शेयर बाजार धड़ाम; सेंसेक्स 667 अंक लुढ़का, निफ्टी 22,705 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

लोकसभा चुनाव करीब-करीब खत्म होने को हैं और 4 जून को नतीजे आने हैं। इससे पहले शेयर बाजार में निवेशकों के बीच भारी हलचल मची हुई है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक एक तरफ जहां जमकर निकासी कर रहे हैं, तो वहीं अमेरिकी बांड यील्ड में भी मजबूती आने लगी है।

ऐसे में बुधवार 29 मई को बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही लाल निशान में बंद हुए। दो दिन पहले ही इंट्रा डे ट्रेड में ऑल टाइम हाई दर्ज करने वाला सेंसेक्स बुधवार को 667.55 अंक लुढ़ककर 74,502.90 के लेवल पर बंद हुआ। सेंसेक्स में लिस्टेड 30 शेयरों में से 24 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बता दें कि सेंसेक्स 74,826.94 पर ओपन हुआ था। इसी तरह निफ्टी का भी हाल रहा। निफ्टी-50 बुधवार को 183.45 अंकों की गिरावट के साथ 22,704.70 के लेवल पर बंद हुआ, जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी 28 मई को यह 22,888.15 के लेवल पर बंद हुआ था। आज की बात करें तो निफ्टी-50 22,762.75 के लेवल पर ओपन हुआ था।

## पेटीएम का अडानी समूह से बातचीत से इनकार




**नई दिल्ली।** ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने बुधवार को साफ किया कि वह अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए अडानी समूह से बातचीत नहीं कर रही है। हालांकि, अडानी समूह ने भी ऐसी खबरों को गलत और असत्य करार दिया है। वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने जारी बयान में कहा कि हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि यह महज अटकलें हैं और कंपनी इस संबंध में किसी भी चर्चा में शामिल नहीं है।

## नॉर्वे शतरंज : विश्व चैंपियन लिरेन से हारे प्रज्ञानानंदा, वैशाली ने हंपी को हराया

**एजेंसी, स्टावेंगर (नॉर्वे)**



भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में सामान्य टाइम कंट्रोल में विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ ड्रॉ के बाद आर्मागेडोन (सडन डेथ) टाई ब्रेकर बाजी में शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में एक बार फिर सभी तीन क्लासिकल बाजियां ड्रॉ रहीं। मैग्नस कार्लसन, अलीरेजा फिरोजा और लिरेन ने इसके बाद सफेद मोहरों से आर्मागेडोन बाजी खेलते हुए जीत दर्ज की और 1.5 अंक जुटाए। कार्लसन और हिकारू नाकामूरा तथा अलीरेजा और फाबियानो करूआना की क्लासिकल बाजी बराबरी पर छूटी।

महिला वर्ग में आर वैशाली ने साथी भारतीय कोनेरू हंपी को हराकर टूर्नामेंट में पहली क्लासिकल बाजी जीती। वैशाली ने भारत की नंबर एक महिला खिलाड़ी हंपी को पहली बार हराया। इस जीत से वैशाली लाइव रेटिंग में भारत की दूसरे नंबर की महिला खिलाड़ी बन गईं। लेइ टिंगजी और पिया क्रेमलिंग तथा जू वेनजुन और अन्ना मुजिचुक के बीच दो अन्य बाजियां ड्रॉ रहीं। चीन की वेनजुन और टिंगजी ने आर्मागेडोन बाजी में जीत दर्ज करते हुए डेढ़ अंक जुटाए।

## भारत ने गुकेश और लिरेन के विश्व चैंपियनशिप मैच की मेजबानी का किया दावा

**नई दिल्ली।** भारत ने डी गुकेश और मौजूदा चैंपियन चीन के डिंग लिरेन के बीच इस साल नवंबर-दिसंबर में होने वाले विश्व शतरंज चैंपियनशिप मुकाबले की मेजबानी की दावेदारी कर दी है। 17 वर्ष के गुकेश पिछले महीने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने। वह 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच लिरेन का सामना करेंगे और अगर भारत को मेजबानी मिल जाती है तो यह मुकाबला चेन्नई में होगा। फिडे के सीईओ एमिल सुतोवस्की ने पीटीआई से कहा,''हमें भारत से मेजबानी की दावेदारी मिल गई है।''

## सिंगापुर ओपन : पीवी सिंधू दूसरे दौर में, लक्ष्य हारे

**एजेंसी, सिंगापुर**



पूर्व चैंपियन पीवी सिंधू ने बुधवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन लक्ष्य सेन दुनिया के नंबर एक विक्टर एक्सेलसेन से हारकर बाहर हो गए।

सिंधू ने दो साल पहले सिंगापुर में बीडब्ल्यूएफ खिताब जीता था और वह पिछले हफ्ते थाईलैंड ओपन में उपविजेता रही थीं। सिंधू ने दुनिया की 21वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की लिने होजमार्क जार्सफेल्ट पर 44 मिनट तक चले शुरुआती दौर के मुकाबले में 21-12, 22-20 से जीत हासिल की। अब दूसरे दौर में उनकी भिड़ंत रियो ओलंपिक चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन से होगी। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी मारिन का सिंधू के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 11-5 का है। दोनों के बीच डेनमार्क ओपन में पिछला मुकाबला काफी बहस भरा रहा था, जिसमें दोनों खिलाड़ियों को बहस करने के लिए पीले कार्ड दिखाए गए थे।

## जोकोविच ने फ्रेंच ओपन के पहले दौर में पियरे ह्यूजेस हर्बर्ट को हराया

**एजेंसी, पेरिस**



सर्बिया के नोवाक जोकोविच अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के बावजूद पियरे ह्यूजेस हर्बर्ट को सीधे सेट में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने फ्रांस के ह्यूजेस हर्बर्ट को 6-4, 7-6, 6-4 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, ''मैं काफी रोमांचित नहीं होना चाहता। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए अच्छा प्रदर्शन था। ठोस प्रदर्शन। बेशक, मैं बेहतर कर सकता था, मुझे लगता है कि रिटर्न करते हुए मैं बेहतर प्रदर्शन कर सकता था लेकिन काफी अच्छी सर्विस करने के लिए उसे भी श्रेय जाता है।'' जोकोविच दूसरे दौर में स्पेन के 63वें नंबर के खिलाड़ी रॉबर्टो कारबेलास बेइना से भिड़ेंगे।

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम जर्मनी से हारी

**एजेंसी, मोनशेनग्लाबाख (जर्मनी)**



भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम को यूरोप दौरे पर जर्मनी के खिलाफ करीबी मुकाबले में 3-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारत के लिए योगेंबर रावत और गुरजोत सिंह ने गोल दागे। पहले क्वार्टर में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। दोनों टीमों के पास पेनल्टी कार्नर के जरिए बढ़त बनाने का मौका था, लेकिन दोनों टीमों को नाकामी हाथ लगी, जिससे पहला क्वार्टर गोल रहित रहा।

दूसरे क्वार्टर के पांचवें मिनट में ही जर्मनी ने मैदानी गोल के जरिए बढ़त बना ली। भारत ने हालांकि, मध्यांतर से पहले डिफेंडर योगेंबर के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल की मदद से स्कोर 1-1 कर दिया। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और गुरजोत ने इसे गोल में बदलकर टीम को 2-1 से आगे कर दिया।

जर्मनी ने हालांकि एक मिनट बाद ही पेनल्टी कॉर्नर पर गोल दागकर स्कोर 2-2 कर दिया। भारत को अंतिम वार्टर में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए बढ़त बनाने का मौका मिला, लेकिन टीम इसे गोल में बदलने में नाकाम रही। मैच के अंतिम लम्हों में जर्मनी को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और उसने इसका फायदा उठाते हुए 3-2 की बढ़त बना ली जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ।

**आयोजन**

## आईसीसी टी-20 विश्व कप में इस बार टूट सकते हैं कई बड़े रिकॉर्ड

# कोहली-रोहित के पास भारत को आईसीसी ट्रॉफी दिलाने का अंतिम मौका

**एजेंसी, बेंगलुरु/नई दिल्ली**




विराट कोहली और रोहित शर्मा ऐसे दो क्रिकेटर मिलना मुश्किल है जो एक-दूसरे से इतने अलग हों, लेकिन फिर भी भाग्य के धागे से इतने करीब से जुड़े हों। रोहित ने शीर्ष स्तर के क्रिकेट में शुरुआत 2007 में बेलफास्ट में की, जबकि कोहली ने इससे एक साल बाद दांबुला में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। एक साथ चले इस सफर का एक और दिलचस्प अध्याय संभवत: अगले महीने कैरेबियाई द्वीपों में समाप्त हो जाएगा। आईसीसी टी-20 विश्व कप एक से 29 जून तक वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेला जाएगा।

अगला टी-20 विश्व कप 2026 में है जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे, लेकिन तब रोहित 40 साल के होने वाले होंगे और कोहली 38 वर्ष के होंगे। एकदिवसीय (50 ओवर) प्रारूप का विश्व कप इसके एक और साल बाद होगा। खेल की स्ट्राइक रेट से जुड़ी प्रकृति में लगातार इजाफा हो रहा है और इसे देखते हुए इन दोनों को इनमें से किसी में भी खेलते हुए देखना मुश्किल है। इसलिए रोहित और कोहली दोनों अगले महीने विजेता का पदक अपने गले में लटकाए मंच से विदा लेना चाहेंगे। अगर वे ऐसा कर पाते हैं तो यह 2007 टी-20 विश्व कप (रोहित) और 2011 में 50 ओवर के विश्व कप (कोहली) के बाद उनका दूसरा विश्व खिताब होगा।

आईसीसी टी-20 विश्व कप में पिछले कुछ वर्षों में कई रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन हुए हैं, जिसने क्रिकेट इतिहास में कई सुपरस्टार और दिग्गजों के नाम अमर कर दिए हैं। एक जून से यूएसए और कैरिबियन में शुरू होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए टीमें एकत्रित हो रही हैं, जो 20 टीमों के साथ अब तक का सबसे बड़ा टी-20 विश्व कप है, यह कुछ इतिहास बनते हुए देखने का समय है।

### भारतीय टीम से जुड़े हार्दिक पांड्या



**न्यूयॉर्क।** स्टार भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप के उद्घाटन मुकाबले से पहले न्यूयॉर्क में टीम इंडिया में शामिल हो गए। मेन इन ब्लू एक जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बांग्लादेश के साथ अपना एकमात्र अभ्यास मैच भी खेलेगा। बुधवार को इंस्टाग्राम पर पांड्या ने घोषणा की कि वह 'राष्ट्रीय कर्तव्य पर हैं' और टूर्नामेंट से पहले भारतीय टीम से जुड़ गए हैं।

## अभ्यास मैच में ऑस्ट्रेलिया के लिए चयनकर्ता व कोच मैदान में उतरे

**एजेंसी, पोर्ट ऑफ स्पेन**

खिलाड़ियों की कमी के कारण ऑस्ट्रेलिया को नामीबिया के खिलाफ टी-20 विश्व कप के अभ्यास मैच में मुख्य चयनकर्ता और मुख्य कोच सहित सहयोगी स्टाफ के चार सदस्यों को मैदान पर उतराना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद टीम ने आसान जीत दर्ज की।

ऑस्ट्रेलिया ने डेविड वार्नर की 21 गेंद में नाबाद 54 रन की पारी के अलावा फिट हो चुके जोश हेजलवुड (पांच रन पर दो विकेट) तथा लेग स्पिनर एडम जंपा (25 रन पर तीन विकेट) की प्रभावी गेंदबाजी से सात विकेट से जीत दर्ज की। टीम ने नामीबिया के 119 रन के लक्ष्य को 10 ओवर शेष रहते हासिल कर लिया। दो महीने लंबे आईपीएल में हिस्सा लेने के बाद पैट कमिंस, ट्रेविस हेड, मिशेल स्टार्क, कैमरन ग्रीन, मार्कस स्टोइनिस और ग्लेन मैक्सवेल को स्वदेश में ब्रेक दिया गया है और ऐसे में मुख्य चयनकर्ता और पूर्व कप्तान जॉर्ज बैली तथा मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड को क्षेत्ररक्षण के लिए मैदान पर उतरना पड़ा। बैली और मैकडोनाल्ड के अलावा 46 साल के क्षेत्ररक्षण कोच आंद्रे बोरोवेच को भी क्षेत्ररक्षण के लिए आना पड़ा।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मार्श और हेजलवुड जब ड्रेसिंग रूम में लौटे तो मैकडोनाल्ड और 49 साल के बल्लेबाजी कोच ब्रेड हॉज को मैदान पर आना पड़ा।